हनुमानगढ़ जंक्शन
शुक्रवार 21 जून 2024
ज्येष्ठ शुक्ल चतुर्दशी सम्वत् 2081
वर्ष 54 | अंक 167 | ₹ 4.00 | पृष्ठ 12
फोन : 269443, मो. 94140-95543, 99585-95529
Email: dainiktej@gmail.com
आरएनआई रजि. नं. 23549/71, पोस्टल रजि. नं.गंगानगर/29/2024-2026

संस्थापक स्व. डॉ. तेजनारायण शर्मा
राजस्थान, पंजाब, हरियाणा का लोकप्रिय दैनिक

# तेज

**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 77,478.93 | +141.34 |
| निफ्टी | 23,567.00 | +51.00 |
| डॉलर | 83.65 | |

**हनुमानगढ़ का तापमान**

न्यूनतम 29° अधिकतम 38°

# रद्द नहीं होगी नीट परीक्षा

## गड़बड़ी की जांच हाईलेवल कमेटी करेगी, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का ऐलान



**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नीट यूजी परीक्षा को लेकर उठ रहे सवालों का जवाब दिया है और ये भी बताया कि सरकार ने इस बारे में क्या फैसला लिया है. प्रधान ने कहा, नीट परीक्षा रद्द नहीं की जाएगी। विद्यार्थियों का कित हमारी प्राथमिकता है। इससे किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा। हम नीट एग्जाम मामले में हाई लेवल कमेटी बना रहे हैं, जो पूरे केस की जांच करेगी। जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कोई भी गुनहगार नहीं बचेगा। प्रधान ने कहा, बिहार सरकार से हमने जानकारी मांगी है। हम लगातार बिहार सरकार के संपर्क में हैं और पटना से हमारे पास कुछ जानकारी आ रही है। आज भी कुछ रिपोर्ट आई है. पटना पुलिस उस घटना की तह तक जा रही है। मामले की डिटेल रिपोर्ट जल्द मिलेगी, और जो भी इसमें दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ एक्शन लेंगे। पूरे मामले की तह तक जाएंगे, ताकि आगे इस तरह की बातें सामने न आए।

### ‘मैं लेता हूं जिम्मेदारी’

धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, जो गड़बड़ियां सामने आई हैं, मैं उसकी जिम्मेदारी लेता हूं। सारा मामला सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में है. छात्र देश का भविष्य हैं। हम देश का भविष्य सुरक्षित रखना चाहते हैं। पेपर लीक इंस्टीट्यूशनल फेलियर रहा है। हम ये मानते हैं। मैं इसकी नैतिक जिम्मेदारी लेता हूं। दुखद घटना हुई है। चुनौतीपूर्ण समय है। मैं खुद कई छात्रों से मिला हूं। उनकी नाराजगी सही भी है। जो भी कानून के हिसाब से सही होगा, वो हम करेंगे।

### कुछ एरर स्पेसिफिक रूप से हुआ

केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा, परीक्षा की पारदर्शिता के साथ हम कोई समझौता नहीं करेंगे। प्राथमिक जानकारी के अनुसार कुछ एरर स्पेसिफिक रूप से हुआ है। मैं आपको विश्वास दिलाना चाहता हूं कि पुख्ता जानकारी आने पर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देंगे। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) हो या एनटीए में कोई भी बड़ा व्यक्ति, अगर दोषी पाया जाएगा तो उसके खिलाफ एक्शन लेंगे। इस पूरे मामले में प्राथमिकता विद्यार्थियों को दी जाएगी।

### किसी भी तरह का सुधार करने के लिए तैयार

धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के स्ट्रक्चर उसकी फंक्शनिंग, सिक्योरिटी प्रोटोकॉल को और इंप्रुव करने के लिए भी हाई लेवल कमेटी से रिकमेंडेशन लिया जाएगा। हम जीरो एरर की परीक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। छात्र देश के भविष्य हैं। हम राजनीतिक दलों से अपील करते हैं कि अफवाह न फैलाई जाए। इस मामले में राजनीति न की जाए। सरकार किसी भी सुधार के लिए तैयार है।

## अरविंद केजरीवाल को मिली जमानत



**नई दिल्ली।** अरविंद केजरीवाल को शराब घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत मिल गई है। उन्हें 1 लाख रुपए के मुचलके पर दिल्ली की राउड एवेन्यू कोर्ट ने जमानत दी है। इससे पहले उन्हें लोकसभा चुनाव के दौरान उच्चतम न्यायालय के आदेश से जमानत मिली थी। लोकसभा चुनाव का परिणाम आने से पहले ही उन्हें 2 जून को फिर से जेल जाना पड़ा था। अब वह शुक्रवार को जेल से बाहर आ सकते हैं। बताया जा रहा है कि प्रवर्तन निदेशालय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नियमित ... शेष पेज 9 पर

# जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 की दीवार अब गिर चुकी है: मोदी



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के बाद जम्मू कश्मीर के पहले दौरे पर बृहस्पतिवार को यहां पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में आज सही मायने में भारत का संविधान लागू हुआ है क्योंकि सबको बांटने वाली अनुच्छेद 370 की दीवार अब गिर चुकी है। यहां शेर-ए-कश्मीर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने यह बात कही। मोदी ने कहा, ‘जम्मू कश्मीर में आज सही मायने में भारत का संविधान लागू हुआ है और यह सबकुछ हो रहा है क्योंकि सबको बांटने वाली अनुच्छेद 370 की दीवार अब गिर चुकी है।’

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे मोदी

दो दिवसीय दौरे पर यहां पहुंचे मोदी शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान 1,500 करोड़ रुपये की 84 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। उन्होंने कार्यक्रम में 1,800 करोड़ रुपये की कृषि और संबद्ध क्षेत्र की परियोजनाओं की भी शुरुआत की। इन परियोजनाओं को केंद्र शासित प्रदेश के 20 जिलों के 90 प्रखंडों में लागू किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर में सरकारी नौकरियों के लिए 2000 से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।

### भारत अब स्थिर सरकार के नए दौर में प्रवेश कर चुका है

मोदी ने लोकसभा चुनाव में केंद्र शासित प्रदेश में रिकॉर्ड मतदान का उल्लेख करते हुए कहा, ‘जम्मू-कश्मीर के युवाओं ने इस लोकसभा चुनाव में लोकतंत्र की जीत सुनिश्चित की है।’ उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा, ‘भारत अब स्थिर सरकार के नए दौर में प्रवेश कर चुका है इससे हमारा लोकतंत्र और मजबूत हुआ है और इस लोकतंत्र की मजबूती में जम्मू कश्मीर की आवाम की बहुत बड़ी भूमिका रही है। आपने इस चुनाव में जम्हूरियत को जिताया है आपने पिछले 35-40 सालों का रिकॉर्ड तोड़ा है।’

# गहलोत सरकार के ग्रामीण और शहरी ओलिंपिक बंद होंगे

### सीएम भजनलाल बोले- खेलो राजस्थान यूथ गेम्स करवाएंगे; इस साल 70 हजार भर्तियां होंगी



**जयपुर।** कांग्रेस राज में शुरू हुए ग्रामीण और शहरी ओलिंपिक को भजनलाल सरकार बंद करके नए कलेवर में लाने पर विचार कर रही है। भजनलाल सरकार खेल कॉम्पिटिशन की नई स्कीम लाएगी। राजस्थान सरकार खेलो इंडिया गेम्स की तर्ज पर खेलो राजस्थान यूथ गेम्स करवाएगी। युवा और खेल संगठनों से जुड़े प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व बैठक में सीएम भजनलाल शर्मा ने इसकी घोषणा की है। सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा- राज्य सरकार खेलो इंडिया गेम्स की तर्ज पर खेलो राजस्थान यूथ गेम्स का आयोजन करने पर विचार कर रही है। सरकार ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को आगे लाने का लक्ष्य लेकर काम कर रही है। इसे देखते हुए आने वाले समय में प्रदेश में खेल विश्वविद्यालय खोला जाएगा। जिला और संभाग स्तर पर खेल सुविधाएं, खेल हॉस्टल विकसित किए जाएंगे।

सीएम ने कहा- प्रदेश सरकार ने कुछ ही महीनों में युवाओं के हित में अनेक कदम उठाए हैं। अब तक 17 हजार युवाओं को सरकारी नियुक्तियां दी जा चुकी हैं। इस साल राज्य सरकार 70 हजार भर्तियां करवा रही है।

### ग्रामीण-शहरी ओलिंपिक के लिए टी शर्ट खरीद में गड़बड़ी की जांच

गहलोत राज में हुए ग्रामीण और शहरी ओलिंपिक खेलों के आयोजन में खेल सामग्री की खरीद में बीजेपी ने गड़बड़ी करने के आरोप लगाए थे। गहलोत राज के आखिरी साल में हुए ग्रामीण और शहरी ... शेष पेज 9 पर

# 28 को नोहर आयेंगे राज्यपाल मिश्र



तेज | रिपोर्टर. नोहर

राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र 28 जून को नोहर आयेगें। राज्यपाल श्री गोरीशंकर बिहाणी राजकीय कन्या महाविद्यालय का लोकार्पण करेगें। उक्त महाविद्यालय का निर्माण बिहाणी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा करवाया गया है। राजभवन की ओर से राज्यपाल के कार्यक्रम की अनुमति दे दी गई है। राज्यपाल कलराज मिश्र 28 जून को दोपहर 12.15 बजे श्री गोरीशंकर बिहाणी कन्या महाविद्यालय के भवन का लोकार्पण करेगें। आगामी एक-दो दिनों में राजभवन द्वारा राज्यपाल का मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम जारी कर दिया जाएगा। राज्यपाल के दौरे को लेकर गुरूवार को एएसपी सुभाष शर्मा सहित पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने नवनिर्मित्त महाविद्यालय का दौरा कर व्यवस्थाए जांची। गुरूवार को जयपुर में कार्यक्रम के संबंध में पूर्व शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला के नेतृत्व में भामाशाह ओमनारायण बिहाणी, केशव बिहाणी, अमित थिरानी ने राज्यपाल से मुलाकात की और उन्हें सम्पूर्ण कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी। ... शेष पेज 9 पर

# सड़क सीमा से हटकर पालतू पशु बांधने के लिए किया पाबंद



### नगर परिषद की टीम ने वार्ड 55 व 58 का किया निरीक्षण

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

नगर परिषद आपके द्वार अभियान के द्वितीय चरण के तहत गुरुवार को नगर परिषद की टीम ने सभापति सुमित रणवां के नेतृत्व में जंक्शन के वार्ड 55 व 58 का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था जांची। निरीक्षण के दौरान वार्ड में पशुपालक अधिक होने के कारण सफाई की समस्या देखने को मिली। सभापति ने पशुपालकों को सड़क से पीछे अपने पालतू पशु बांधने के लिए पाबंद किया ताकि सड़क पर साफ-सफाई बनी रह सके। इसके साथ वार्ड में स्वच्छ पेयजल की सप्लाई न होने की समस्या सामने आई। सभापति ने वार्डवासियों को आश्वस्त किया कि पीएचईडी अधिकारियों ... शेष पेज 9 पर

**भजनलाल सरकार का बड़ा फैसला**

# नहीं बनाया जाएगा कुचामन मालपुरा व सुजानगढ़ को जिला

**जयपुर।** राजस्थान की भजनलाल सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। प्रदेश में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की ओर से 19 नए जिले बनाने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से विधानसभा चुनाव की आचार संहिता से पहले की गई कुचामन, मालपुरा व सुजानगढ़ को जिला बनाने की घोषणा पूरी नहीं होगी। राजस्थान की भजनलाल सरकार ने विधानसभा में विधायक हरिशचन्द्र मीणा की ओर से पूछे गए सवाल के जवाब में यह जानकारी दी है कि नए जिलों के पुनर्गठन/सृजन के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति को समाप्त कर दिया है। ऐसे में अब कुचामन, मालपुरा व सुजानगढ़ के जिले बनने की संभावना खत्म हो गई है।

एक साथ बनाए गए थे 19 नए जिले बता दें कि पिछले साल पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने विधानसभा चुनाव से पहले दो बार नए जिलों की घोषणा की थी। पहले चरण में 19 नए जिले बनाए थे। ... शेष पेज 9 पर

# फिर से शुरू हो छात्रसंघ चुनाव: बेनीवाल

### कहा- राजस्थान यूनिवर्सिटी में बेवजह छात्रों पर हुआ लाठीचार्ज, गिरफ्तार छात्रों को छोड़े सरकार



**जयपुर।** राजस्थान में छात्र संघ चुनाव फिर से शुरू करने को लेकर एक बार फिर सियासत शुरू हो गई है। गुरुवार को राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के संयोजक और नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से छात्र संघ चुनाव फिर से शुरू करने की मांग की है। बेनीवाल ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने छात्र संघ चुनाव बंद कर युवाओं की आवाज को कमजोर करने का काम किया था। जिसमें सुधार करते हुए बीजेपी सरकार को फिर से छात्रसंघ चुनाव का आयोजन करवाना चाहिए। इस दौरान उन्होंने राजस्थान यूनिवर्सिटी में हुए लाठीचार्ज और छात्रों की गिरफ्तारी पर भी नाराजगी जाहिर की। हनुमान बेनीवाल ने कहा कि राजस्थान में युवाओं को सक्रिय राजनीति में आने के लिए छात्र संघ चुनाव ही एक माध्यम है। इसके साथ ही ... शेष पेज 9 पर

# जिला स्तरीय जनसुनवाई में सुनीं 55 परिवेदनाएं कलक्टर ने दिए त्वरित समाधान के निर्देश

### चेहरे पर मुस्कुराहट लिए परिवादियों ने जताया आभार

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आमजन की परिवेदनाओं का समयबद्ध और पारदर्शिता से निस्तारण कराने के लिए संवेदनशील है। उनके कुशल मार्गदर्शन में गुरुवार को जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन हुआ। इसमें 55 से अधिक परिवादियों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया। जिला कलेक्टर ने सभी परिवादियों को अपने पास बैठाकर गंभीरता से परिवेदनाएं सुनीं। उन्होंने सभागार में उपस्थित जिला स्तरीय अधिकारियों और वीसी से जुड़े उपखंड अधिकारियों को त्वरित समाधान कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और... शेष पेज 9 पर

### लापरवाही पर चार्जशीट के निर्देश

पीएम आवास योजना के कार्यों में लापरवाही पर जिला कलेक्टर सख्त दिखे। उन्होंने परिवेदना सुनते हुए तहसील भादरा के लापरवाह कनिष्ठ सहायक और ग्राम विकास अधिकारी को चार्जशीट देने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों से कहा कि योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने में कौताही नहीं बरतें। अन्यथा संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस जनसुनवाई से पहले जिला जन अभाव अभियोग निराकरण एवं सतर्कता समिति की बैठक भी हुई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान, अतिरिक्त जिला कलक्टर उम्मेदी लाल मीना, उपखंड अधिकारी डॉ. दिव्या सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# आरएफसी की ओर से गैर निष्पादित खातों के लिए एक मुश्त निपटारा योजना

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

राजस्थान वित्त निगम की ओर से गैर निष्पादित खातों के लिए एक मुश्त निपटारा योजना 2023-24 शुरू की गई है। योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए शाखा कार्यालय बीकानेर के प्रबंधक रिछपाल पावड़िया ने बताया कि योजना के अंतर्गत 31 मार्च 2023 को डेफिसिट, डिक्रीटल, अपलिखित व गैर निष्पादित श्रेणी में वर्गीकृत खाते, जिनमें किसी भी प्रकार की कोई संपत्ति नहीं है, उनको ब्याज में शत-प्रतिशत छूट के साथ-साथ मूलधन राशि में भी 15 प्रतिशत से 70 प्रतिशत तक छूट प्रदान करते हुए खातों का निपटारा किया जाएगा। ऐसे खाते जिनमें सम्पति है, उनको समस्त बकाया राशि में 10 प्रतिशत से 40 प्रतिशत तक छूट प्रदान करते हुए खातों का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने बताया... शेष पेज 9 पर












# विभागीय मिलीभगत से घटिया सामग्री से बनी दर्जन भर सड़कों की जांच शुरू, कार्यवाहक एक्सईएन को जांच से रखा गया दूर

» परिवादी को सूचित किए बिना ही जांच कर रही टीम।

तेज. रिपोर्टर | चारणवासी



क्षेत्र में बनी दर्जन भर मिसिंग लिंक सड़कों की क्वालिटी कंट्रोल विभाग बीकानेर की टीम द्वारा जांच शुरू करने से विभाग व ठेकेदारों में खलबली मची हुई है। उल्लेखनीय है कि चारणवासी के जागरूक नागरिक जेपी वर्मा ने पीडब्ल्यूडी मंत्री दिव्या कुमारी- सरकार के मुख्य सचिव सुधांशु पंत,कार्मिक विभाग के प्रमुख शासन सचिव हेमंत कुमार गेरा को परिवाद भेजते हुए पूर्व कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में मोधूवाली ढाणी- 16 जेएसएन तक 3 किमी लंबी सड़क का निर्माण कार्य दिसंबर 2023 में पूरी हुआ, मार्च में पेचवर्क कर दिया। जसाना से चक 16 जेएसएन (नोहर-सिरसा प्रमुख मार्ग) तक बनी सड़क की बाउंड्री में बिजली के पोल व ट्रांसफार्मर है एक पोल डामरीकरण सड़क में रख दिया।18 करोड़ में बनी भादरा मोड़ से जनानिया बॉर्डर, फेफाना- मल्लेकां, जसाना -चक 5 आरपीएम - पिचकराई, देईदास - श्योदानपुरा बॉर्डर घटिया सामग्री से निर्मित हुई है तय समय अवधि में न बनने वाली रतनपुरा-फेफाना, चक दो से चार आरपीएम तक की मिसिंग लिंक सड़कों जांच की मांग की गई थी। परिवाद पर कार्मिक विभाग के शासन संयुक्त सचिव जयपुर ने एसपी सिंह ने संज्ञान लेते हुए पत्र जांच के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग के शासन संयुक्त सचिव को भेजकर उल्लेख किया कि आवश्यक कार्यवाही करवाते हुए परिवादी को की गई कार्यवाही से अवगत करवाने के आदेश दिए थे।

### जांच आदेश बाद परिवादी ने भेजा दूसरा पत्र

परिवादी ने जांच के आदेश के बाद उप मुख्यमंत्री दिव्या कुमारी को पत्र भेजकर जांच से पूर्व नोहर पीडब्ल्यूडी विभाग के कार्यवाहक एक्सईएन शंशाक वर्मा को एपीओ करने की मांग करते हुए लिखा कि उक्त अधिकारी द्वारा जांच टीम को प्रभावित करने की आशंका है ऐसे में जांच सही नहीं होगी इसलिए इसे नोहर से हटाया जाए। जिस पर सरकार ने टीम को जांच से कार्यवाहक एक्सईएन शंशाक वर्मा को दूर रखने का आदेश दिया था। इसलिए जांच टीम ने कार्यवाहक एक्सईएन की बजाय एईएन विनोद खालिया को साथ रखा।

### ठेकेदार लाया हरियाणा से प्राइवेट इंजीनियर

3.20 करोड़ में बन रही 10 किमी लंबी फेफाना-रतनपुरा मिसिंग लिंक सड़क के ठेकेदार ने निर्माण सही करने का टीम के समक्ष प्रमाणन देने के लिए निजी इंजीनियर को उपस्थित रखा। निजी इंजीनियर ने टीम पर भारी पड़ने का प्रयास किया। लेकिन अधिकारियों ने फटकार लगाते हुए कंकर-पत्थरों के नमूने लिए। वहीं निर्मित मोधूवाली ढाणी से चक 16 जेएसएन की तीन किमी में चार-पांच जगह खोदकर नमूने लिए।

### जांच में जुटी टीम

वहीं परिवादी को भी बिना सूचित किए ही क्वालिटी कंट्रोल विभाग बीकानेर की तीन सदस्यीय टीम ने जांच शुरू कर दी और ठेकेदारों को मौके पर बुलाया जा रहा है जिससे जांच प्रभावित होने की प्रबल संभावना है।

### जांच में ये सड़कें है शामिल:

1. भादरा मोड़ से जनानिया बॉर्डर तक 18.60 करोड़ रूपए से 21 लंबी।
2. फेफाना- मल्लेकां 5 किमी,1 करोड़ 75 लाख रूपए।
3. जसाना -चक 5 आरपीएम -पिचकराई, 4.50 किमी व 1.70 करोड़ रूपए।
4. मोधूवाली ढाणी-चक 16 जेएसएन- 3 किमी का 87.40 लाख रूपए।
5. जसाना-चक 16 जेएसएन 2 किमी का 70 लाख रूपए।
6. देईदास -श्योदानपुरा बॉर्डर तक 12.40 किमी।
7. रतनपुरा-फेफाना 10 किमी लंबी- 3.20करोड़ रूपए।
8. चक 2 से 6 आरपीएम 71.50 लाख रूपए।

# बच्चों का एडमिशन करवाने सीकर गए परिवार के सूने मकान पर चोरों का धावा, गहने व नगदी पार

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी



अनूपगढ़ जिले के श्रीविजयनगर थाना क्षेत्र एक परिवार अपने बच्चों का एडमिशन सीकर के एक शैक्षिक संस्थान के में करवाने के लिए गया तो पीछे सूने मकान में चोरी हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार चक 5- बीएलएम निवासी शंकरलाल कुम्हार (42) के घर में चोरी की यह वारदात 17 जून को घटित हुई है। पुलिस को रिपोर्ट देते शंकर लाल ने बताया कि वह 17 जून को सुबह बच्चों का एडमिशन करवाने के लिए सीकर को रवाना हुआ था। वहां से अगले दिन तड़के लगभग 4 बजे घर पहुंचा तो ताले टूटे हुए थे। अंदर जाकर देखा तो अलमारी का ताला भी टूटा हुआ था।अज्ञात व्यक्ति अलमारी में से चार तोला सोने के जेवरात, चांदी का एक कड़ा, सोने की बाली, नाक का कोका, सोने के चार जोड़ी बिछुए, दो पैरों के कड़े तथा 1 लाख 3 हजार रुपए चोरी कर ले गया। उसके द्वारा सूचना दिए जाने पर पुलिस तत्काल ही मौके पर पहुंच गई। जानकारी के मुताबिक शंकरलाल के घर से कुछ दूरी पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। कैमरे की फुटेज में मोटरसाइकिल पर सवार एक संदिग्ध युवक 2ः30 बजे आते जाते दिखाई दिया है,लेकिन उसकी तस्वीर स्पष्ट नजर नहीं आ रही। शंकरलाल ने कुछ युवकों पर चोरी करने का शक पुलिस के समक्ष जाहिर किया है। अभी तक इस वारदात का खुलासा नहीं हुआ। शंकरलाल मार्बल का ठेकेदार है। इस घटना में उसका काफी नुकसान हो गया।

# महिला पर परिवार को नशीला जूस पिलाकर जेवरात तथा नगदी चोरी करने का आरोप

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

सादुलशहर थाना क्षेत्र में एक महिला पर उसके पति ने परिवार वालों को नशीला जूस पिलाकर सोने-चांदी के जेवरात तथा नगद राशि लेकर फरार हो जाने का आरोप लगाया है। पुलिस के मुताबिक चक धौला निवासी बालकरणसिंह जटसिख (39) द्वारा अदालत में दायर किए इस्तगासा के आधार पर सुखमनदीपकौर जटसिख निवासी मसीतां, तहसील डबवाली जिला सिरसा (हरियाणा) के खिलाफ चोरी के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। बलकरणसिंह ने बताया है कि 14 मई को वह परिवार के साथ अपने घर पर था। सुखमनदीपकौर ने सभी को पीने के लिए जूस दिया, जिसमें कोई नशीला पदार्थ मिला हुआ था। इस कारण परिवार के सभी लोग गहरी नींद में सो गए। उसी रात को सुखमनदीप कौर घर से उसकी मां बलजीत कौर का मोबाइल फोन, सोने का एक कड़ा, एक चैन, चार अंगूठियां, टॉप्स जोड़ी तथा 83 हजार 250 रुपए लेकर गायब हो गई।उन्होंने सुखमनदीपकौर को काफी तलाश किया, वह नहीं मिली। इस संबंध में 29 मई को सादुलशहर थाना में और 4 जून को पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र भी दिए, लेकिन तब कोई कार्यवाही नहीं हुई। अब पुलिस ने अदालत के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

# मां डिग्गी में गिरी बचाने बेटा कूदा, दोनों की मौत, गमगीन माहौल में किया अंतिम संस्कार

तेज | रिपोर्टर चारणवासी

गांव रतनपुरा में पानी की डिग्गी में डूबने से मां - बेटे की मौत का मामला सामने आया है। बताते चलें कि ढाणी में रहने वाले किसान रामकुमार न्योल के खेत में सिंचाई पानी के लिए डिग्गी बनाई हुई है। बुधवार को किसान की पत्नी सुमन (35) पशुओं को संभालते हुए पैर फिसलने से डिग्गी में जा गिरी। डूबती महिला ने जोर-जोर से आवाज लगाई। लेकिन आसपास कोई नहीं था 15 बेटा साहिला खेल रहा था अपनी मां को जीवन- मौत के बीच जूझते देख बचाने के लिए छलांग लगा दी। बताते चलें कि नहर चलने के कारण डिग्गी पानी से लबालब भरी हुई थी ऐसे में दोनों मां - बेटे बाहर नहीं निकल पाए। बता दें कि रामकुमार न्योल के संतान के रूप में एक बेटा ही था जो नौनिहाल में पढ़ता है गर्मी की छुट्टियों में अपने गांव आया हुआ था। और मां के साथ साहिल खुद भी नहीं बच पाया। परिवार में अकेला रामकुमार न्योल ही बचा है। सूचना पर फेफाना पुलिस पहुंची। फेफाना थानाधिकारी विजेंद्र शर्मा ने बताया कि ग्रामीणों की मदद से दोनों शव बहार निकलवाकर नोहर मोर्चरी में रखवाएं गये। गुरुवार को पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप कर मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी। दोपहर बाद गांव के श्मशान घाट में मां - बेटे का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया।

# पुरानी आबादी में दो युवक भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीले कैप्सूलों सहित गिरफ्तार

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

पुरानी आबादी में कल रात पुलिस ने दो युवकों को भारी मात्रा में नशीले कैप्सूल सहित गिरफ्तार किया। एएसआई सुंदरलाल के नेतृत्व में एक पुलिस टीम ने पुरानी आबादी के केदार चौक इलाके में दो युवकों को हिरासत में लिया जिनके कब्जे से 5700 प्रेगाबलीन कैप्सूल बरामद हुए जो कि नशेड़ियों द्वारा नशे के रूप में इस्तेमाल किये जाते हैं। जिला कलेक्टर द्वारा इन कैप्सूलों को बिना लाइसेंस अथवा परमिट के रखना पर प्रतिबंध लगा रखा है। एएसआई सुंदरलाल ने बताया कि पकड़े गए युवकों धीरज पुत्र हरीश तथा मुकेश पुत्र महेंद्रदास पर सीआरपीसी की धारा 188 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पूछताछ करने पर पता चला कि दोनों युवक पिछले काफी समय से हनुमानगढ़ में किसी व्यक्ति से नशीले कैप्सूल खरीद कर श्रीगंगानगर में नशा करने वालों को बेचते थे। इन पर काफी समय से पुलिस गोपनीय रूप से नजर रखे हुए थी। दोनों युवकों को बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया। अब पुलिस पता लग रही है कि हनुमानगढ़ में इन युवकों को कौन नशीले कैप्सूल बेचता था।

# धर्मसिंह वाला में भी चोरी की वारदात

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

लालगढ़ जाटान थाना क्षेत्र के चक धर्मसिंहवाला में भी 18 जून को एक मकान में चोरी हो गई। पुलिस के अनुसार निर्मला देवी मेघवाल (35) ने अपने देवर शेराराम के साथ थाने में आकर रिपोर्ट देते हुए अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है।निर्मला देवी ने बताया कि 18 जून को गांव दूदाखीचड से उसका बहनोई और बहन उसके घर आए हुए थे।उसके पति खेमराज की आंख का ऑपरेशन हुआ है। इस कारण वे सभी रात को लगभग 1ः30 बजे सोने चले गए। तड़के 4 बजे नींद खुली तो घर में रखे संदूक तथा अलमारी के ताले टूटे हुए थे। सारा सामान बिखरा हुआ था। संदूक से एक जोड़ी चांदी की पाजेब, सोने का टीका,7000 रुपए, अलमारी से एक नोजपिन, चांदी की चार अंगूठियां,20000 रुपए,उसके लड़के विकास के बैग से जो सूट, दुकान के गल्ले से 700 रुपए और उसकी बेटी सुमन के पर्स से 4000 रूपए गायब थे। निर्मला ने पुलिस को दी रिपोर्ट में कहा है कि यह चोरी ऐसे अज्ञात व्यक्ति ने की है कि जैसे उसे पता था कि घर में कौन सी चीज कहां रखी हुई है। घटना की जांच हवलदार राजेंद्र द्वारा की जा रही है।

## जनसुनवाई कैंप में गंग कैनाल में पानी की मात्रा बढ़ाने का दिया ज्ञापन



**तेज रिपोर्टर. श्रीगंगानगर।** ग्राम पंचायत चक 01- पीएस में जन सुनवाई कैंप के दौरान किसान नेता सुखवीरसिंह फौजी के नेतृत्व में गंगनहर में पूरे सिंचाई पानी की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।किसान नेता सुखवीर सिंह फौजी ने कहा कि गंगानगर जिले की जनता के लिए गंगनहर में सिंचाई पानी को बहाल किए बिना सभी सभी दूसरी समस्याओं का समाधान ही काफी नहीं है। उन्होंने कहा कि आज खेती किसानी संकट के दौर में है।ऐसे में जिला प्रशासन व सिंचाई विभाग को गंभीरता से पंजाब जाकर पूरा सिंचाई पानी किसानों को उपलब्ध कराना चाहिए। इस मौके नायब तहसीलदार महेंद्र सुथार ने किसानों से ज्ञापन लिया व जिला कलेक्टर तक किसानों की समस्या रखने के लिए आश्वस्त किया।

## लायंस क्लब सैंटर का आदर्शनगर पार्क में योग शिविर आयोजन आज



**तेज रिपोर्टर. श्रीगंगानगर।** लायंस क्लब सैंटर द्वारा कल शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विनोबा बस्ती दुर्गा मंदिर के नजदीक आदर्शनगर पार्क में अध्यक्ष दीपक वाट्स के नेतृत्व में योग शिविर आयोजित किया जाएगा। सचिव मनोज मिड्ढा के अनुसार शुक्रवार सुबह 6 से 7 बजे तक आयोजित इस शिविर में वरिष्ठ योगाचार्य साक्षी नागरू योग से निरोग रहने के उपाय बताएंगी। प्रोजेक्ट चेयरमैन कमल चराया (पार्षद) ने आम जन से इस शिवर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर लाभान्वित होने का आग्रह किया है।शिविर में अनेक वरिष्ठ लॉयन पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

## पंजाब से पानी की मात्रा जल्द बढ़वाई जाए: धारीवाल

**तेज रिपोर्टर. श्रीगंगानगर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनूसूचित जाति/जनजाति विभाग के पूर्व सचिव एडवोकेट संजय धारीवाल ने पंजाब की आप सरकार पर जिले के किसानों उसके हिस्से का सिंचाई पानी न देने पर कड़े शब्दों में निंदा करते हुए जल्द सिंचाई की लिए पर्याप्त मात्रा बढ़ाने की मांग की है। एडवोकेट धारीवाल के अनुसार प्रदेश के अधिकारी पंजाब में नहरों का निरीक्षण कर पंजाब के अधिकारियों से संपर्क कर समाधान निकालने के प्रयास में है,पर पंजाब सरकार हठधर्मिता पर उतरी हुई है कि श्रीगंगानगर जिले के किसान बर्बाद हो जाए।ऐसी सोच के चलते ही पानी की चोरी करवाई जा रही,पर पंजाब सरकार चोरों पर कोई कार्यवाही नहीं कर रही। यह प्रमाणित करता है कि पंजाब सरकार का रवैया जिले के किसानों के साथ नहीं है।

## तीन महीने पहले मोटरसाइकिल फिसलने से घायल हुए युवक की मौत

**तेज रिपोर्टर. श्रीगंगानगर।** सूरतगढ़ में लगभग 3 महीने पहले मोटरसाइकिल फिसलने से घायल हुए एक युवक की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस के मुताबिक यह युवक दिलीप पुत्र रूद्रबहादुर निवासी राइयांवाली लगभग 3 महीने पहले अपने गांव से मोटरसाइकिल पर सूरतगढ़ आते समय नेशनल हाईवे 62 पर गांव पीपरेन के पास संतुलन बिगड़ने से चोटिल हो गया था। उसके सिर में गहरी चोट लगी तथा पांव में भी फ्रैक्चर हो गया। डॉक्टर्स ने प्राथमिक उपचार के बाद दिलीप को हायर सेंटर के लिए रैफर कर दिया गया था। दिलीप के भाई राकेश ने कल बुधवार को पुलिस को रिपोर्ट देते हुए बताया कि सिर में चोट लगने के कारण वह कोमा में चला गया।दिलीप का बीकानेर के एक अस्पताल में इलाज चल रहा था, जहां उसकी कल बुधवार को मृत्यु हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाश परिवार वालों के सुपुर्द कर दी।

## 24 जून को कार्यक्रम के माध्यम से राशि अभिवृद्धित की जायेगी

**तेज श्रीगंगानगर।** सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की अभिवृद्धित राशि का हस्तांतरण 24 जून को राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा प्रातः 11.45 बजे किया जाना प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम में जिलों के लाभार्थी वीसी के माध्यम से जुड़ेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम की अवधि 60 से 75 मिनट होगी। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत जिले के पात्र नागरिकों को अभिवृद्धित राशि का हस्तांतरण किया जायेगा।

# महिला तस्कर के अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी



सूरतगढ़ में मादक पदार्थों की एक आदतन महिला तस्कर द्वारा किए हुए कब्जे पर पुलिस ने आज बुलडोजर चलवा दिया।पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने बताया कि सूरतगढ़ शहर थाना प्रभारी सीआई सुरेश कस्वां के नेतृत्व में काफी संख्या में पुलिसकर्मियों को अतिक्रमण स्थल पर तैनात रखा गया। इस दौरान आदतन मादक पदार्थों की तस्कर सोहणी उर्फ सोनी (35) द्वारा किए हुए अतिक्रमण को हटा दिया गया। अतिक्रमण के मलबे को भी जब्त कर लिया गया। सोहणी उर्फ सोनी ने सूरतगढ़ में बड़ोपल रोड पर रेलवे ओवर ब्रिज के पास रोड के पास सरकारी जमीन पर खोखा लगाकर कब्जा किया हुआ था। यह खोखा तहस-नहस कर इसका सारा सामान जब्त कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सोनी पर मादक पदार्थों की तस्करी के तीन तथा चोरी का एक मुकदमा दर्ज है।वह आदतन तस्कर है। उसके द्वारा कब्जाई हुई सरकारी जमीन को आज कब्जा मुक्त करवा दिया गया।

# युवती के साथ घर से नगदी और गहने गायब

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

सीमावर्ती हिंदूमलकोट थाना क्षेत्र के गांव खाट लबाना में एक युवती सुबह सवेरे अपने घर से गायब हो गई। उसके घर से सोने-चांदी के जेवर तथा नगद राशि भी गायब है। युवती के पिता ने अपनी बेटी और दो युवकों के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस को दी रिपोर्ट में चरणजीतसिंह ओड राजपूत ने बताया कि 17 जून को सुबह 5 बजे वह पत्नी और बड़े बेटे मोहित के साथ गांव के मंदिर में आरती में शामिल होने के लिए गया था। पीछे घर में उसकी बेटी महक और छोटा पुत्र माधव सो रहे थे। लगभग 7 बजे वे वापस आए तो माधव घर में अकेला था। बेटी महक घर पर नहीं मिली तथा घर का सामान बिखरा हुआ था। घर के अंदर रखा एक संदूक भी खुला पड़ा था। संदूक से 60 हजार रुपए, सोने के झुमके, मंगलसूत्र, टॉप्स, अंगूठी, टीका और चांदी की पाजेब जोड़ी आदि गहने नहीं मिले। पूछने पर छोटे बेटे माधव ने बताया की महक, सन्नी सिंह निवासी चक 9 वाई तथा अर्शदीप सिंह गहने तथा नगदी चोरी कर कहीं चले गए हैं। पुलिस ने धारा 380 में मुकदमा दर्ज कर जांच एएसआई गुरदेव सिंह के सुपुर्द की है।

# जिला कारागृह में सजायाफ्ता बंदी की मौत

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

श्रीगंगानगर के जिला कारागृह में सजायाफ्ता एक बंदी की आज मौत हो गई। जेल अधीक्षक डॉ. अभिषेक ने बताया कि बंदी परतराम उर्फ कालू (48)निवासी वार्ड नंबर 17 सादुलशहर ने आज सुबह बीकानेर के पीबीएम हॉस्पिटल में दम तोड़ दिया। पीबीएम हॉस्पिटल में न्यायिक अधिकारी की मौजूदगी में उसके शव का पोस्टमार्टम करवाया गया,जिसे बाद में परिवारजनों के सुपुर्द कर दिया गया। परतराम की जेल में मृत्यु होने के कारण की न्यायिक जांच आरंभ हो गई है।जेल अधीक्षक डॉ. अभिषेक ने बताया कि वर्ष 2018 में एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में नामजद परतराम को इसी वर्ष 17 फरवरी को अदालत ने सजा सुनाई थी। विगत मंगलवार को उसे सांस लेने में तकलीफ होने लगी,जिस पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। हालत में सुधार नहीं होने पर परतराम को बीकानेर रैफर कर दिया गया था, जहां उसकी मृत्यु हो गई।

## नगदी और मोबाइल लूट कर फरार

**तेज रिपोर्टर. श्रीगंगानगर।** रायसिंहनगर थान क्षेत्र में एक दूध बेचने वाले से परसों रात्रि चक 11 टीके मोड़ के पास बाइक सवार तीन लुटेरे नकदी व मोबाइल लूट कर फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस ने बुधवार को आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज करवाया है। पुलिस में दर्ज करवाई रिपोर्ट में प्रमोद कुमार निवासी चक 1 टीके ने बताया कि वह दूध बेचने का काम करता है। मंगलवार रात्रि करीब 9 बजे वह अपने बाइक से वापस अपने गांव जा रहा था कि 11 टीके मोड़ पर पीछे से बाइक पर सवार तीन युवक आए। आरोपियों ने उसे रोककर उससे मारपीट की।उससे करीब 13 हजार की नकदी व मोबाइल छीन कर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर एएसआई विनोद कुमार को जांच दी है।

# घडसाना में मेला ड्यूटी पर पुलिसकर्मी की हत्या का प्रयास

## – थाना प्रभारी समेत अनेक पुलिसकर्मियों पर भी घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

अनूपगढ़ जिले में नई मंडी घड़साना में एक गुरुद्वारा के पीछे आयोजित मेले में हथियार बंद होकर आए सात आठ व्यक्तियों द्वारा वहां तैनात पुलिस कर्मियों के साथ झगड़ा करने और एक पुलिसकर्मी को गंभीर रूप से घायल कर देने की घटना उजागर हुई है। पुलिसकर्मी की हत्या का प्रयास करने के आरोप में पुलिस ने मेजरसिंह कंबोज सिख निवासी अमर कॉलोनी, जगजीत सिंह जटसिख, गुरदाससिंह मजहबी सिख,राजेंद्र बुरड़क निवासी चक 2 एमएलडी तथा चार-पांच अन्य व्यक्तियों के खिलाफ हत्या का प्रयास करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है।वहीं आरोपियों में से एक के परिवार की महिला ने नई मंडी घड़साना थाना प्रभारी सीआई कलावती चौधरी पर पुलिस कर्मियों के साथ रात को एक घर में घुसकर मारपीट तथा छेड़छाड़ करने के आरोप लगाए हैं। इस महिला की तरफ से घटना को लेकर परस्पर मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक नई मंडी घड़साना में एक गुरुद्वारा के पीछे की खाली जगह पर परसों मंगलवार को एक मेले का आयोजन किया गया था। मेले में काफी लोग आए हुए थे। इसीलिए मेला स्थल पर पुलिस को तैनात किया गया था। ड्यूटी पर लगाए गए पुलिस कर्मियों में सिपाही रामकिशन द्वारा घायल अवस्था में अस्पताल में दिए गए बयान के आधार पर उक्त लोगों के खिलाफ धारा 307 सहित विभिन्न धाराओं और अनुसूचित जाति जनजाति अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।बयान देते हुए सिपाही रामकिशन ने बताया कि वह और सिपाही गुंजन 17 जून की रात 9ः30 बजे मेला स्थल पर ड्यूटी कर रहे थे। तभी एक मेजर गाड़ी और दो मोटरसाइकिलों पर उक्त 7-8 लोग आए। मेजर जीप से उतरे व्यक्तियों में मेजरसिंह कंबोज सिख,जगजीतसिंह जग्गा जटसिख,गुरदास मजहबी और राजेंद्र बुरडक थे। इनके साथ मोटरसाइकिलों पर आए अन्य व्यक्तियों को वह नहीं जानता।इन लोगों के पास डंडे और लोहे की रोड थीं। इन सभी के इरादे उसे ठीक नहीं लगे।जब मेला के मुख्य गेट पर उसने इन व्यक्तियों को रोकने का प्रयास किया तो गुस्से में आकर राजेंद्र बुरडक ने उसे जान से मारने की नीयत से लाठी से वार किया। लाठी के वार से बचने के लिए उसने अपना बायां हाथ आगे कर दिया। उसकी कलाई पर चोट लगी। इसके बाद राजेंद्र ने दोबारा उसके सिर में डंडे से जान से मारने की नीयत से वार किया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट लगी। वह नीचे गिर गया।तभी जगजीतसिंह उर्फ जग्गा, गुरदाससिंह मजहबी व अन्य उक्त सभी लोगों ने एक राय होकर उसे लाठी डंडों तथा लोहे की रोड से बुरी तरह से पीटा। रामकिशन के मुताबिक तभी वहां पर सिपाही प्रकाश और हवलदार राजीव राणा आदि दौड़कर आए जो कि मेला देखने के लिए आए हुए थे। इन पुलिस कर्मियों ने तथा अन्य लोगों ने उसका बीच बचाव किया। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया।रामकिशन ने बताया कि उसके साथी पुलिसकर्मी गुंजन ने भी उसे बचाने का प्रयास किया तो उक्त आरोपियों ने उसे भी घायल कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार मेला स्थल पर मेजरसिंह आदि का किन्हीं और व्यक्तियों के साथ बोलचाल हुई थी। इसीलिए वहां तैनात पुलिसकर्मी हथियारबंद लोगों को मेला के अंदर जाने से रोक रहे थे। तभी यह घटना हो गई। इस बीच आरोपियों में से एक के परिवार की 35 वर्षीय महिला द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर 17 जून की रात को 11 बजे घर में आकर उससे और उसके परिवार के सदस्यों से मारपीट करने तथा छेड़छाड़ करने के आरोप में थाना प्रभारी सीआई कलावती चौधरी तथा उनके साथ गए चार-पांच पुलिस कर्मियों के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज हुआ है। जानकारी के मुताबिक परिवादी महिला समेत अनेक लोग कल बुधवार को अनूपगढ़ जाकर पुलिस अधीक्षक रमेश मौर्य से मिले और उनको पूरी घटना की जानकारी लिखित में दी। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कल रात को थाना प्रभारी कलावती तथा अन्य पुलिस कर्मियों के खिलाफ धारा 458, 354, 323, 365, 143 और अनुसूचित जाति जनजाति अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। दोनों मामलों की जांच अनूपगढ़ के डीएसपी अमरजीत चावला कर रहे हैं।

# एकजुट होकर संघर्ष तेज करने का आह्वान

## » पल्लेदार मजदूर यूनियन का सम्मेलन सम्पन्न

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



टाउन के जनशक्ति भवन में गुरुवार को जगदम्बा प्राइवेट गोदाम पल्लेदार मजदूर यूनियन सीटू का पांचवां सम्मेलन सम्पन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता रणजीत मण्डल, सहदेव, छबील मण्डल के तीन सदस्यीय अध्यक्ष मण्डल ने की। यूनियन अध्यक्ष रणजीत मण्डल ने झंडारोहण कर सम्मेलन की शुरुआत की। सम्मेलन के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीटू जिला महासचिव शेरसिंह शाक्य ने कहा कि देश में एक बार पुनः बैसाखियों के सहारे मोदी सरकार स्थापित हुई है। देश की जनता ने मोदी के अहंकार को तोड़ा और उनकी 400 पार को पछाड़कर 340 पर लाकर छोड़ दिया। ऐसे दौर में मोदी का घमंड टूटा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार की ओर से जो वादे किए गए थे उनमें से एक भी वादा अभी तक पूरा नहीं किया गया। भाजपा की ओर से स्लोगन दिया गया था कि महिलाओं पर अत्याचार नहीं सहा जाएगा, इसके उल्ट आज राजस्थान में महिलाओं पर सबसे अधिक अत्याचार हो रहा है। दूसरी तरफ भीषण गर्मी के मौसम में बिजली कटौती से पूरे प्रदेश में हाहाकार मचा हुआ है। सरकार अपनी उपलब्धियां गिनाने में जुटी है। उन्होंने आने वाले समय में किसानों की कर्ज माफी, एमएसपी पर फसल खरीद, मजदूरों के श्रम कानूनों में किए संशोधन वापस लेने, महिला उत्पीड़न व महंगाई के खिलाफ संघर्ष को और तीखा करने पर बल दिया। सीटू जिलाध्यक्ष आत्मासिंह ने कहा कि आज के समय में मजदूरों की एकता ही काम करेगी, एकता के सिवाए मजदूरों के पास कोई दूसरा रास्ता नहीं है। एकता संघर्ष और समाजवाद के नारे को लेकर सीटू का गठन हुआ था और इसी रास्ते पर चलते हुए एकजुट होकर संघर्ष के पथ पर आगे बढ़ते हुए मजदूरों के हक और हकूक के लिए संघर्षों को तीखा करने की जरूरत है। सम्मेलन को मुकद्दर अली, धनराज सिंह, कमल प्रभात, तरसेम सिंह, मेजर सिंह ने भी संबोधित किया। बहादुर सिंह चौहान ने मंच संचालन किया। इसके पश्चात सचिव ने यूनियन की रिपोर्ट और लेखा-जोखा प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। तत्पश्चात सात सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। इसमें रणजीत मण्डल को अध्यक्ष, जितेंद्र कुमार को कोषाध्यक्ष, किशोर कुमार को उपाध्यक्ष, विनय कुमार को सचिव व घनश्याम, बबलू, कपिल देव को कमेटी सदस्य चुना गया।

# सार्वजनिक उपयोग के लिए आरक्षित भूमि से अतिक्रमण हटवाने की मांग

## » रिटायर्ड तहसीलदार ने जनसुनवाई में कलक्टर के समक्ष पेश किया रिकॉर्ड

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

भादरा तहसील के गांव रामगढ़िया निवासी रिटायर्ड तहसील जयसिंह बेनीवाल ने भादरा के पूर्व विधायक बलवान पूनिया पर गांव में सार्वजनिक उपयोग के लिए आरक्षित भूमि पर स्थानीय एसडीएम व तहसीलदार के सहयोग से अतिक्रमण करने का आरोप लगाया है। जयसिंह बेनीवाल ने इस संबंध में पूर्व में की गई शिकायत संबंधी रिकॉर्ड गुरुवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में हुई जिला स्तरीय जनसुनवाई में जिला कलक्टर कानाराम के समक्ष पेश किया। जयसिंह बेनीवाल ने आरोप लगाया कि गांव रामगढ़िया में सार्वजनिक उपयोग के लिए आरक्षित भूमियों पर भादरा एसडीएम व तहसीलदार की ओर से भूमाफिया से कब्जा करवा रखा है। वे इसके खिलाफ 2019 से निरंतर संघर्ष कर रहे हैं। उसकी ओर से पूर्व में की गई शिकायत के आधार पर जिला कलक्टर ने उसकी ओर से प्रस्तुत रिकॉर्ड को नहीं देखकर एसडीएम व तहसीलदार से रिपोर्ट करवा ली कि उन्होंने रिकॉर्ड पेश ही नहीं किया जबकि उसने पूरा रिकॉर्ड पेश किया था। वर्तमान में भी रिकॉर्ड उनके पास मौजूद है। अगर एसडीएम व तहसीलदार आज भी अपना खाता व नक्शा निकालें तो सार्वजनिक उपयोग के लिए आरक्षित भूमियों पर कब्जे की बात सामने आ जाएगी। लेकिन उन्होंने भादरा के पूर्व विधायक बलवान पूनिया के दबाव में उनके प्रकरण को खारिज कर दिया। उन्होंने इसकी शिकायत पूर्व जिला कलक्टर से कर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से जांच करवाने की मांग की थी। एसीबी जांच शुरू हुई यह तो पता नहीं लेकिन उनके पास बुधवार को जिला कलक्ट्रेट कार्यालय से फोन गया और कहा गया कि वे गुरुवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई में पहुंचकर अपना रिकॉर्ड पेश करें। जयसिंह बेनीवाल ने आरोप लगाया कि पूर्व विधायक बलवान पूनिया ने सार्वजनिक उपयोग के लिए आरक्षित भूमियों पर अतिक्रमण किया हुआ है। लेकिन कई बार शिकायत करने के बावजूद आज तक पूर्व विधायक के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। शिकायत करने की रंजिश में पूर्व विधायक ने उन पर जानलेवा हमला तक करवाया लेकिन वे बच गए। जब तक जिंदा रहेंगे अपना संघर्ष जारी रखेंगे। जयसिंह बेनीवाल ने कहा कि अगर भादरा एसडीएम और तहसीलदार के खाता में सार्वजनिक उपयोग के लिए आरक्षित भूमि दर्ज नहीं है और नक्शा नहीं है तो प्रशासन उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करवा सकता है। अन्यथा भादरा एसडीएम व तहसीलदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया जाए। साथ ही कहा कि जब तक अधिकारियों की जेबों के खुले बटन बंद नहीं होंगे तब तक सरकारी आदेशों की पालना नहीं होने वाली। उन्होंने कहा कि अगर जिला प्रशासन ने उनकी बात नहीं सुनी तो वे प्रकरण को कोर्ट तक ले जाएंगे।

# शमशान भूमि में जाने के लिए रास्ता उपलब्ध करवाने की मांग

## बालिका विद्यालय में कक्षा-कक्षों का निर्माण करवाने की भी रखी मांग

**डबलीराठान।** शमशान भूमि में जाने के लिए रास्ता उपलब्ध करवाने की मांग के संबंध में गांव डबलीराठान के ग्रामीणों ने गुरुवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई में जिला कलक्टर कानाराम को ज्ञापन सौंपा। रेल विकास समिति डबलीराठान के संयोजक लेखराज गिरधर ने बताया कि रेलवे लाइनों के दूसरी तरफ बनी शमशान भूमि में जाने के लिए कोई रास्ता नहीं है। अंतिम संस्कार के लिए रेलवे ट्रैक के ऊपर से होकर शमशान भूमि जाना पड़ता है। पूर्व में यहां एक लाइन होती है जबकि वर्तमान में चार लाइनें हैं। इलेक्ट्रिक लाइन भी यहीं से गुजरती है। अंतिम संस्कार के लिए शमशान भूमि में जाते समय रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन आने से कई बार हादसा होते-होते बचा है। ग्रामीण काफी लम्बे समय से सरकार व प्रशासन से मांग करते आ रहे हैं लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने मांग की शमशान भूमि में जाने के लिए रास्ता उपलब्ध करवाया जाए ताकि भविष्य में कोई हादसा न हो। इसके अलावा जनसुनवाई में डबलीराठान के ग्रामीणों ने जिला कलक्टर को एक अन्य ज्ञापन सौंपकर गांव में चल रहे राजकीय बालिका विद्यालय में कक्षा-कक्षों का निर्माण करवाए जाने की मांग की। ग्रामीण जगजीत सिंह सुमल ने बताया कि राजकीय बालिका विद्यालय में पूर्व में आठ कक्षा-कक्ष थे। इनमें से चार कक्षा-कक्षों को नकारा घोषित करने के बाद तोड़ दिया गया। उनकी जगह चार नए कक्षा-कक्षों का निर्माण करवाए जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। उन्होंने जिला कलक्टर से मांग की कि संस्था या अन्य किसी विभाग के जरिए बजट उपलब्ध करवाकर कक्षा-कक्षों का निर्माण करवाने की व्यवस्था की जाए।

# आयुष्मान आरोग्य केंद्रों पर होगा योगा

## शुक्रवार को विश्व योग दिवस पर जिले में होंगी विशेष गतिविधियां

**हनुमानगढ़।** विश्व योग दिवस के उपलक्ष में शुक्रवार को जिलेभर में योग गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयुष्मान आरोग्य केंद्रों पर योग दिवस का आयोजन किया जाएगा और विशेष जागरूकता कार्यक्रम होंगे। इस दौरान आमजन में स्वस्थ शरीर के लिए योग की महत्ता पर विस्तार से जानकारी दी जाएगी। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि विश्व योग दिवस पर जिले के सभी आयुष्मान आरोग्य केंद्रों पर योग के साथ-साथ जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। आमजन को इस दौरान नियमित रूप से योग करने के लिए प्रेरित व जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए आमजन की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने और तैयारियों के संबंध में ब्लॉक स्तर पर निर्देश दिए गए हैं। साथ ही इन केंद्रों पर कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अपनी टीम के साथ क्षेत्रों में जाकर योग गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान करेंगे। विभाग की आमजन से अपील की है कि वे शुक्रवार को विश्व योग दिवस के उपलक्ष में योग करें और शपथ लें कि भविष्य में नियमित रूप से योग करेंगे।

# सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ




**हनुमानगढ़।** यूथ वीरागनायें द्वारा टाउन की नई आबादी माई जी के डेरे के पास महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से सिलाई प्रशिक्षण केंद्र की शुरुआत की गई। इस सिलाई प्रशिक्षण में अनुभवी प्रशिक्षक ऊषा डोडा द्वारा महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के पहले दिन प्रशिक्षका का द्वारा महिलाओं को सिलाई की कटिंग के बारे में बेसिक जानकारी दी। यूथ वीरांगना मीनाक्षी ने बताया उपयुक्त प्रशिक्षण में महिलाओं को अपने रोजगार से जोड़ने के लिए निशुल्क सिलाई सिखाई जा रही है, उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी प्रेम नगर, पूर्ण नगर हनुमानगढ़ टाऊन में भी सिलाई सेंटर खोले जा चुके है हमारा उद्देश्य है कि महिलाएं अपने पैरों पर खड़ी हो कर अपने परिवार का लालन पालन कर सके, उन्होंने बताया कि यूथ वीरांगनायें द्वारा समाज सेवा व जनहित में अनेक कार्य किए जाते हैं जैसे गरीब कन्याओं के शादी में सहयोग करना, गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा देना, ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण आदि। इस मौके पर मीनाक्षी, ऐशणा, रजनी, रीमा शिमला आदि उपस्थित थी।

# योग दिवस आज, नेहरू पार्क में प्रातः 7 से 8 बजे तक होगा कार्यक्रम

**श्रीगंगानगर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून का मुख्य कार्यक्रम नेहरू पार्क में प्रातः 7 से 8 बजे तक आयोजित होगा। प्रतिवर्ष की भांति जिला प्रशासन व आयुर्वेद विभाग द्वारा प्रातः 7 से 8 बजे तक नेहरू पार्क श्रीगंगानगर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जायेगा। जिला आयुर्वेद अधिकारी ने बताया कि योग क्रियाएं प्रातः 7 बजे प्रारम्भ होगी। इच्छुक नागरिक 6.30 बजे तक पहुंचकर योग के लिये अपना स्थान ग्रहण कर लेवें। उसके पश्चात भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार योग क्रियाएं निर्धारित समय पर प्रारम्भ होगी।

# विश्व बालश्रम निषेध दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजनः नायक

तेज | रिपोर्टर पीलीबंगा



राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर द्वारा रालसा द्वारा प्रेषित अभियान की पालना में एव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हनुमानगढ के सचिव शिवचरण मीना (अपर जिला एव सेशन न्यायाधीश) ओर तालुका विधिक सेवा समिति पीलीबंगा अध्यक्ष रेणुका शर्मा समिति सचिव अरमान सोनी के निर्देशानुसार लौंगवाला में विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया शिविर में बच्चों को मैत्रीपुर्ण एव उनका संरक्षण विष्य पर व एक्शन बाल एवं किशोर श्रम प्रति निषेध अधिनियम और संविधान के अनुच्छेद 24 में यह स्पष्ट रूप से बताया गया है कि 14 वर्ष से कम आयु के बालकों को किसी भी कार्यों में नियोजित नहीं किया जा सकता है तथा 14 से 18 वर्ष तक के बालकों को कारखानों व अन्य जोखिम भरे खतरनाक उद्योग व्यापार में लगाया जाना भी प्रतिबंधित है इस दौरान ऐसे बालको से कठोर श्रम नहीं लिया जाए तथा उनका शारीरिक मानसिक बोद्धिक विकास हो सके इसकी अतिरिक्त उन्हें शोषण और विरुद्ध अधिकार निःशुल्क और श्रम अनिवार्य शिक्षा का अधिकार बाल विवाह निषेध अधिनियम के प्रावधानों के बारे में विधिक जानकारियां प्रदान की गई। बालकों को मजदूरों के लिए श्रम विभाग की विभिन्न सरकारी योजनाओ की जानकारी प्रदान की तथा उनका लाभ लेने के लिए प्रक्रिया के बारे में बताया गया पेरालीगल वालंटियर ओमप्रकाश नायक ने विधिक सेवा कार्यक्रम में राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारियां प्रदान की गई।

# गांव चक जहाना में भिड़े दो पक्ष दोनों पक्षों के छह जने घायल

## » सदर पुलिस थाना में परस्पर मुकदमे दर्ज

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

गांव चक जहाना में एक समाज विशेष के दो पक्ष आपस में भिड़ गए। मारपीट में दोनों पक्षों के छह जने घायल हो गए। इस संबंध में सदर पुलिस थाना में परस्पर मुकदमे दर्ज करवाए गए हैं। पुलिस के अनुसार छिन्द्रसिंह (41) पुत्र मुकन्द सिंह निवासी वार्ड 11, चक जहाना ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि 18 जून की रात्रि करीब 9 बजे वह, उसका भाई मन्दर सिंह व पुत्र खुशविन्द्र सिंह अपने घर के बाहर गेट के पास बैठे थे। तभी जगमीत सिंह पुत्र सिरासिंह, सिरासिंह की पत्नी सतवीर, रणजीत आदि हाथों में लाठी, डण्डे व गण्डासी लेकर आए और आते ही तीनों पर हमला कर दिया। इन लोगों ने उसके दाएं हाथ व सिर पर गण्डासी से चोट मारी। उसके भाई मन्दर सिंह के सिर पर लोहे की रॉड से वार कर चोट मारी। उसके पुत्र खुशविन्द्र सिंह के सिर के पिछले हिस्से में ईंट व बाएं कंधे पर लाठी से वार कर चोटें मारी। छिन्द्रसिंह के अनुसार रणजीत के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक मुकदमा दर्ज है। उसके परिवार को इन लोगों से जान-माल का खतरा बना हुआ है। वहीं दूसरे पक्ष की तरफ से जसवीर सिंह (69) पुत्र करतार सिंह निवासी चक जहाना ने मुकदमा दर्ज करवाते हुए बताया कि 18 जून को रात्रि करीब 9.30 बजे वह व उसकी पत्नी जसवीर कौर, बेटा जुगमीत सिंह, भतीजा रणजीत अपने घर में थे। उसी दौरान छिन्दा पुत्र मुकन्द सिंह, लखविन्द्र उर्फ खिन्दी पुत्र छिन्दा सिंह, कुलविन्द्र पुत्र छिन्दा सिह, मन्दरसिंह पुत्र मुकन्द सिंह, बलराज सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह, गुरमीत सिंह पुत्र हंसासिह, मंगासिंह पुत्र सलीम सिंह, कालू पुत्र सलीम सिंह, जग्गासिंह पुत्र सलीम सिंह, प्रियंका पुत्री छिन्दासिंह निवासी चक जहाना, वीजा सिंह पुत्र रामकुमार निवासी बहलोलनगर डण्डे, लोहे की गरारी लगी हुई रॉड, लोहे की पाइप, कृपाण आदि लेकर घर में घुस गए। उससे, उसकी पत्नी, बेटे व भतीजे पर जानलेवा हमला करते हुए मारपीट करने लगे। उसके हाथ पर लोहे की रॉड से एवं गले के पास डण्डे से वार कर चोट मारी। जसवीर कौर के सिर एवं कमर में लोहे की रॉड से एवं पेट में लात-घूसों से वार कर चोटें मारी। जुगमीत सिंह के दोनों हाथ, हाथ के मोडे पर लोहे की रॉड से एवं कमर में डण्डों से वार कर चोट मारी। रणजीत के पैर पर डण्डे से वार कर चोट मारी। बाइक क्षतिग्रस्त कर दी। धमकी देने लगे कि एक-एक को गोली मारकर जान से मारेंगे। मौके पर आसपास के लोगों ने आकर बीच-बचाव किया। इस पर यह लोग उसकी पत्नी जसवीर कौर के कानों में पहनी सोने की बालियां छीनकर आइंदा जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। इसके बाद उसे, उसकी पत्नी व बेटे को चोटें लगने के कारण राजकीय जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया। उसकी पत्नी व बेटे का इलाज चल रहा है। पुलिस ने परस्पर मुकदमे दर्ज कर जांच एएसआई विजय सिंह को सौंपी है।

# बंदूक-रिवॉल्वर व बारह जिंदा कारतूस बरामद

## » कार सवार हरियाणा के सिरसा जिला निवासी दो व्यक्ति गिरफ्तार

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

खुइयां थाना पुलिस ने गश्त के दौरान कार्रवाई करते हुए कार से बंदूक-रिवॉल्वर व बारह जिंदा कारतूस बरामद किए। मौके से हरियाणा के सिरसा जिला निवासी दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया। जानकारी के अनुसार खुइयां पुलिस थाना के एएसआई ओमप्रकाश के नेतृत्व में टीम देर रात्रि को गश्त कर रही थी। गश्त करते हुए पुलिस टीम गांव कर्मशाना में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के नजदीक पहुंची तो चौराहा पर एक कार खड़ी दिखाई दी। चालक ने पुलिस के वाहन को आते देखकर कार को अचानक स्टार्ट कर गली में मोड कर भगाई। पुलिस ने शक होने पर पीछा कर कार को रुकवाया तो उसमें आगे की सीटों पर दो व्यक्ति बैठे मिले। नाम-पता पूछा तो चालक ने अपना नाम मनप्रीत सिंह (35) पुत्र उपकार सिंह निवासी मकान नम्बर 245 सपड़ा वाली गली, सदर बाजार सिरसा हरियाणा व दूसरी सीट पर बैठे शख्स ने अपना नाम संदीप कुमार (44) पुत्र चन्द्रभान सिंह जाट निवासी गली नम्बर 3, सुखसागर कल्याणनगर सिरसा हरियाणा बताया। मनप्रीत सिंह व संदीप कुमार से पुलिस को देखकर कार को भगाने का कारण पूछा तो दोनों संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो पीछे की सीट पर 12 बोर की एक बंदूक रखी मिली। वहीं कार के डेशबॉर्ड में कुल 8 जिंदा कारतूस व एक रिवॉल्वर मिला। रिवॉल्वर में 4 जिंदा कारतूस भरे हुए थे। मनप्रीत सिंह एवं संदीप कुमार से इन हथियारों को कब्जा में रखने और परिवहन करने संबंधी लाइसेंस/परमिट पूछा तो अपने पास कोई वैध लाइसेंस/परमिट नहीं होना बताया। इस पर पुलिस ने बंदूक, रिवॉल्वर व 12 जिंदा कारतूस बरामद कर कार सवार मनप्रीत सिंह व संदीप कुमार को गिरफ्तार कर लिया। कार जब्त कर आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया। प्रारंभिक पूछताछ में मनप्रीत सिंह ने उक्त हथियार सिरसा से लेकर आने की जानकारी पुलिस को दी। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में एएसआई ओमप्रकाश, हैड कांस्टेबल जगदीश, कांस्टेबल मांगीलाल, अर्जुन, जयप्रकाश, रामकुमार व देवीलाल शामिल थे।

# रोटरेक्ट क्लब का पौधा वितरण अभियान शुरू

## » कॉलोनीवासियों को वितरित किए फलदार, फूलदार और छायादार पौधे

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़




पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए रोटरेक्ट क्लब ने जंक्शन की बाबा श्यामसिंह कॉलोनी से घर-घर पौधा वितरण अभियान की शुरुआत की। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना और लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित करना है। इस पहल के तहत क्लब के सभी सदस्य कॉलोनी में एकत्रित हुए। इसके बाद कॉलोनीवासियों को पौधों का वितरण शुरू किया। इस दौरान फलदार, फूलदार और छायादार पौधे वितरित किए गए। इस अभियान के दौरान क्लब सदस्यों ने लोगों को पौधों की देखभाल के बारे में भी जागरूक किया। उन्होंने बताया कि पौधों को नियमित रूप से पानी देना, खाद देना और उनकी सुरक्षा करना कितना महत्वपूर्ण है। कॉलोनी के निवासियों ने इस अभियान की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के अभियान से हमें न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूकता मिलती है, बल्कि हमारे आस-पास की हरियाली भी बढ़ती है। क्लब की यह पहल निश्चित रूप से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस प्रकार के अभियानों से लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ती है और वे हरियाली बढ़ाने के प्रयासों में शामिल होते हैं। क्लब अध्यक्ष पारस गर्ग के अनुसार क्लब का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को संरक्षित करना और हरित भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाना है। पौधारोपण इस दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। क्लब सदस्यों ने इस अभियान में पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। क्लब भविष्य में भी इस प्रकार के अभियानों को जारी रखेगा और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देता रहेगा। इस अभियान में क्लब सचिव मोहित बंसल, निखिल गर्ग, कुणाल गोयल, प्रत्येक गोयल, रजत तंवर, विशु शर्मा शामिल हुए।

# चिट्टे की खरीद-फरोख्त के कार्य का विरोध करना पड़ा महंगा

## » रास्ते में रोककर कनपटी पर तानी पिस्तौल, गोली नहीं चली तो तलवारों से किया हमला

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

मादक पदार्थ चिट्टे की खरीद-फरोख्त के कार्य का विरोध करना एक युवक को महंगा पड़ गया। चिट्टे की खरीद-फरोख्त करने वाले ने अपने दो-तीन साथियों के साथ मिलकर उक्त युवक पर रास्ते में रोककर हमला कर दिया। कनपटी पर पिस्तौल तान दी लेकिन गोली नहीं चली तो तलवारों से हमला कर चोटें मारी व कार क्षतिग्रस्त कर दी। घायल युवक का राजकीय जिला चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। इस संबंध में घायल युवक के पर्चा बयान के आधार पर जंक्शन पुलिस थाना में एक नामजद व दो-तीन अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। जानकारी के अनुसार टाउन के राजकीय जिला चिकित्सालय के ट्रोमा सेंटर में भर्ती मंगलदीप सिंह (35) पुत्र कुलदीप सिंह जटसिख निवासी वार्ड 7, सतीपुरा हाल वार्ड 58, सुरेशिया ने पुलिस को दिए पर्चा बयान में बताया कि गांव सतीपुरा निवासी अमनदीप पुत्र बलदेव सिंह जटसिख चिट्टे का काम करता है जबकि वे चिट्टे का विरोध करते हैं। इस कारण अमनदीप सिंह उससे रंजिश रखता है। बुधवार दोपहर करीब दो बजे वह सुरेशिया से अपने घर सतीपुरा कार नम्बर आरजे 31 सीसी 1295 से जा रहा था। सतीपुरा पुलिया संगरिया बस स्टैंड पर पहुंचा तो पीछे से एक सफारी कार आई और उसकी कार के आगे आकर रुक गई। कार में से अमनदीप व 2-3 अन्य लड़के उतरे। अमनदीप ने आते ही 315 बोर पिस्तौल मेरी कनपटी पर लगा दिया लेकिन पिस्तौल चला नहीं। उसके साथ वालों के पास तलवारें थीं। अमनदीप व उसके साथियों ने तलवार से हमला कर दिया। इससे उसका दाहिना हाथ फ्रैक्चर हो गया। अमनदीप वगैरा ने उसका मोबाइल फोन तोड़ दिया और कार भी क्षतिग्रस्त कर दी। मौके पर एकत्रित हुए आसपास के दुकानदारों ने बीच-बचाव करवाया। अमनदीप वगैरा उसकी कार की चाबी साथ ले गए। पुलिस ने पर्चा बयान के आधार पर संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। जांच हैड कांस्टेबल विजय सिंह कर रहे हैं। पुलिस के अनुसार इस मुकदमे में नामजद अमनदीप के खिलाफ जंक्शन पुलिस थाना में एनडीपीएस व आर्म्स एक्ट के मुकदमे दर्ज हैं। उसे पिछले दिनों ही गिरफ्तार किया गया था। अमनदीप सिंह हाल में ही जेल से जमानत पर बाहर आया है।

# 13 किलोग्राम पोस्त बरामद, दो महिलाएं गिरफ्तार

## » एक बठिंडा तो दूसरी सिरसा जिला निवासी

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



टाउन थाना पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए पंजाब के बठिंडा व हरियाणा के सिरसा जिला निवासी दो महिलाओं के कब्जे से 13 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद किया है। गिरफ्तार दोनों महिलाओं के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर पुलिस आगामी जांच में जुटी है। टाउन पुलिस थाना प्रभारी रामचन्द्र कस्वां ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देशन में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान की निरंतरता में कार्यवाहक थाना प्रभारी एसआई रचना बिश्नोई के नेतृत्व में टीम बुधवार रात्रि को गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान पुलिस टीम ने मेगा हाइवे रोड पर रोही लखूवाली में कार्रवाई करते हुए मनजीत कौर (50) पत्नी अजायब सिंह निवासी जीत मील कारखाना रोड, कुटिया के पास रामपुरा फुल जिला बठिंडा पंजाब व जसप्रीत कौर (40) पत्नी जसकरण सिंह निवासी जोगेवाला रोड, मंडी डबवाली जिला सिरसा हरियाणा के कब्जे से 13 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद किया। दोनों महिलाओं को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया। उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार प्रकरण का अनुसंधान जंक्शन पुलिस थाना की एसआई चुंका के सुपुर्द किया गया है। कार्रवाई करने वाली टीम में एसआई रचना बिश्नोई, लखूवाली पुलिस चौकी प्रभारी एएसआई किशोर सिंह मान, कांस्टेबल राकेश व महंगा सिंह शामिल रहे। इस कार्रवाई में लखूवाली पुलिस चौकी के कांस्टेबल राकेश की विशेष भूमिका रही।



# नियमित योग से बने शरीर के साथ मानसिक रूप से भी मजबूत

**योग** के महत्व को अब संपूर्ण विश्व जानने लगा है। नियमित योग करते रहने से जहां आप शारीरिक रूप से सेहतमंद बने रह सकते हैं वहीं आप मानसिक रूप से भी मजबूत बन सकते हैं। मन की मजबूत से ही जीवन में सफलता मिलती है। आओ जानते हैं कि किस तरह होगा यह संभव।

## 1.योगासन

बचपन में हमारा शरीर लचकदार था। उम्र बड़ने के साथ हड्डियां कड़क होती गई। हार्ड बोन के टूटने का खतरा भी बढ़ जाता है। एक बच्चा जब छोटी-मोटी जगह से गिरता है तो फ्रेक्चर होने के कम चांस है, लेकिन जवान व्यक्ति जब गिरता है तो फ्रेक्चर होने के चांस ज्यादा होते हैं। योग हमारी हड्डियों को फिर से लचकदार बनाकर लंबे समय तक उनके कैल्शियम के क्षरण को रोकता है।

योगासन का शरीर लचीला और सॉफ्ट होता है। इसे अतिरिक्त भोजन की आवश्यकता नहीं होती और यह सभी तरह के रोग से बचने की क्षमता रखता है। लगातार योग करने के बाद योग छोड़ भी देते हैं तो इससे शरीर में किसी भी प्रकार का ढलाव नहीं आता और हाथ-पैर में दर्द भी नहीं होता। जब स्फूर्ती दिखाने का मौका होता है तो यह शरीर एकदम से सक्रिय होने की क्षमता रखता है।

यदि आहार नियम का पालन करते हुए लगातार सूर्य नमस्कार के साथ आप योग के प्रमुख आसन करते रहते हैं तो 4 माह बाद आपका शरीर एकदम लचीला होकर स्वस्थ हो जाएगा। आप हरदम एकदम तरो-ताजा और खुद को युवा महसूस करेंगे। योगासनों के नियमित अभ्यास से मेरूदंड सुदृढ़ बनता है जिससे शिराओं और धमनियों को आराम मिलता है। शरीर के सभी अंग-प्रत्यंग सुचारु रूप से कार्य करते हैं। यही मस्तिष्क को सुदृढ़ करने का प्रारंभिक चरण है।

## 2. प्राणायाम

मस्तिष्क की कार्य क्षमता और मजबूती बढ़ती है प्राणायाम से। इससे मस्तिष्क में ऑक्सिजन का लेवल बढ़ जाता है। प्राणायाम करते रहने से मन में कभी भी उदासी, खिन्नता और क्रोध नहीं रहता है। मन हमेशा प्रसन्नचित्त रहता है जिसके चलते आपके आसपास एक खुशनुमा माहौल बन जाता है। आप जीवन में किसी भी विपरीत परिस्थिति से हताश या निराश नहीं होंगे। आप चाहें तो ध्यान को भी अपनी नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाकर मस्तिष्क को और भी मजबूत कर सकते हैं।

मस्तिष्क में किसी भी प्रकार का द्वंद्व और विकार नहीं रहता है। व्यक्ति की सोच बहुत ही विस्तृत होकर परिष्कृत हो जाती है। परिष्कृत का अर्थ साफ-सुथरी व स्पष्ट। ऐसे में व्यक्ति की बुद्धि बहुत तीक्ष्ण हो जाती है तथावह जो भी बोलता है, सोच-समझकर ही बोलता है। भावनाओं में बहकर नहीं बोलता है। योग करते रहने का प्रभाव यह होता है कि शरीर, मन और मस्तिष्क के ऊर्जावान बनने के साथ ही आपकी सोच बदलती है। सोच के बदलने से आपका जीवन भी बदलने लगता है। योग से सकारात्मक सोच का विकास होता है।

यदि किसी भी प्रकार का मानसिक रोग है तो वह मिट जाएगा, जैसे चिंता, घबराहट, बेचैनी, अवसाद, शोक, शंकालु प्रवृत्ति, नकारात्मकता, द्वंद्व या भ्रम आदि। एक स्वस्थ मस्तिष्क ही खुशहाल जीवन और उज्ज्वल भविष्य की रचना कर सकता है। योग से जहां शरीर की ऊर्जा जाग्रत होती है, वहीं हमारे मस्तिष्क के अंतरिम भाग में छिपी रहस्यमय शक्तियों का उदय होता है। जीवन में सफलता के लिए शरीर की सकारात्मक ऊर्जा और मस्तिष्क की शक्ति की जरूरत होती है। यह सिर्फ योग से ही मिल सकती है, अन्य किसी कसरत से नहीं।

## 3. ध्यान

लगातार ध्यान करते रहने से कम होने लगते हैं मन में विचार, श्वास-प्रश्वास में होता सुधार, सकारात्मक सोच का होता है निर्माण, अनावश्यक भय, चिंता और डिप्रेशन होता है दूर और मस्तिष्क में होता है प्राणों का संचार। साथ ही ब्लड प्रेशर होता नियंत्रित, मोमोरी पॉवर बढ़ती, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती, आंखों की ज्योति बढ़ती और मन होता है मजबूत।





# मस्तिष्क और मन को निरोग रखता है योग

**योग** हमारा आध्यात्मिक और वैज्ञानिक ज्ञान है। योग की सार्थकता को दुनिया के कई धर्मों ने स्वीकार किया है। योग सिर्फ व्यायाम का नाम नहीं है बल्कि मन, मस्तिष्क, शारीरिक और विकारों को नियंत्रित करने का माध्यम भी है। जब समाज अच्छा होगा तो देश की प्रगति में हमारा अहम योगदान होगा। 21 जून यानी की आज विश्व योग दिवस है। पहली बार यह 2015 को मनाया गया। यह भारत के प्रयास से ही सफल हो सका है। पूरी दुनिया आज योग और प्राणायाम की तरफ बढ़ रही है। योग भारत के लिए आने वाले दिनों में बड़ा बाजार साबित हो सकता है। विश्व के लगभग 200 से अधिक देश भारत की इस गौरवशाली वैदिक परंपरा का अनुसरण कर रहे हैं। योग को अब वैश्विक मान्यता मिल गई है। कोरोना संक्रमण काल में भी योग हमारे लिए संजीवनी साबित हो रहा है। हम योग को अपना कर इस महामारी में भी अपने स्वस्थ रख सकते हैं।

भगवान कृष्ण ने गीता में स्वयं कहा है कि 'योगः कर्मसु कौशलम' यानी हमारे कर्मों में सर्वश्रेष्ठ योग है। योग यज्ञ है और यज्ञ कर्म है। योग जीवात्मा और परमेश्वर के मिलन का साधन मात्र ही नहीं बल्कि ईश साधना का भी साध्य भी है। योगेश्वर भगवान कृष्ण ने योग को सर्वोपरि बताया है। उन्होंने कहा है कि 'योगस्थः कुरु कर्माणि' इसका तात्पर्य है कि योग में स्थिर होकर ही सद्चित कर्म संभव है। गीता का छठवां अध्याय योग को समर्पित है।

भारत में योग की परंपरा 5000 हजार साल पुरानी है। 11 दिसम्बर 2014 को इसका प्रस्ताव दिया था। अमेरिका और यूरोप समेत दुनिया के 177 देशों ने भारत के पक्ष में वोट किया था, जिसके बाद भारत दुनिया का विश्वगुरु बन गया। संयुक्त राष्ट्र संघ ने 90 दिनों के भीतर पीएम मोदी के प्रस्ताव को मंजूर किया। हम योग के 21 आसनों को अपनाकर अपनी जिंदगी को सुखी, शांत और निरोगी बनाकर खुशहाल जीवन जी सकते हैं। जब हम तन और मन से स्वस्थ रहेंगे तो राष्ट्र निर्माण और उसके विकास में अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं।

योगगुरु बाबा रामदेव योग को वैश्विक मान्यता मिलने पर इसे भारत की जीत बताया था। दुनिया योग को अपने जीवन की दिनचर्या बना लिया है। योग संपूर्ण जीवन और चिकित्सा पद्धिति बन गया है। दुनिया में शांति युद्ध से नहीं योग से आएगी। भारत के साथ दुनिया में 20 करोड़ से अधिक लोग योग साधना का लाभ उठा रहे हैं। आधुनिक युग की व्यस्त दिनचर्या में योग हमारे लिए अमृत है। अपनी जिंदगी को खुशहाल और डिप्रेशन मुक्त बनाने के लिए योग हमें खुला आकाश देता है। हम धर्म, जाति, भाषा, संप्रदाय के साथ बंधकर स्वयं के साथ देश का अहित करेंगे।

योगशास्त्र का इतिहास गौरवशाली उपलब्धि से अटा पड़ा है। हमारे यहां लययोग, राजयोग का भी वर्णन है। योगशास्त्र का इतिहास गौरवशाली उपलब्धि से अटा पड़ा है। हमारे यहां लययोग, राजयोग का भी वर्णन है। चित्त की निरुद्ध अवस्था लययोग में आती है। राजयोग सभी योगों से श्रेष्ठ बताया गया है। महर्षि पतंजलि की योग परंपरा भारत में अधिक संमृद्धशाली है। योगगुरु बाबा रामदेव आज पतंजलि योग व्यवस्था के संवाहक बने है। दुनिया भर में योग की महत्व स्थापित करने में पतंजलि योग संस्थान ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

योग और आयुर्वेद को उन्होंने वैश्विक स्वीकारोक्ति बना दिया है। पतंजलि योग साधना के आठ आयाम हैं। जिसमें यम, नियम, आसन, प्रणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि है। योग का संबंध सिंधु घाटी सभ्यता से भी है। प्राचीन काल की कई मूर्तियां योग मुद्रा में स्थापित हैं।

भगवान शिव को योग मुद्रा में देखा जा सकता है। बुद्ध की मूर्तियां भी योग साधना में स्थापित हैं। बौद्ध और जैनधर्म में भी योग की महत्ता पर काफी कुछ है। बौद्ध और धर्म के अलावा ईसाई और इस्लाम में सूफी संगीत परंपरा में भी योग की बात आई हैं। भारत की योग व्यस्था को पटल पर लाने में योग गुरु बाबा रामदेव और बीकेएस अंयगर के योगदान को नहीं भूलाया जा सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल से संयुक्तराष्ट्र संघ ने भी योग के महत्व को स्वीकार किया है। प्रधानमंत्री मोदी योग को लेकर स्वयं बेहद जागरूक है। वह योग करते हुए अपने कई वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करते रहते हैं। फिट इंडिया, हिट इंडिया उनका मूलमंत्र है। इसके साथ वह लोगों से अपील करते हैं कि आप योग के जरिए अपने मन, मस्तिष्क और शरीर को स्वस्थ रखें, जिससे आपका सहयोग देश के विकास में अच्छे तरीके से हो।

विज्ञान और विकास के बढ़ते कदम तनाव की जिंदगी दे रहा है। जिंदगी की गति अधिक तेज हो चली है। लोगों के जीने का नजरिया बदल रहा है। काम का अधिक दबाव बढ़ रहा है इससे हाईपर टेंशन, और दूसरी बीमारियां फैल रही हैं। तनाव का सबसे बेहतर इलाज योग विज्ञान में हैं, वहीं लोगों में सुंदर दिखने की बढ़ती ललक भी योग और आयुर्वेद विज्ञान को नया आयाम देगी। यह पूरे भारत के लिए गर्व का विषय है। आम आदमी के जिंदगी में तनाव तेजी से बढ़ रहा है।

पूरी जिंदगी असंमित हो गई है, जिसकी वजह से परिवार में तनाव और झगड़े होते हैं। लोगों के पास आज पैसा है लेकिन शांति नहीं है, जिसकी वजह से परिवार में संतुलन गायब है। लोग खुद से संतुष्ट नहीं है। इस स्थिति से निकालने के लिए योग सबसे बेहतर उपाय हो सकता है। इसलिए भाग दौड़ की जिदंगी को अगर संयमित और संतुलित करना है तो मन को स्थिर रखना होगा। जब तक हमें मानसिक शांति नहीं मिलेगी तब तक हम जीवन के विकारों से मुक्त नहीं हो सकते हैं। उस स्थिति में योग ही सबसे सरल और सुविधा युक्त माध्यम हमारे पास उपलब्ध है।

हमारी हजारों साल की वैदिक परंपरा को वैश्विक मंच मिला है। योग का प्रयोग अब दुनिया भर में चिकित्सा विज्ञान के रूप में भी होने लगा है, उसे स्थिति हमें अपने जीवन के साथ जीने का नजरिया भी बदलना होगा। योग से संबंधित यूनिवर्सिटी, शोध संस्थान, आयुर्वेद मेडिसिन उद्योग नई उम्मीदें और आशाएं लेकर आएगा। भारत और दुनिया भर में योग के लिए संस्थान स्थापित हुए हैं। योग को पर्यटन उद्योग के रूप में विकसित किया जा सकता है। योग स्वस्थ दुनिया की तरफ बढ़ता कदम है।



# सुबह की शुरुआत प्राणायाम के साथ कीजिए

**प्राणायाम** अष्टांग योग का चौथा अंग है। जब तक शरीर में प्राणवायु है तब तक ही आयु है। प्राचीन ऋषि वायु के इस रहस्य को समझते थे तभी तो उन्होंने बढ़ती उम्र को रोक देने का शॉर्ट कट निर्मित किया। श्वास को लेने और छोड़ने के दरमियान घंटों का अंतराल प्राणायाम के अभ्यास से ही संभव हो पाता है। कछुए की सांस लेने और छोड़ने की गति इंसानों से कहीं अधिक दीर्घ है। व्हेल मछली की उम्र का राज भी यही है। प्राणायम के माध्यम से आपने यदि सांसों को साथ लिया तो आपकी आयु भी बढ़ जाएगी और कभी कोई रोग नहीं होगा। आओ जानते हैं कि कैसे साधें सांसों को।

सुबह की शुरुआत अनुलोम विलोम से करें- प्राणायाम करते समय 3 क्रियाएं करते हैं- 1.पूरक, 2.कुंभक और 3.रेचक। अनुलोम विलोम में कुंभक नहीं करते हैं। मतलब श्वास लेना और छोड़ना होता है। श्वास लेने की क्रिया को पूरक और श्वास छोड़ने को रेचक कहा जाता है। श्वास अंदर रोकने की क्रिया को कुंभक कहते हैं। अंदर रोके या श्वास बाहर छोड़कर रोक लें। रोकने की क्रिया करते हैं तो नाड़िशोधन प्राणायाम होगा। फेफड़ों के भीतर वायु को नियमानुसार रोकना, आंतरिक और पूरी श्वास बाहर निकालकर वायुरहित फेफड़े होने की क्रिया को बाहरी कुंभक कहते हैं। अनुलोम विलोम में हमें श्वास को रोकना नहीं है बस नियम से लेना और छोड़ना है।

## कैसे करें अनुलोम और विलोम?

1. सबसे पहले आसन पर आलकी-पालकी मारकर शुद्ध वायु में बैठ जाएं।
2. इसके बाद दाएं अंगूठे से अपनी दाहिनी नाक को बंद करें। इस दौरान तर्जनी अंगुली को अंगूठे के नीचे के हिस्से पर हल्के से दबाकर रखें।
3. अब बाईं नासिका से श्वास को भीतर तक खींचे और फिर अनामिका अंगुली से बाईं नासिका को बंद करके अंगूठे को दाईं नासिका से हटाकर श्वास छोड़ दें।
4. अब दाईं नासिका से श्वास को भीतर तक खींचे और फिर अंगूठे से दाईं नासिका बंद करने के बाद अनामिका अंगुली को बाईं नासिका से हटाकर श्वास छोड़ दें।
5. अब बाईं नासिका से श्वास को भीतर तक खींचे और फिर अनामिका अंगुली से बाईं नासिका को बंद करके अंगूठे को दाईं नासिका से हटाकर श्वास छोड़ दें।

अवधिः इसी प्रक्रिया को कम से कम 5 मिनट तक दोहराते रहें। मतलब बाईं नाक से श्वास लेकर दाईं से छोड़ना और दाईं से श्वास लेकर बाईं से छोड़ना। यही अनुलोम विलोम प्राणायाम है।

## इसके 10 फायदे

1. इससे तनाव, चिंता और अवसाद घटता है और शांति मिलती है।
2. यह मस्तिष्क और फेंफड़ों में ऑक्सिजन का लेवल बढ़ा देता है।
3. इसे नियमित करने से नेत्र ज्योति बढ़ती है
4. इससे रक्त संचालन सही बना रहता है।
5. मस्तिष्क के सभी विकारों को दूर करने में यह प्राणायम सक्षम है।
6. फेंफड़ों में जमा गंदगी बहार होती है और फेंफड़े मजबूत बनते हैं।
7. अनिद्रा रोग में यह प्राणायाम लाभदायक है।
8. इस प्राणायाम को करते समय यदि पेट तक श्वास खींची जाए तो यह पाचन क्रिया को मजबूत बनाता है। डाइजेशन सही होता है।
9. इससे नकारात्मक चिंतन से चित्त दूर होकर आनंद और उत्साह बढ़ जाता है।
10. अस्थमा, एलर्जी, साइनोसाइटिस, पुराना नजला, जुकाम आदि रोगों में भी यह प्राणायाम लाभदायक सिद्ध हुआ है।

# शारीरिक और मानसिक फिटनेस के लिए करें योग

**योग** हमें शारीरिक ओर मानसिक रुप से फिट बनाये रखता है। आज के वयस्त समय में व्यक्ति रोगों का शिकार बनता जा रहा है इसके साथ ही मधुमेह और रक्तचाप सहित कई बीमारियों उसे घेरती जा रही है। ऐसे में स्वस्थ रहने उसे योग का सहारा लेना चाहिये। अपने पूरे ट?यक्तिव को निखारने और सामाजिक, ट?यक्तिगत, शारीरिक और मानसिक रूप से बेहरत बनने के लिए योग सबसे बेहतर है।

## दंडासन

यह एक बैठ कर करने वाला आसन है, जिसे लंबे समय तक करने से कई फायदे मिलते हैं। जिन लोगों के पैरों में दर्द रहता है वे इस आसन को 5 से 10 मिनट ज़रूर करें। इसे करने के लिए आप पैरों को आगे की तरफ खोलकर बैठ जाएं और कमर को सीधी रखें। जब हम अधिक देर तक इसी अवस्था में बैठते हैं, तो शरीर में बेहतर तरीके से रक्त प्रवाह होता है और पैरों का दर्द ठीक होने लगता है।

## शलभासन

पेट के बल लेट जाएं और जांघ के नीचे अपनी दोनों हाथों की हथेलियों को दबाएं। अब बिना घुटनों को मोड़े दोनों पैरों को धीरे से एक साथ उठाने का प्रयास करें। अब ऐसे ही 5 तक की गिनती करें। अब पैरों को धीरे से नीचे रख लें। ऐसा दोबारा करें. कमर दर्द को ठीक करने में ये आसन काफी लाभदायक है।

## तितली आसन

पैरों को मोड़कर तलवों को एक-दूसरे से लगाकर बैठें और कमर गर्दन सीधी रखें। अब हाथों से दोनों तलवों को पकड़कर रखें और घुटनों से पैरों को तितली की तरह उठाएं और नीचे करें। ऐसा आप कुछ देर तक करें।

## वक्रासन

दाहिने पैर को बाएं पैर के घुटनों के पास रखें। दाएं हाथ को पीछे की तरफ रखें। बाएं हाथ को ऊपर की तरफ उठाएंगे और शरीर को घुमाते हुए बाएं हाथ से दाहिने पैर के घुटनों को धकेलते हुए पैरों पर हाथ का ग्रिप बनाएं। गर्दन को धीरे से पीछे की तरफ घुमाएं. अब 10 तक की गिनती करें। धीरे से गर्दन को सामने, हाथ को वापस, पैरों को भी वापस अपनी जगह पर रखें। इसी तरह अब बाईं तरफ से ये सारी प्रक्रिया दुहराएं। मधुमेह मरीजों के लिए यह बहुत लाभदायक है जिन लोगों को कब्ज की समस्या है, उन्हें भी इसका नियमित अभ्यास करना चाहिए।

# जैतसर के समीप सरकारी नर्सरी में हिरणों के शिकार से लोगों में आक्रोश भड़का, मैन रोड़ पर चक्काजाम

## - गोली लगने से मारे गए दो हिरनों के शव मिले, अज्ञात शिकारियों द्वारा अनेक मृत हिरण उठा ले जाने की आशंका

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी





अनूपगढ़ जिले के जैतसर थाना क्षेत्र में सरकारी नर्सरी में विचरते हिरणों पर अज्ञात शिकारियों ने पानी चलाई गोलियां चलाई जिससे आधा दर्जन हिरणों की मौत हो गई तथा दो घायल हो गए।यह दोनों हिरण दूर जाकर बेहोश होकर गिर गए। उनकी भी मौत हो गई। जैतसर में श्रीगंगानगर मार्ग पर चक 2-एलसी के नजदीक सरकारी नर्सरी में यह घटना तब हुई जब हिरण अभ्यास बुझाने के लिए पानी पी रहे थे। इस घटना से वन्य जीव प्रेमी बिश्नोई समाज के लोगों में भारी आक्रोश फैल गया उन्होंने चक 2-एलसी के समीप ही उक्त मेन रोड पर धरना लगाकर वाहनों का चक्का जाम कर दिया। बिश्नोई समाज के लोगों का आरोप है कि अज्ञात शिकारी ने 4-5मृत हिरणों को उठा ले जाने में कामयाबहो गए।बिश्नोई समाज के नरेश पूनिया ने घटना की जानकारी बताया कि कल रात्रि अज्ञात शिकारियों ने हिरणों का शिकार किया।पहले भी शिकारी यहां वन्यजीवों का शिकार करते रहें हैं परन्तु वन विभाग ने फोन पर कोई कार्यवाही नहीं की। शिकारी उल्टा उनको ही धमकियां देते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वन विभाग की मिलीभगत से इलाके में वन्य जीवों का शिकार हो रहा है।सरकारी नर्सरी में लकड़ी माफिया जी बड़े पेड़ों पर आरी चल रहा है। नरेश पूनिया ने बताया कि कल रात जैसे ही शिकारियों द्वारा हिरणों पर गोली चलाने की जानकारी मिली ने उन्होंने लोगोंको इक्कठा किया। घटना के विरोध में उन्होंने चक 2-एलसी के पास चक्का जाम कर दिया। ज़ब तक शिकारियों को मृत हिरणों सहित गिरफ्तार नही किया जाता, तब तक चक्का जाम जारी रहेगा। बिश्नोई समाज के गणमान्य नागरिकों व युवाओं ने इस घटना की घोर निंदा करते हुए गहरा दुःख प्रकट किया है। जैतसर पुलिस थाना प्रभारी इमरान खान दल बल सहित धरना स्थल पर पहुँचे।वन विभाग की टीम भी पहुंची। थाना प्रभारी इमरान खान ने कहा कि शीघ्र ही शिकारियों का पता लगाया। फिलहाल मौके पर दो मृत हिरण पड़े हैं,जिन्हें लेकर क्षेत्रीय लोग धरना लगाए हुए हैं। जैतसर से श्रीगंगानगर आने-जाने वाले इस मार्ग परआवागमन के वाहनों को ब्रेक लग गए हैं।दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लगी हुई हैं। जाम में फंसे हुए लोग इंतजार कर रहे हैं कि कब समझौता हो और कब उन्हें जाने दिया जाएगा बिश्नोई के लोगों ने वन विभाग व पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। बिश्नोई समाज का कहना है कि हम इन जीवों को अपने बेटों की तरह रखते हैं। हमारे खेतों मे यह चारा चरते रहते हैं। ज़ब पानी की किल्लत होती है तब हम इनके लिए कुंड बनाकर उसमें पानी भरते हैं। धरना स्थल पर रामस्वरूप पूनियां मसानीवाला पूर्व कृषि उपज मंडी समिति चयरमैन प्रतिनिधि, नरेश पूनियां जैतसर, रामानंद डाबला, मुकेश सुथार, सीताराम माँजू, भूपराम डारा, देवीलाल सीगड़ डाबला, इंद्राज पूनिया चक 1-एलसी, रमेश गिला जैतसर, राजेश चाहर डाबला, रामकुमार रायल चक 3-एमएसडी पूर्व प्रधान बिश्नोई समाज डाबला,दिलीप सीगड़ पूर्व प्रधान बनवारीलाल सिहाग गौशाला डाबला, विकास रायल चक 3-एमएसडी, विष्णु बोला चक 3-एमएसडी, सतपाल बोला, सीताराम माँजू चक 6-एमएसडी, बिश्नोई समाज के पूर्व प्रधान भूपरम डारा डाबला सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित लोग हैं। देर शाम समाचार लिखे जाने तक शिकारी पकड़े नहीं गए थे और लोगों का धरना जारी था।

### हड्डी एवं जोड़ रोगों के लिए वरदान साबित हो रहा जिला अस्पताल

# यहां की टीम ने किए 275 ऑपरेशन, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में निशुल्क मिला उपचार

तेज. रिपोर्टर | भादरा



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा अनुरूप आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने में जुटे स्वास्थ्य विभाग की बदौलत जिले के हड्डी एवं जोड़ रोग संबंधी मरीजों को जिला अस्पताल में लाभ मिल रहा है। यहां की टीम ने 275 मरीजों के सफल ऑपरेशन कर उन्हें कूल्हे एवं घुटनों के दर्द से निजात दिलाई है। वहीं सैंकड़ों मरीजों को दवाओं के जरिए राहत पहुंचाई है। पीएमओ डॉ. दीपक मोंगा के नेतृत्व में एचओडी डॉ. केके जाखड़, डॉ. सुमित पेंसियां, डॉ. प्रदीप, हेल्पर स्टाफ, एनेस्थीसिया व ओटी स्टाफ सहित पूरी टीम इसमें अहम योगदान दे रही है। जिला अस्पताल में भर्ती गांव 20 पीएस निवासी 65 वर्षीय सुरेंद्र कौर का गुरुवार को सफल ऑपरेशन हुआ। वे लंबे अर्से से घुटनों में दिक्कत के चलते चलने-फिरने में असमर्थ हो रही थी और दर्द के कारण काफी परेशान थी। उन्होंने जिला अस्पताल में जांच करवाई तो उन्हें ऑपरेशन का कहा गया और आवश्यक दवाएं देने के बाद गुरुवार को ऑपरेशन कर दिया गया। परिजन सिमरजीत सिंह ने बताया कि यदि हम निजी अस्पताल में उपचार करवाते तो करीब डेढ़ लाख रुपए खर्च आता, जबकि एक सामान्य परिवार के लिए इतनी राशि जुटाना मुश्किल होता है। हम मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और चिकित्सकों के आभारी हैं कि न केवल सफल बल्कि निशुल्क ऑपरेशन हुआ। इसी तरह यहां भर्ती 62 वर्षीय गुड्डी देवी का चार दिन पहले ऑपरेशन हुआ, जो आज स्वस्थ हैं। उन्हें शुक्रवार तक छुट्टी दे दी जाएंगी। गुड्डी देवी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर केके जाखड़ सहित पूरी टीम का आभार जताते हुए कहा कि, जब मुझे अस्पताल लाया गया तो एक डर था कि कैसा उपचार मिलेगा, कैसा स्टाफ का व्यवहार होगा और कितना खर्चा आएगा। लेकिन आज मैं बेहद खुश हूं क्योंकि यहां के चिकित्सकों ने बहुत सही उपचार किया, स्टाफ का व्यवहार बहुत अच्छा है और किसी भी तरह का कोई पैसा भी नहीं लगा। कमोबेश ऐसी ही दास्तां सोनू की है, जो ऑपरेशन करवाने के बाद अब अपनी सामान्य जिंदगी जी रहे हैं, जबकि पहले उन्हें चलने में परेशानी होती थी और दर्द की वजह से अनेक तरह की दवाएं लेनी पड़ती थी। अब ऑपरेशन के बाद वे अपना कामकाज अच्छे से कर पा रहे हैं। राज्य सरकार एवं जिला अस्पताल टीम का आभार जताते हुए उन्होंने कहा कि किसी के घुटनों या कूल्हे आदि में दर्द हो तो वे जिला अस्पताल में हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञों से संपर्क करें ताकि उन्हें जल्द राहत मिल सकें। साथ ही मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में निशुल्क उपचार होगा।

### यूं मिल रही राहत

सीओआईईसी विनोद बिश्नोई ने बताया कि जिला अस्पताल के हड्डी एवं जोड़ रोग अनुभाग में मई 2024 तक 246 ऑपरेशन हुए। वहीं जून माह में ही अब तक 29 ऑपरेशन हो चुके हैं। सभी 275 ऑपरेशन में से 45 कूल्हे एवं 230 घुटनों के ऑपरेशन हुए। प्रति ऑपरेशन करीब एक से डेढ़ लाख रुपए खर्च आता है जबकि जिला अस्पताल में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में राजस्थान निवासियों को पूर्णतः निशुल्क लाभ मिल रहा है।

## कृषि महाविद्यालय में लगाये परिंडे



**तेज रिपोर्टर. भादरा।** नव स्थापित राजकीय कृषि महाविद्यालय जोगीवाला परिसर में भीषण गर्मी के मौसम को देखते हुए बेजुबान पक्षियों और प्रकृति को बचाने के लिए परिसर में परिंडे लगाने के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर बी एल पुनिया और स्टाफ के साथ विद्यार्थियों ने 12 परिंडे लगवाए। इस अवसर पर डॉक्टर पूनिया ने कहा कि पक्षि और प्रकृति हमारे जीवन स्वस्थ रखने के लिए बहुत ही जरूरी है ,इसलिए सभी लोग अपने घरों के आसपास परिंडे लगाते हुए पुण्य के भागीदार बने।

## राज्यपाल मिश्र को बीमा लोकपाल राजस्थान ने वर्ष 2023-24 का वार्षिक प्रतिवेदन सौंपा



**जयपुर।** राज्यपाल कालराज मिश्र को आज जयपुर में बीमा लोकपाल राजस्थान का वर्ष 2023-24 का वार्षिक प्रतिवेदन सौंपा गया। राजस्थान के बीमा लोकपाल राजीव दत्त शर्मा ने बीमा लोकपाल कार्यालय से संबन्धित गतिविधियों की जानकारी राज्यपाल को दी। राजस्थान बीमा लोकपाल कार्यालय में वर्ष 2023-24 में 2308 बीमा से संबन्धित शिकायतें प्राप्त हुई। इन में से 1482 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया शेष 826 कार्यवाही योग्य नही थी। इन शिकायतों में से 588 शिकायतें जीवन बीमा से जुड़ी प्राप्त हुई जिसमे 276 शिकायतों का निस्तारण किया गया शेष कार्यवाही योग्य नही थी । 386 शिकायतें सामान्य बीमा के संबंध में थी जिसमे 188 दावों का निस्तारण किया गया। साथ ही 1334 स्वास्थ्य बीमा से जुड़ी थी जिसमे 1018 का निस्तारण किया गया।

इस वर्ष विभिन्न प्रकार बीमा से जुड़ी शिकायतों में 20.77 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। लेकिन जयपुर केंद्र का 31 मार्च 2024 तक शिकायतों का निस्तारण शत-प्रतिशत रहा है।

# किसान संगठन आज कलक्टर को सौंपेंगे ज्ञापन

तेज. रिपोर्टर | हनुमानगढ़

अखिल भारतीय किसान सभा व किसान संगठनों द्वारा कल मुख्यमंत्री के नाम जिला कलक्टर हनुमानगढ़ को ज्ञापन दिया जाएगा। अभी किसानों को जमीन कुर्की के नाम पर नोटिस भेजे जा रहे हैं और किसनो की जमीन को निलाम करना चाहती है। किसानों से जमीन छीनना चाहती है जो की हम होने नहीं देंगे। अभी डीआरटी कोर्ट द्वारा जमीन नोटिस बैंकों की मिली भगत में जिला प्रशासन राज्य सरकार सब मिलकर किस को लूटना चाहते हैं जबकि चुनाव में यह वादा किया था की किसानों का सभी तरह का लोन माफ करेंगे लेकिन किस के लोन तो माफ करना दुर उनकी जमीन भी छीनी जा रही है जिसे सहन नहीं करेंगे और कल जिला कलक्टर के मार्फत मुख्यमंत्री से मांग करते हैं कि इस बजट में किसानों की सभी तरह के जो ऋण है वह माफ किए जाएं। प्रेस की विज्ञप्ति जारी कर रघुवीर सिंह वर्मा ने बताया कि तमाम किसानों से जिनको नोटिस आए। उनसे अपील लेकर ज्यादा से ज्यादा संख्या में कल 11.00 बजे लाल चौक स्थित किसान सभा के कार्यालय पहुंचे।

# गंदा पानी, मिलावटी खाद्य पदार्थ और चिट्टे सहित मेडिकल सिंथेटिक नशे के खिलाफ़ जन आंदोलन का आह्वान

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी



श्री गंगानगर जिलेमें जहर से मुक्ति आन्दोलन की आज विधिवत शुरुआत लालगढ़ के स्व रिशपाल भादू हैंडबाल स्टेडियम में हुई,जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की।इस मौके पर आंदोलन के संयोजक मनिंदर सिंह मान, सह संयोजक रविंद्रसिंह तरखान, सुखवीरसिंह फौजी, गुरलाल बराड़, देवीदयाल चावला, कामरेड रामेश्वर भादू, भानीराम भादू, महेंद्र वर्मा, बंशी लुहार, बाबूलाल सैनी, डॉ. ओम पारीक, लीलाधर वर्मा, दयानंद , प्रदीप किरोड़ीवाल, पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष रामनिवास डूडी, नगरमंडल कांग्रेस अध्यक्ष कपिल जाखड़ आदि लोग उपस्थित रहे। स्टेडियम में हुई जनसभा के दौरान वक्ताओं ने पंजाब से सतलुज व्यास के रास्ते राजस्थान की तीनों नहर परियोजनाओं में प्रवाहित कैमिकलयुक्त जहरीला पानी की रोकथाम करने, जिले में डेयरी उत्पाद सहित मिलावटी खाद्य वस्तुओं पर अंकुश लगाने व चिट्टा सहित मेडिकल व सिंथेटिक नशे के कारोबार की रोकथाम को लेकर अपने विचार रखे। आंदोलन के संयोजक मनिंदरसिंह मान ने कहा कि राजस्थान और पंजाब की जनता काला ज़हर पीकर और बीमार होकर मरने की कगार पर है।नहरों में प्रवाहित गंदे पानी में विद्यमान तत्त्व आर्सेनिक, यूरेनियम, सायनाइड, लेड आदि को ट्रीट करना संभव नहीं है जबकि हमें ट्रीटमेंट प्लांट लगाकर संतुष्ट किया जा रहा है। मान ने कहा कि लुधियाना के नजदीक बुड्ढा नाला कैंसर का सबसे खतरनाक वाहक है। वहां लगे ट्रीटमेंट प्लांट अपनी क्षमता से आधे पानी को ट्रीट कर रहे है।शेष पानी को दूसरे रास्ते बाईपास किया जा रहा है। मान ने कहा कि जन जन की भागीदारी से सरकारों को गहरी नींद से जगाया जा सकता है तभी जनहित में सरकार फैसले करेगी।आंदोलन के सह संयोजक रविंद्रसिंह तरखान ने कहा कि आजादी के 78 साल बाद भी जनता को पीने का शुद्ध पानी नहीं मिले तो राजस्थान की विधानसभा में विधायकों को विशेष सत्र बुलाने के लिए दबाव बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वे हनुमानगढ़ श्रीगंगानगर जिले के सभी 11 विधायकों से मुलाकात करेंगे और जुलाई में शुरू होने वाली विधानसभा में पेयजल आपूर्ति के मुद्दे पर विशेष सत्र चलाने की मांग करेंगे। उससे पूर्व 5 जुलाई व 20 जुलाई को होने वाली ग्राम सभाओं में उक्त तीनों प्रकार के ज़हर के खिलाफ प्रस्ताव पारित करवाएंगे।जिला परिषद, पंचायत समिति व नगर निकायों से भी प्रस्ताव लिए जाएंगे। तरखान ने जिले में तेजी से पनप रहे नशे पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा चिट्टा के कारोबार जिले में तेजी पनप रहा है।रोजाना ओवरडोज में मरने वालों की खबरे आ रही हैं।

# नोहरः विभाग द्वारा भ्रामक, मिथ्या व भिन्न सूचना देने पर आरटीआई कार्यकर्ता ने आयोग का दरवाजा खटखटाया

तेज. रिपोर्टर | चारणवासी



नोहर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा सूचना के अधिकार में भ्रामक, मिथ्या व भिन्न सूचना देने पर आरटीआई कार्यकर्ता द्वारा सूचना आयोग का दरवाजा खटखटाया है। बताते चलें कि सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(1) के तहत आरटीआई प्रथम आवेदन व्यक्तिगत रूप से पेश होकर लोक सूचना अधिकारी अधिशाषी अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग नोहर को 26 मार्च 2024 को पेश किया जाकर गांव जसाना में जल जीवन मिशन के तहत पुरानी डिग्गी को तोड़कर नई डिग्गी का निर्माण किया गया था जिसमे पुरानी निर्माण सामग्री को तोड़कर विभाग द्वारा जारी निविदा कर पुरानी सामग्री का बेचान कर राजकोष में जमा करवाई गई राशि का विवरण सहित नकल व साथ ही निविदा की प्रति आदि व उक्त निर्माण में विभाग द्वारा बिजली पानी उपयोग के संबंध में संवेदक से वसूल की गई राशि का विवरण, जारी बिल की प्रति आदि की नकल चाही गई। समय अवधि में न देने पर प्रथम अपील लोक सूचना प्रथम अपीलीय अधिकारी एवम अतिरिक्त मुख्य अभियंता बीकानेर को 21 मई 2024 को प्रेषित की गई। प्रथम अपील के बाद लोक सूचना अधिकारी नोहर द्वारा भ्रामक,मिथ्या, व भिन्न सूचना प्रदान की जाकर कानून के साथ खिलवाड़ किया गया। कार्यकर्ता ने मुख्य सूचना आयुक्त राजस्थान राज्य सूचना आयोग के समक्ष द्वितीय अपील मय दस्तावेज प्रेषित कर लोक सूचना अधिकारी से सही एवम वास्तविक सूचना निशुल्क दिलवाने की मांग की है।

# गंगनहर में पानी नहीं बढ़ा तो 24 को चक्काजाम और 28 को किसान संयुक्त मोर्चे ने दी सरकार को चेतावनी

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी



श्रीगंगानगर जिले को सिंचित करने वाली गंगनहर में पंजाब से पानी की मात्रा बढ़ाए जाने की मांग को लेकर किसान संगठनों द्वारा आज मुख्यमंत्री के नाम जिला कलक्टर लोकबंधु को ज्ञापन दिया गया। किसान संगठनों ने मांग की है कि पंजाब से गंग कैनाल में कम से कम 2500 क्यूसेक पानी दिलवाया जाए जो कि फिलहाल इसका आधे से भी कम मिल रहा है। अखिल भारतीय किसान सभा, किसान आर्मी, भारतीय किसान यूनियन और किसान संघर्ष समिति के संयुक्त प्रतिनिधि मंडल ने जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री नाम सौंपे ज्ञापन में गंगनहर में 2500 क्यूसेक पानी उपलब्ध कराने के अलावा पंजाब में पानी चोरी रोकने, सिंचाई पानी की समस्या का स्थाई समाधान हेतु फिरोजपुर फीडर नहर का पुनर्निर्माण और तब तक विकल्प के तौर पर लिंक चैनल नहर से पानी देने की मांग की। किसान संगठनों ने जताया है कि सिंचाई जल की समस्या का जल्द समाधान नहीं करने पर संयुक्त किसान मोर्चा 24 जून को अनूपगढ़ व श्रीगंगानगर की सभी अनाज मंडियों बंद का आह्वान किया हो। इसके बाद 28 जून को दोनों जिलों में किसान कर्फ्यू का ऐलान किया है,जिसके तहत चक्काजाम किया जाएगा। ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधि मंडल में किसान संघर्ष समिति के प्रवक्ता सुभाष सहगल एडवोकेट, अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव गुरचरणसिंह मोड़, किसान आर्मी से संयोजक मनिंदर सिंह मान, रविन्द्र तरखान, अमरसिंह बिश्नोई, सुखवीर सिंह फौजी, अमतेंद्रसिंह क्रांति, मास्टर बलवीर सिंह, भारतीय किसान यूनियन के संदीपसिंह केरा चक,दलवीर सिंह, गुरलाल सिंह बराड़, पवन बिश्नोई, लखवीर सिंह बराड़, लखविंद्र सिंह, यादविन्द्र सिंह ढिल्लो और जसप्रीत सिंह जस्सू आदि किसान शामिल रहे।किसान संघर्ष समिति के प्रवक्ता सुभाष सहगल एडवोकेट ने कहा कि कई वर्षों से इन दिनों पंजाब में धान की बिजाई के समय पानी चोरी बड़े पैमाने पर होती है।नतीजन श्रीगंगानगर जिले की गंगनहर का पानी आधे से भी काम कर दिया जाता है। श्रीगंगानगर जिले के किसानों को निर्धारित शेयर मुताबिक पूरा पानी नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि इस समस्या का स्थाई समाधान फिरोजपुर फीडर का पुनर्निर्माण है। जब तक इस नहर का पुनर्निर्माण नहीं होता तब तक वैकल्पिक रूप से लिंक चैनल के माध्यम से गंग नहर में पानी लिया जा सकता है। सहगल ने कहा कि लिंक चैनल को सुचारू बनाने के लिए भी उसकी सफाई व हैड के गेटों को दुरुस्त करने की जरूरत है। माकपा नेता गुरचरणसिंह मोड़ ने कहा कि गंगनहर में पूरे सिंचाई पानी की महत्ती आवश्यकता होने के बावजूद प्रदेश सरकार व सिंचाई विभाग की गंभीरता साफ दिखाई नहीं दे रही है। ऐसे में किसान आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। किसान संघर्ष समिति के जिलाध्यक्ष अमरसिंह बिश्नोई, सुखवीर सिंह फौजी व अमतेंद्रसिंह क्रांति ने कहा कि किसानों के पास व्यापक व मजबूत आंदोलन ही खेती बचाने का एक मात्र रास्ता है। किसान आर्मी संयोजक मनिंदरसिंह मान व किसान सभा के जिला प्रवक्ता रविन्द्र तरखान ने कहा कि गंगनहर में सिंचाई पानी को लेकर 4 सूत्री मांग पत्र सौंपकर हमने 24 जून को श्रीगंगानगर व अनूपगढ़ जिले की सभी अनाज मंडियों को बंद रखने का आह्वान किया है।संयुक्त किसान मोर्चा के सम्बद्ध सभी किसान संगठनों ने सर्वसहमति से 28 जून को अनूपगढ़ व श्रीगंगानगर जिले में किसान कर्फ्यू का ऐलान किया है,जिसके तहत किसानों द्वारा चक्काजाम कर राजस्थान सरकार व सिंचाई विभाग के खिलाफ मोर्चा खोला जाएगा। किसने की मांग है कि गंगनहर में 2500 क्यूसेक पानी दिया जाए,पंजाब में पानी चोरी पर लगाई जाए, नेहरू पानी की समस्या के स्थाई समाधान के लिए फिरोजपुर फीडर का पुनर्निर्माण अतिशीघ्र करवाया जाए और तब तक वैकल्पिक प्रबंध हेतु लिंक चैनल के माध्यम से पानी लिया जाए। इससे पूर्व लिंक चैनल की साफ सफाई की जाए।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महिलाओं को दी कीमती सौगात....



महिला सशक्तिकरण, महिलाओं के चहुंमुखी विकास तथा उन्हें पुरुष प्रधान समाज में बराबरी का हक दिये जाने की बात तो जोर-शोर से हर कोई किया करता है. मगर धरातल पर देखें तो यह दावे पूरी तरह सच होते नहीं लगते हैं. लेकिन राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल ने महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है. राजस्थान सरकार ने तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षाओं में महिला आरक्षण 50 प्रतिशत करने की घोषणा कर यह साबित किया है कि महिलाओं को बराबरी के स्तर पर आगे ले जाने के लिए वे पूरी तरह कटिबद्ध हैं. पहले महिलाओं के लिए शिक्षक भर्ती में 30 प्रतिशत आरक्षण था. इसके लिए पंचायती राज अधिनियम में संशोधन किया जाना है. मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महिलाओं के 50 प्रतिशत आरक्षण सम्बन्धी अधिनियम में संशोधन के प्रस्ताव को स्वीकृति भी देदी है. इस निर्णय की राजस्थान के महिला जगत में स्वाभाविक रूप से प्रशंसा हो रही है. प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में प्रदेश में करीब 3 लाख तृतीय श्रेणी शिक्षक हैं. विगत काल में तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती होने से अधिक पद रिक्त नहीं हैं. वहीं बताया गया है कि माध्यमिक शिक्षा के लगभग 30 हजार पद रिक्त हैं. कहते हैं कि तृतीय श्रेणी शिक्षको की पदोन्नति होगी तो माध्यमिक शिक्षक पद भरे जाएंगे. उसके बाद तृतीय श्रेणी शिक्षकों के पद रिक्त होंगे. उसके बाद होने वाली भर्ती में 50 प्रतिशत महिलाओं को अवसर मिलेगा. यह उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा केवल वक्तव्य ही देकर अपनी जिम्मेदारियों से मुक्त नहीं हो जाते. वे धरातल पर काम को प्राथमिकता देते हैं. वे कहते बाद में हैं. करते पहले हैं. उनके 15 जून को कार्यकाल के छै माह पूर्ण हो गए हैं उन्होंने 15 दिसंबर 23 को कार्यभार संभाला था. उनके कार्यभार संभालने के पश्चात जिस भांति अपराधी तत्वों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही शुरू की गई है. उसके परिणाम आने लगे हैं. पुलिस प्रशासन पहले से सजग हुआ है. विशेष रूप से नशे के सौदागरों पर जिस भांति सख्ती की गई है. उससे अपराध के आंकड़े निश्चित रूप से गिरेंगे. राजस्थान के इतिहास में पहली बार अपराधियों द्वारा सरकारी सम्पत्ति पर किए गए अतिक्रमणों को पीले पंजे से तहस-नहस करने से अपराधियों में भगदड़ मचेगी. इसका लाभ भी समाज को मिलेगा।

**- राजेन्द्र सारस्वत, स्वतंत्र पत्रकार, श्रीगंगानगर**

# योग में है सर्वे भवन्तु सुखिनः का भाव




डॉ. वंदना सेन

सवाल यह आता है कि वर्तमान के मोहजाल में फंसे विश्व के अनेक देश आज किसी भी चीज में राहत नहीं देख रहा है। पैसे के पीछे भाग रहा पूरा विश्व तनाव भरा जीवन जी रहा है। इस तनाव से मुक्ति पाने का एक ही मार्ग है योग को अपनाना। जिसने अपने जीवन में योग को महत्व दिया है, वह इस तनाव से छुटकारा पाने में सफल रहा है। आज सबसे ज्यादा तनाव का जीवन मुस्लिम देशों में दिखाई देता है। वहां केवल मारकाट की भाषा के अलावा कुछ भी नहीं है।

योग में है सर्वे भवन्तु सुखिनः का भाव विश्व को कल्याण का मार्ग दिखाने के लिए भारत का चिंतन पुरातन काल से रहा है। विश्व का कल्याण करने का भाव भारतीय चिंतन में हमेशा से रहा है। वर्तमान में विश्व में जितनी भी ज्ञान और विज्ञान की बातें की जाती हैं, वह भारत में युगों पूर्व की जा चुकी हैं। इससे कहा जा सकता है कि भारत में ज्ञान और विज्ञान की पराकाष्ठा थी, लेकिन यह हमारा दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि हम विदेशी चमक के मोहजाल में फंसकर अपने ज्ञान को संरक्षण प्रदान नहीं कर सके। जिसके कारण हम स्वयं ही यह भुला बैठे कि हम क्या थे। भारत की भूमि से विश्व को एक परिवार मानने का संदेश प्रवाहित होता रहा है, आज भी हो रहा है। यह अकाट्य सत्य है कि विश्व को शांति के मार्ग पर ले जाने का ज्ञान और दर्शन भारत के पास है। योग विधा एक ऐसी शक्ति है, जिसके माध्यम से दुनिया को स्वस्थ और मजबूती प्रदान की जा सकती है। 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के माध्यम से आज विश्व के कई भारत के साथ खड़े हुए हैं। यह विश्व को निरोग रखने की भारत की सकारात्मक पहल है।

देव भूमि भारत में वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा को आत्मसात करने वाले मनीषियों ने बहुत पहले ही विश्व को स्वस्थ और मजबूत देने का संदेश दिया है। वास्तव में योग में राजनीति देखना संकुचित मानसिकता का परिचायक है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विश्व में योग का जो स्वरूप दिखाई दिया है, वह अपने आप में एक करिश्मा है। करिश्मा इसलिए क्योंकि ऐसा न तो पहले कभी हुआ है और न ही योग के अलावा दूसरा कार्यक्रम हो सकता है। इतनी बड़ी संख्या में भाग लेने वाले लोगों के मन में योग के बारे में अनुराग पैदा होना वास्तव में यह तो प्रमाणित करता ही है कि अब विश्व एक ऐसे मार्ग पर कदम बढ़ा चुका है, जिसका संबंध सीधे तौर पर व्यक्तिगत तथा सामूहिक उत्थान से है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भाग लेने वालों ने एक कीर्तिमान बनाया है।

भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के योग साधकों के साथ मिलकर योग विद्या को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ले जाने की जो पहल की थी, आज उसके सार्थक परिणाम भी दिखाई देने लगे हैं। अब विश्व के कई देशों ने स्वस्थ और मजबूती की राह पर अपने कदम बढ़ा दिए हैं। अब विश्व को निरोग बनाने से कोई ताकत नहीं रोक सकती।



वर्तमान में विश्व के अनेक देश इस सत्य से भली भांति परिचित हो चुके हैं कि योग जीवन संचालन की एक ऐसी शक्ति है, जिसके सहारे तनाव मुक्त जीवन की कल्पना की जा सकती है। हम जानते हैं कि विश्व के कई देशों में जिस प्रकार का विचार प्रवाह है, उससे जीवन की अशांति का वातावरण तैयार हो रहा था और अनेक लोग इसकी गिरफ्त में आते जा रहे हैं। विश्व के कई देश इस बात को जान चुके हैं कि योग के सहारे ही मानसिक शांति को प्राप्त किया जा सकता है। योग दिवस को मिले भारी वैश्विक समर्थन के बाद यह तो तय हो गया है कि विश्व को सुख और समृद्धि के मार्ग पर ले जाने के लिए भारत के दर्शन को विश्व के कई देश खुले रूप में स्वीकार करने लगे हैं। इससे पहले जो भारत विश्व के सामने अपना मुंह खोलने से कतराता था, आज वही भारत एक नए स्वरूप में विश्व के समक्ष अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है। विश्व को भारत की विराट शक्ति का अहसास हो चुका है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब से देश के प्रधानमंत्री बने हैं, तब से हमारे देश के बारे में वैश्विक दृष्टिकोण में गजब का बदलाव दिखाई दे रहा है। सवाल यह है कि क्या यह बदलाव नरेन्द्र मोदी को देखकर आया है, नहीं। इसका जवाब यह है कि भारत के पास पूर्व से ही ऐसी विराट शक्ति थी, जिसका भारत की पूर्व सरकारों को भारतीय जनता को बोध नहीं था। हर भारतवासी के अंदर शक्ति का संचय है, हम शक्ति को प्रदर्शित नहीं कर पा रहे थे, इतना ही नहीं हम यह भूल भी गए थे कि हमारे अंदर भी शक्ति है। नरेन्द्र मोदी ने जामवंत की भूमिका अपनाकर देशवासियों एवं अप्रवासी भारतीयों के मन में इस भाव को जाग्रत किया कि आप महाशक्ति हैं। जैसे ही नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका के मेडीसन एस्क्वायर में भारतीय शक्ति का प्रस्फुटन किया, वैसे ही भारत के नागरिकों के अंदर गौरव का अहसास तो हुआ ही साथ ही विश्व के विकसित देश भारत को अपना समकक्ष मानने लगे।

भारत के दर्शन में एक ठोस बात यह भी है कि भारत में हमेशा सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया वाला भाव ही रहा है। जो भी देश भारत के इस दर्शन से तालमेल रखता हुआ दिखाई देता है, वह कभी दूसरे का अहित सोच भी नहीं सकता। जबकि विश्व के अनेक देश केवल स्वयं का ही हित सबसे ऊपर रखकर दूसरों के हितों पर चोट करते हैं। आतंक फैलाकर अपना वर्चस्व स्थापित करने वाला समाज मारकाट करने की मानसिकता के साथ जी रहा है। ऐसे लोगों का न तो काई अपना है, और न ही कोई परिवार। कई मुस्लिम देशों के नागरिक आज मुसलमानों के ही दुश्मन बनकर मारकाट का खेल खेल रहे हैं। ऐसे लोगों से शांति का बातें करना भी बेमानी है। हमारी सलाह है कि ऐसे लोग भी योग की क्रियाएं अपनाकर शांति के मार्ग पर चल सकते हैं। योग जहां स्वस्थ मानाकिता का निर्माण करने में सहायक है वहीं शांति स्थापना का उचित मार्ग है।

सवाल यह आता है कि वर्तमान के मोहजाल में फंसे विश्व के अनेक देश आज किसी भी चीज में राहत नहीं देख रहा है। पैसे के पीछे भाग रहा पूरा विश्व तनाव भरा जीवन जी रहा है। इस तनाव से मुक्ति पाने का एक ही मार्ग है योग को अपनाना। जिसने अपने जीवन में योग को महत्व दिया है, वह इस तनाव से छुटकारा पाने में सफल रहा है। आज सबसे ज्यादा तनाव का जीवन मुस्लिम देशों में दिखाई देता है। वहां केवल मारकाट की भाषा के अलावा कुछ भी नहीं है। इन देशों में हमेशा अशांति का वातावरण दिखाई देता है और सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। यह इस बात का ध्यान रखना होगा कि आध्यात्मिकता और ध्यान योग के मामले में हम विश्व के सभी देशों से बहुत आगे हैं। इस बारे में दुनिया का ज्ञान भारत के समक्ष अधूरा ही है। भारत को जब तक इस बात का बोध था, तब तक विश्व का कोई भी देश भारत का मुकाबला करने का सामर्थ्य नहीं रखता था। आज इस शक्ति के प्रदर्शन की शुरूआत हो चुकी है, जरूरत इस बात की है कि हम सभी सरकार के कदम के साथ सहयोग का भाव अपनाकर अपना कार्य संपादित करें। आने वाले समय में भारत का भविष्य उज्जवल है।

## संपादकीय

### शीर्ष अदालत का सख्त रुख

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि नीट-यूजी 2024 परीक्षा के आयोजन में किसी की तरफ से 0.001 प्रतिशत लापरवाही भी हुई हो, तब भी उससे पूरी तरह से निपटा जाना चाहिए। जस्टिस विक्रम नाथ और एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ मंगलवार को पांच मई को हुई परीक्षा में छात्रों को कृपांक दिए जाने समेत अन्य शिकायतों से संबंधित दो अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। इन याचिकाओं पर अन्य लंबित याचिकाओं के साथ अब 8 जुलाई को सुनवाई होगी। याचिकाओं में परीक्षा में अनियमितता बरते जाने की सीबीआई जांच और नीट-यूजी परीक्षा नये सिरे कराने की मांग वाली याचिकाएं भी शामिल हैं। अदालत ने एनटीए और केंद्र सरकार से याचिकाओं पर दो हफ्ते के भीतर अपने जवाब दाखिल करने को कहा है। लोक सभा चुनाव परिणाम आने की गहमागहमी के बीच ही नीट-यूजी 2024 परीक्षा के परिणाम भी घोषित किए गए थे। अनेक परीक्षार्थियों के टॉपर्स होने और खासी संख्या में परीक्षार्थियों को कृपांक दिए जाने की जानकारी होने के बाद लगा कि दाल में कुछ काला है। बाद के घटनाक्रम में कुछ गिरफ्तारियां हुई और पटना से लेकर गोधरा तक कई परीक्षा केंद्रों पर व्यापक स्तर पर अनियमितताएं बरती जाने की बातें सामने आने लगीं। परीक्षा में धांधली के संकेत मिलने लगे और परीक्षार्थियों के परिजनों के साथ ही अनेक संगठनों और राजनीतिक दलों ने विरोध प्रदर्शन करने शुरू कर दिए। कुछ परीक्षार्थियों ने अदालत का दरवाजा खटखटाया। मेडिकल की पढ़ाई पर अभिभावक खासा खर्च करते हैं। अभ्यर्थी छात्र सामाजिक जीवन से कटकर मेडिकल पाठयक्रम में प्रवेश परीक्षा की तैयारी में रात-दिन एक कर देते हैं। दरअसल, अभ्यर्थियों की संख्या को देखते हुए मेडिकल कॉलेजों में सीटें पर्याप्त नहीं हैं। जरूरी है कि सरकार सीटें बढ़ाने के लिए ढांचागत आधार को मजबूत करे। एनटीए के वजूद में आने से पहले सीबीएसई और राज्य शिक्षा बोर्ड पीएमटी की परीक्षा आयोजित करते थे जिसके आधार पर प्रवेश आसानी से मिल जाता था। लेकिन इस बीच अभ्यर्थियों की संख्या बढ़ने और एनटीए जैसे निकाय को मेडिकल के अलावा अन्य तमाम परीक्षाओं का आयोजन करने की जिम्मेदारी सौंप दी गई। इतने बोझ से एनटीए का ढांचा कमजोर दिखलाई पड़ने लगा है, उसके सामने मैनपावर की समस्या भी है। बहरहाल, जरूरी हो गया है कि छात्रों के साथ न्याय हो और इसके लिए रि-नीट-यूजी के अलावा कोई रास्ता दिखाई नहीं पड़ता।




## चिंतन-मनन

### खुद में करो भगवान के दर्शन

यज्ञ ज्ञात्वा न पुनर्मोहमेवं यास्यसि पाण्डव।
येन भूतान्यशेषाणि द्रक्ष्यस्यात्मन्यथो मयि।।

अथार्तः हे पांडव! जिस ज्ञान को जानकर फिर तुम मोह में नहीं पड़ोगे, उस ज्ञान से तुम यह जान सकोगे कि जो कुछ भी है वह उसी परमात्मा की वजह से ही है। गुरु, शिष्य को ज्ञान नहीं देता, बल्कि शिष्य की श्रद्धा गुरु से ज्ञान लेती है। उस ज्ञान से साधक का नजरिया बदलने लगता है। उसमें काम, प्रोध, लोभ, मोह जैसी बुराइयां कमजोर पड़ने लगती हैं। ज्ञान बढ़ता जाता है और अज्ञान खत्म होता जाता है। धीरे-धीरे शिष्य की सभी बुराइयां खत्म होने लगती हैं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि ज्ञान की अग्नि मन में पड़े संस्कारों के बीज भी जला डालती है और मोह आदि विकार भस्म हो जाते हैं। इसलिए आत्मज्ञान हो जाने के बाद इंसान को मोह परेशान नहीं करता, क्योंकि यह मोह ही था, जिसके कारण अर्जुन कौरव सेना से युद्ध नहीं कर रहे थे।

आगे भगवान कहते हैं कि इस आत्मज्ञान को पाकर पहले तुम अपने में सभी पुराने कर्मों को देखोगे और फिर उनको मुझ में देखोगे। यानी ज्ञान हो जाने के बाद साधक को पहले भगवान अपने भीतर दिखता है, फिर वही भगवान सब जगह दिखाई पड़ने लगता है। वरना हम मूर्ति में तो भगवान को देख लेते हैं, लेकिन अपने भीतर नहीं देख पाते, जबकि प्रक्रिया इससे उलट है। पहले अपने में भगवान का दर्शन करो, फिर सब में उसी को ही देखो।

# विश्व संगीत दिवस : संगीत है शांति, सुकून एवं आनन्द का सशक्त माध्यम



ललित गर्ग

संगीत मानव जगत को ईश्वर का एक अनुपम दैवीय वरदान है। यह न सरहदों में कैद होता है और न भाषा में बंधता है। माना हर देश की भाषा, पहनावा और खानपान भले ही अलग हों, लेकिन हर देश के संगीत में सभी सात सुर एक जैसे होते हैं और लय-ताल भी एक-सी होती है। संगीत हर इंसान के न सिर्फ शारीरिक, बल्कि भावात्मक एवं मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। विशेषज्ञों की मानें, संगीत सुनने से मानसिक शांति का अहसास होता है, संगीत दुनिया में हर मर्ज की दवा मानी जाती है। यह दुखी से दुखी इंसान को भी खुश कर देती है, संगीत का जादू एक मरते हुए इंसान को भी खुशी के लम्हे दे जाता है। रोज की भागदौड़ और व्यस्तता के बीच संगीत आपको सुकून के पल बिताने का मौका देता है। साथ ही संगीत आपके अकेलेपन का एक बढ़िया साथी भी बन सकता है। संगीत की इसी खासियत को सभी तक पहुंचाने के लिये 21 जून को पूरे विश्व में संगीत दिवस मनाया जाता है। संगीत अशांति के अंधेरों में शांति का उजाला है। यह अंतर्मन की संवेदनाओं में स्वरों का ओज है। हर साल विश्व संगीत दिवस एक खास थीम के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष 2024 की थीम है 'एक वैश्विक ध्वनि वाली दुनिया का सामना करना।'

संगीत दिवस को 'फेटे डी ला म्यूजिक' के नाम से भी जाना जाता है। इसका अर्थ है 'संगीत उत्सव'। विश्व में सदा ही शांति बरकरार रखने के लिए ही फ्रांस में पहली बार 21 जून 1982 में प्रथम विश्व संगीत दिवस मनाया गया था, जिसका श्रेय तात्कालिक सांस्कृतिक मंत्री श्री जैक लो को जाता है। इससे पूर्व अमेरिका के एक संगीतकार योएल कोहेन ने वर्ष 1976 में इस दिवस को मनाने की बात की थी। विश्व संगीत दिवस कुल 17 देशों में ही मनाया जाता है इसमें भारत, आस्ट्रेलिया, बेल्जियम, ब्रिटेन, लक्समवर्ग, जर्मनी, स्विट्जरलैंड, कोस्टारीका, इजाराइल, चीन, लेबनाम, मलेशिया, मोरक्को, पाकिस्तान, फिलीपींस, रोमानिया और कोलम्बिया शामिल हैं। भारत में संगीत जीवन का अभिन्न हिस्सा है, शादी में ढोलक-शहनाई, भजन-मंडली में ढोल-मंजीरा, शास्त्रीय संगीत में तानपूरा, तबला, सरोद, सारंगी का हम सब भरपूर आनंद उठाते हैं। बचपन में संपेरों द्वारा बीन बजाते ही लहराते हुए सांप का खेल भी हमने खूब देखा है। ये संगीत का जादुई प्रभाव ही है कि नवजात शिशु भी झुनझुने की आवाज सुन किलकारी भरने लगता है। श्रीकृष्ण की बांसुरी की मीठी ध्वनि को सुन गोपियों का आकर्षित हो खिंचे चले आना-ये सारे किस्से संगीत की ही महिमा का बखान करते हैं।

विश्व संगीत दिवस को मनाने का उद्देश्य अलग-अलग तरीके से लोगों को संगीत के प्रति जागरूक करना है ताकि लोगों का विश्वास संगीत से न उठे। लांगफेलों के अनुसार संगीत मानव की विश्वव्यापी भाषा है। विशेषज्ञों के मुताबिक, मानसिक शांति के लिए संगीत को अहम माना गया है। संगीत दिल को खुशी देने का काम करता है। संगीत सिर्फ सात सुरों में बंधा नहीं होता। इसे बांधने के लिए विश्व की सीमाएं भी कम पड़ जाती हैं। अगर इसे महसूस करें तो दैनिक जीवन में संगीत ही संगीत भरा है-कोयल की कूक, पानी की कलकल, हवा की सरसराहट हर जगह संगीत ही तो है, बस जरूरत है तो इसे महसूस करने की। किसी के लिए संगीत का मतलब अपने दिल को शांति देना है तो कोई अपनी खुशी का संगीत के द्वारा इजहार करता है। प्रेमियों के लिए तो संगीत किसी रामबाण या ब्रह्मास्त्र से कम नहीं। संगीत में मूड ठीक करने की अद्भुत ताकत होती है। अच्छा संगीत बेचैनी कम करता है। शोध कहते हैं कि घंटों काम कर रहे व्यक्ति का कुछ देर अच्छा संगीत सुनना उनकी रचनात्मकता व कार्यक्षमता को बढ़ा सकता है।

भारत में संगीत का हजारों वर्षों का इतिहास है, शास्त्रीय संगीत आदि काल से है। संगीत के आदि स्रोत भगवान शंकर हैं। उनके डमरू से तथा श्रीकृष्ण की बांसुरी से संगीत के सुर निकले हैं। किंवदन्ति है कि संगीत की रचना ब्रह्माजी ने की थी। ब्रह्माजी ने ज्ञान की देवी सरस्वती को संगीत की सीख दी। मां सरस्वती के कर-कमलों में वीणा की उपस्थिति संगीत की महानता की कहानी स्वयं ही कह जाती है। देवी सरस्वती ने नारदजी को, नारदजी ने महर्षि भरत को तथा महर्षि भरत ने नाट्यकला के माध्यम से जन सामान्य में संगीत को पहुंचाया। सूरदास की पदावली, तुलसीदास की चौपाई, मीरा के भजन, कबीर के दोहे, संत नामदेव की सिखानियाँ, संगीत सम्राट तानसेन, बैजु बाबरा, कवि रहीम, संत रैदास संगीत को सदैव जीवित रखेंगे। विश्व संगीत दिवस को मनाने का उद्देश्य संगीत विशेषज्ञ व विश्व के संगीत कलाकारों को एक अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर लाकर विश्व एकता तथा विश्व शान्ति का सन्देश सारी दुनिया को देना भी है।

संगीत आपके मूड, भाव और विचारों पर असर डालने की ताकत रखता है। एक अध्ययन के अनुसार, जोशीला संगीत कुछ समय में ही मूड को तरोताजा कर देता है। संगीत के सात स्वर बीमारियों को छूमंतर कर सकते हैं। संगीत मन के भाव को बयां करने का बेहद सरल तरीका है। संगीत में लय, ताल का समावेश है तो संगीत थिरकने पर मजबूर कर देता है। लेकिन यही संगीत हमारे स्वास्थ्य को भी बेहतर कर सकता है। वैदिक काल में ऐसे कई उदाहरण मिलते हैं जिनसे यह पूरी तरह से प्रमाणित होता है कि उस समय संगीत चिकित्सा शिखर पर रही होगी। ऊं का नाद स्वर इसी संगीत चिकित्सा का सर्वोपरि उदाहरण है। संगीत के हर राग में रोग निरोधक क्षमता है। राग पूरिया धनाश्री अनिद्रा दूर करता है, तो राग मालकौंस तनाव से निजात दिलाता है। राग शिवरंजिनी मन को सुखद अनुभूति देता है। राग मोहिनी आत्मविश्वास बढ़ाता है। राग भैरवी ब्लड प्रेशर और पूरे तंत्रिका तंत्र को नियंत्रित रखता है। राग पहाड़ी स्नायु तंत्र को ठीक करता है। राग दरबारी कान्हड़ा तनाव दूर करता है तो राग अहीर भैरव व तोड़ी उच्च रक्तचाप के लिए कारगर है। दरबारी कान्हड़ा अस्थमा, भैरवी साइनस, राग तोड़ी सिरदर्द और क्रोध से निजात दिलाता है।

आज की आपाधापी, तनाव एवं अवसादपूर्ण जीवन में संगीत ही एक ऐसा माध्यम है जो शांति, सुकून एवं आनन्द प्रदत्त कर सकता है। संगीत सुनने से इंसान को अलौकितता का अहसास होता है। डॉक्टर भी संगीत को सेहत के लिए फायदेमंद मानते हैं। संगीत को लेकर हुए अध्ययनों में पता चला है कि संगीत शरीर में बदलाव लाता है, जो स्वास्थ्य में सुधार एवं शांति स्थापित करता है। इसके अलावा जो मरीज अवसाद और निराशा के शिकार होते हैं, उन्हें इससे बाहर निकालने के लिए संगीत थेरेपी दी जाती है। संगीत मन और शरीर दोनों को ही आराम पहुंचाता है। संगीत अमूर्त कला है पर उसमें निहित शांति, सौन्दर्य एवं संतुलन की अनुभूति विरल है। संगीत, ध्वनि का ऐसा लयबद्ध व्यवहार है जो हमें अपने आपसे जोड़ने में सहायक सिद्ध होता है। भारतीय संस्कृति में भी विभिन्न वाद्य-यंत्रों एवं उनसे उत्पन्न ध्वनि, राग-रागिनियों का विशिष्ट महत्त्व है। यूं तो सृष्टि के कण-कण में संगीत है फिर चाहे यह बहती हुई नदिया की धारा हो या किनारे से टकराकर लौटती समंदर की प्रचंड लहरें। बहती हुई हवा और उस पर झूमते-लहराते पत्ते भी हृदय के इसी तरंगित साज को अभिव्यक्ति देते प्रतीत होते हैं। कुल मिलाकर संगीत हमारी आत्मा में इस तरह रच-बस चुका है कि इसके बिना जीवन की कल्पना ही व्यर्थ है। महात्मा गांधी ने कहा भी है कि मधुर संगीत आत्मा के ताप का नाश कर सकता है। हमारे सुख-दुःख का साथी है संगीत, जो स्नेहसिक्त क्षणों में हमें अपनी बाहों में भर लेता है और पीड़ा के समय किसी अच्छे-सच्चे मित्र की तरह हाथ थामे साथ चलता है। आपका सबसे प्रिय गीत आपके एक खराब दिन और मूड को सामान्य कर देने की क्षमता रखता है और आपको विश्वास होने लगता है कि दुनिया उतनी भी बुरी नहीं जितना कि कुछ पल पहले आप महसूस कर रहे थे। स्मृतियों के सुनहरे पृष्ठ भी संगीत की धुन पर अपनी थाप देने लगते हैं। आपकी कोमल भावनाओं की सहज, सुन्दर अभिव्यक्ति है, संगीत। इन्हीं पलों को उल्लास के साथ जीने के लिए प्रेरणा देता है विश्व संगीत दिवस।

# भीषण गर्मी में मजदूरों की फिक्र भी जरूरी

देश में पड़ रही भीषण गर्मी से डेली वर्कर्स, विशेषकर डिलीवरी कर्मियों, ईंट-भट्ठों पर काम करने वालों और दिहाड़ीदार मजदूरों के लिए कामकाजी परिस्थितियां गंभीर हो गई हैं। भीषण गर्मी ने खुला काम करने वाले वर्कर्स के लिए कठोर कार्य स्थितियों और उनके सामने आने वाली चुनौतियों को उजागर किया है। इस भीषण गर्मी में कई लोग खुले वातावरण और गर्म मौसम में काम करने के लिए मजबूर हैं। अगर वे काम नहीं करेंगे, तो उनके घर खाना नहीं पकेगा। यह उनके जीवन-यापन का एकमात्र साधन है। ऐसे लोग अकसर काफी गरीबी में जीने के लिए विवश होते हैं। साफ पानी जैसी आधारभूत सुविधाओं से वंचित झुग्गियों के घर टिन या तारपोलिन की छतों के नीचे तपती गर्मी झेलते हैं। चूंकि ये काम ज्यादातर खुले वातावरण में ही करने पड़ते हैं, तो भीषण गर्मी में इन लोगों के बीमार पड़ने का खतरा भी ज्यादा रहता है। इनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए चल रहे प्रयासों और नई पहलों को विकसित किया जाना चाहिए, जिससे उनकी भलाई और वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

भारत में हाल ही में कई क्षेत्रों में तापमान को 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच दआ, जिससे डेली वर्कर्स, खासकर डिलीवरी कर्मियों और दिहाड़ीदार मजदूरों के सामने आने वाली चुनौतियों में इजाफा हुआ है। इस प्रकार के खुला काम करने वाले इस दौरान श्रमिक पर्याप्त स्वास्थ्य-सुरक्षा उपायों और न्यूनतम ब्रेक के बिना चरम मौसम की स्थिति के लंबे समय तक संपर्क में रहने के कारण गर्मी से थकावट और निर्जलीकरण से पीड़ित हुए हैं, जिससे पता नहीं कितनों की जान असमय गई है। दिहाड़ीदार मजदूर स्थायी नौकरियों के बजाय अल्पकालिक अनुबंध या फ्रीलांस काम करते है। इस में उबर, स्विगी और जोमैटो जैसे डिजिटल प्लेटफार्म के जरिए अस्थायी, लचीले और प्रोजेक्ट-आधारित काम करने वाले भी शामिल हैं । ये नौकरियां लचीलापन प्रदान करती हैं , लेकिन इन लोगों को पारंपरिक रोजगार से जुड़े लाभों और सुरक्षाओं का अभाव होता है।



अगर वे काम नहीं करेंगे, तो उनके घर खाना नहीं पकेगा। यह उनके जीवन-यापन का एकमात्र साधन है। ऐसे लोग अकसर काफी गरीबी में जीने के लिए विवश होते हैं। साफ पानी जैसी आधारभूत सुविधाओं से वंचित झुग्गियों के घर टिन या तारपोलिन की छतों के नीचे तपती गर्मी झेलते हैं। चूंकि ये काम ज्यादातर खुले वातावरण में ही करने पड़ते हैं, तो भीषण गर्मी में इन लोगों के बीमार पड़ने का खतरा भी ज्यादा रहता है। ऐसे श्रमिकों को अक्सर स्वास्थ्य बीमा, सेवानिवृत्ति लाभ या सवेतन अवकाश की सुविधा नहीं मिलती, जिससे बीमारी या चोट के समय वे आर्थिक रूप से कमजोर हो जाते हैं। श्रमिकों की आय अत्यधिक परिवर्तनशील और अप्रत्याशित होती है, जिससे वित्तीय योजना बनाना मुश्किल हो जाता है। श्रमिकों को कठोर कार्य स्थितियों का सामना करना पड़ता है, जिसमें चरम मौसम का सामना करना भी शामिल है इनको आमतौर पर स्वतंत्र ठेकेदारों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, जिससे उन्हें कई श्रम सुरक्षा से वंचित रखा जाता है जो औपचारिक कर्मचारियों को प्राप्त होती हैं।

ऐसे विपरीतस मय में श्रमिकों को संरक्षण और निष्पक्ष व्यवहार के लिए आवश्यक प्रबंध करने की जरूरत है। सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य लाभ के लिए वर्कर्स को स्वास्थ्य बीमा, मातृत्व लाभ और पेंशन सहित सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान करनाबहुत जरूरी है। उदाहरण के लिए: राजस्थान प्लेटफार्म आधारित वर्कर्स (पंजीकरण और कल्याण) विधेयक, 2023 का उद्देश्य वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है, जो अन्य राज्यों के लिए अनुकरणीय मिसाल कायम करेगा।

– प्रियंका सौरभ

## सऊदी अरब में मरने वाले 900 से अधिक हाजियों में 35 पाकिस्तानी

रियाद। सऊदी अरब में इस वर्ष भीषण गर्मी के कारण हज यात्रा के दौरान दुनिया भर से आए 900 से अधिक हज यात्रियों की मौत हो गई, जिनमें कम से कम 35 पाकिस्तानी तीर्थयात्री शामिल हैं। सरकार ने इसकी पुष्टि की है। पाकिस्तान के धार्मिक मामलों के मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि इस वर्ष अत्यधिक गर्मी और खराब मौसम के कारण हज यात्रा चुनौतीपूर्ण थी, तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा था। सऊदी अरब के सरकारी टेलीविजन ने बताया कि सोमवार को मक्का की मस्जिद-ए-हरममें तापमान 51.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। पाकिस्तान हज मिशन के महानिदेशक अब्दुल वहाब सूमरो ने बुधवार को बताया कि खबर के अनुसार 18 जून तक कुल 35 पाकिस्तानी हज यात्रियों की मौत हुई हैं। डॉन अखबार में सूमरो के हवाले से कहा गया कि मक्का में 20, मदीना में छह, मीना में चार, अराफात में तीन और मुजदलिफा में दो लोगों की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि सऊदी सरकार ने हरमैन में दफनाने की व्यवस्था की है और अगर कोई पाकिस्तानी हजयात्री मांग करे तो उसके शव को उसके उत्तराधिकारियों के माध्यम से वापस देश भेजने के भी प्रबंध किए गए हैं। सऊदी अरब ने आधिकारिक तौर पर मौतों की जानकारी नहीं दी है, हालांकि उसने सिर्फ रविवार को ही ''भीषण गर्मी'' से निढाल होने वालों के 2700 से अधिक मामलों की सूचना दी है। सूमरो ने आम नागरिकों से हज यात्रियों की कठिनाइयों के संबंध में सोशल मीडिया पर प्रसारित की जा रही पोस्टों पर ध्यान नहीं देने की अपील की है। उन्होंने बताया कि यह वास्तविक नहीं है।

## मलेशिया जा रही फ्लाइट.... अचानक क्यों हैदराबाद लौटी

कुआलालंपुर। मलेशिया की ओर जा रही एक फ्लाइट ने हैदराबाद से उड़ान भरी थी, लेकिन कुछ ही समय के बाद फिर से हैदराबाद एयरपोर्ट पर लैंड करना पड़ा। फ्लाइट फिर से कुछ ही समय में हैदराबाद लौट आई। मलेशिया एयरलाइंस ने गुरुवार को पुष्टि की कि हैदराबाद से कुआलालंपुर जाने वाली एक उड़ान को 'इंजन में समस्या के कारण' वापस राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लौटना पड़ा। मलेशिया एयरलाइंस का बयान एक वीडियो के बाद आया है, जिसे एक यात्री ने रिकॉर्ड किया था, जिसमें विमान के इंजन से चिंगारी निकलती दिखाई दे रही थी, और यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। हालांकि, बयान में घटना की वास्तविक प्रकृति पर कोई टिप्पणी नहीं की गई, जिसके कारण पायलटों को हैदराबाद लौटने के लिए मजबूर होना पड़ा। मलेशिया की सेपांग स्थित ध्वजवाहक कंपनी ने कहा, विमान स्थानीय समयानुसार सुबह 3-21 बजे राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से उतरा, सभी यात्री और चालक दल सुरक्षित रूप से उतर गए। इसमें कहा गया है, प्रभावित यात्रियों को उनकी यात्रा जारी रखने के लिए अन्य उड़ानों में भेजा जाएगा। विमान को आगे की जांच के लिए फिलहाल जमीन पर रखा गया है। मलेशिया एयरलाइंस के लिए सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। उड़ान भरने वाले विमान में 138 यात्री सवार थे। सूत्रों के अनुसार, राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे हैदराबाद में आपातकालीन प्रोटोकॉल के साथ विमान को उतारा गया। हाल ही में, न्यूजीलैंड के क्वीन्सटाउन से ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न जा रहे वर्जिन ऑस्ट्रेलिया के एक यात्री विमान को न्यूजीलैंड के इन्वरकार्गिल में आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी, क्योंकि आग लगने के बाद उसके एक इंजन ने काम करना बंद कर दिया था। हालांकि आग लगने का सटीक कारण ज्ञात नहीं हो सका है, लेकिन वर्जिन ऑस्ट्रेलिया ने कहा है कि यह घटना संभावित पक्षी के टकराने के कारण हुई।

## चीन ने फिलीपीन के साथ दोहराया गलवान...चाकू और कुल्हाड़ी से किया हमला

मनीला। दूसरे देशों की जमीन पर बुरी निगाह रखने वाले चीन ने दक्षिणी चीन सागर में गलवान जैसी घटना फिर की है। चीनी सैनिकों पर अपने पड़ोसी राष्ट्र फिलीपीन की नौसेना पर चाकू और कुल्हाड़ी लेकर हमला करने और जमकर लूटपाट करने का आरोप लगा है। फिलीपीन सेना ने चीनी सैनिकों की करतूत के वीडियो भी सोशल मीडिया पर जारी किए हैं। फिलीपीन अधिकारियों ने चीन को लताड़ लगाकर समुद्री लूट करार दिया। वीडियो में चीनी सैनिकों की लूटपाट देखी जा सकती है। वे फिलीपीन सैनिकों पर चाकू और कुल्हाड़ी से हमला कर रहे हैं। फिलीपीन के सैन्य प्रमुख ने मांग की कि चीन विवादित तटवर्ती क्षेत्र में चीनी तटरक्षक द्वारा जब्त किए गए हथियार और उपकरण लौटाए और हमले में हुए नुकसान की भरपाई करे। फिलीपीन के अधिकारियों के अनुसार, आठ से अधिक मोटरबोट पर सवार चीनी तटरक्षक कर्मियों ने फिलीपीन की नौसेना की दो नौकाओं को बार-बार टक्कर मारी और उन पर चढ़ गए। इतना ही नहीं चीनी तटरक्षक कर्मियों ने फिलीपीन नौसेना कर्मियों को दक्षिण चीन सागर में अपनी नावों से रोक दिया। इन क्षेत्रों पर चीन अपना दावा करता आया है। चीनी सैनिकों ने पहले फिलीपीनो सैनिकों की नावों को टक्कर मारी और फिर वे हथियार लहराते हुए उनकी नावों में कूद गए। वीडियो में देखा जा सकता है कि चीनी कर्मियों ने नौकाओं को जब्त कर फिलीपीन सैनिकों पर हमला किया। चीनी सैनिक उनकी सेना के कई उपकरणों, आठ एम4 राइफलें भी अपने साथ लूटकर ले गए। फिलीपीन सशस्त्र बलों के प्रमुख जनरल रोमियो ब्रॉनर जूनियर ने कहा, चीनी सेना ने जो किया जो भुलाया नहीं जा सकता। यह दक्षिण चीन सागर में एक प्रकार की लूट थी। इस तरह की घटना नहीं होनी चाहिए थी। हम चीन से अपने हथियार वापस करने की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने चाकुओं से हमारे जहाजों पर हमला किया। हथौड़े से जहाजों को नुकसान पहुंचा।

## कंगाल पाकिस्तान ने बकरीद में 12 लाख से ज्यादा पशुओं की बलि दी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में ईद उल अजहा से जुड़ी एक नई रिपोर्ट सामने आई है। इस रिपोर्ट में खुलासा हुआ हैं कि पूरे पाकिस्तान में 12 लाख से ज्यादा पशुओं की बलि दी गई। इनकी कीमत 500 अरब पाकिस्तानी रुपए है। रिपोर्ट के मुताबिक बलि देने वाले जानवरों में 290,000 गायें, 330,000 बकरियां, 385,000 भेड़ और 98000 ऊंट शामिल हैं। इसके अलावा 165000 भैसों की भी बलि दी गई। बलि दिए गए जानवरों का कुल्य वित्तीय मूल 500 अरब रुपये से ज्यादा था। अनुमान के मुताबिक सिर्फ खाल की कीमत 85 अरब रुपये है। रिपोर्ट में भीषण गर्मी और जलवायु परिवर्तन के कारण 40 फीसदी खाल के संभावित नुकसान के बारे में भी चिंता जाहिर की है। आमतौर पर पाकिस्तान का चमड़ा उद्योग बकरीद के दौरान खाल की वार्षिक मांग का 20 फीसदी पूरा कर लेता है। हालांकि इस साल माना जा रहा है कि मौजूदा आपूर्ति 20 फीसदी से ज्यादा कम हो सकती है। पाकिस्तान में अहमदिया समुदाय के कम से कम 36 सदस्यों को ईद-उल-अजहा पर जानवरों की कुर्बानी देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अहमदिया समुदाय को देश में गैर-मुस्लिम घोषित किया गया है, जिसके मद्देनजर उनके खिलाफ यह कार्रवाई की गई। देश में अल्पसंख्यक समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले जमात-ए-अहमदिया पाकिस्तान के पदाधिकारी आमिर महमूद ने बताया कि समुदाय के कम से कम 36 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से अधिकतर पंजाब प्रांत से हैं। पाकिस्तान के आर्थिक संकट के बीच ईद-उल-अजहा का त्यौहार मनाया।

## दुनिया में पहला एआई ब्यूटी पेजेंट्स....भारत की जारा शतावरी भी शामिल

लंदन। मिस वर्ल्ड और मिस यूनिवर्स जैसे ब्यूटी पेजेंट्स के बाद अब दुनिया में पहला एआई ब्यूटी पेजेंट होने वाला है। रिपोर्ट के मुताबिक, एआई मॉडल्स के बीच हो रही प्रतियोगिता को ब्रिटेन की फैनव्यू कंपनी वर्ल्ड एआई क्रिएटर अवॉर्ड्स के साथ मिलकर आयोजित कर रही है।

इस प्रतियोगिता में 2 एआई जजों के अलावा पीआर एडवाइजर एंड्र्यू ब्लोच और बिजनेसमान सैली ऐन-फॉसेट भी बतौर जज मौजूद रहने वाले हैं। पेजेंट के पहले चरण में 1500 प्रतिभागियों के बीच से टॉप 10 एआई मॉडल्स का चयन किया गया है। अब इनमें शुरुआती 3 पायदान पर जीत हासिल करने वाली मॉडल्स को प्राइज दिया जाएगा। मिस एआई बनने वाली मॉडल को 10.84 लाख रुपए के अलावा उस बनाने वाले क्रिएटर को पब्लिक रिलेशंस के लिए 4.17 लाख रुपए दिए जाएंगे। प्रतियोगिता के टॉप 10 प्रतिभागियों में भारत की एआई मॉडल जारा शतावरी भी शामिल हैं। जारा को एक मोबाइल ऐड एजेंसी के सह-संस्थापक राहुल चौधरी ने बनाया है। जारा एक हेल्थ और फिटनेस इन्फ्लूएंसर हैं। उनका सोशल मीडिया पेज भी है, जहां वह हेल्थ और फैशन से जुड़ी टिप्स देती रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनके 8 हजार से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। अपनी ज्यादातर तस्वीरों में जारा योग के साथ हेल्दी खाने से जुड़ी बातें बता रही हैं। जारा इस ब्यूटी एजेंट में एशिया से चुनी गईं 2 मॉडल्स में से एक हैं।



कुवैत में बिजली की कमी के कारण कई इलाके अंधेरे में डूबे नजर आ रहे। यहां गर्मी बढने के साथ ही बिजली की मांग बढ़ने के बाद ग्रिड पर दबाव काफी बढ़ गया है।

## सुनीता विलियम्स अब 26 जून को पृथ्वी पर लौटेंगी



वॉशिंगटन। भारतीय मूल की एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर की इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से पृथ्वी पर वापसी 26 जून तक टल गई है। बोइंग के स्टारलाइनर कैप्सूल में थ्रस्टर से जुड़े इश्यू और शेड्यूल्ड स्पेसवॉक के कारण इसे टाला गया है। ये तीसरा मौका है जब विलियम्स और विल्मोर की वापसी को टाला गया है। पहली घोषणा 9 जून को की गई थी, जिसमें बताया गया था कि लैंडिंग को 18 जून तक आगे बढ़ाया जा रहा है। इसके बाद वापसी को बढ़ाकर 22 जून किया गया। दोनों एस्ट्रोनॉट स्टारलाइनर कैप्सूल और उसके सब सिस्टम की टेस्टिंग के लिए करीब एक हफ्ते तक स्पेस स्टेशन में रहने वाले थे।

# रुस एस-500 एयर डिफेंस सिस्टम करेगा तैनात, अमेरिका चिंतित

### -अमेरिकी एफ-22 रैप्टर जैसे स्टील्थ लड़ाकू विमानों को रोकने में सक्षम



**मास्को (एजेंसी)।** रूसी सेना की ओर से लेटेस्ट जेनेरेशन की एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम एस-500 की तैनाती की घोषणा की है। रूसी एयर डिफेंस अमेरिकी एफ-22 रैप्टर और एफ-35 लड़ाकू विमानों के लिए खतरा है। यह रूसी एस-500 वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली एफ-35 और एफ-22 रैप्टर जैसे स्टील्थ लड़ाकू विमानों को रोकने में सक्षम होगी।


एक रिपोर्ट के मुताबिक एस-500 की तैनाती परीक्षण के बाद की गई है। रूस ने एस-500 को इसके पूर्ववर्ती एस-400 से अपग्रेड करते हुए तैयार किया है। इसकी तैनाती यूक्रेन के खिलाफ महत्वपूर्ण स्थान पर की है। रूस ने यह कदम ऐसे समय उठाया है, जब यूक्रेन के खिलाफ लड़ाई में उसके एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम को नुकसान हुआ है। एस-500 सिस्टम हाइपरसोनिक मिसाइलों, विमानों और यहां तक कि कम-कक्षा के उपग्रहों को भी टारगेट कर सकता है।

रूस ने क्रीमिया में इस एयर सिस्टम की तैनाती की है, जो रणनीतिक महत्व को रूसी सैन्य रसद पहुंचाने में एक महत्वपूर्ण गलियारा है। यूक्रेन और अमेरिका के साथ बढ़ते तनाव के बीच एस-500 की उपस्थिति वायु रक्षा शक्ति के संतुलन में बड़ा बदलाव है। ये अत्याधुनिक अमेरिकी लड़ाकू जेटों से जुड़ी हवाई गतिविधियों को भी रोकेगा। एस-500 एयर डिफेंस के रडार और टारगेट सिस्टम दुनिया में सबसे अच्छे माने जाते हैं, जो 600 किलोमीटर तक अपने लक्ष्य को पहचान सकते हैं। यह लंबी दूरी की क्षमता सिस्टम को अपने जुड़ाव क्षेत्र में प्रवेश करने से पहले लक्ष्यों को अच्छी तरह से पहचानने और ट्रैक करने की इजाजत देती है। मारक क्षमता के संदर्भ में एस-500 कई लक्ष्यों के लिए तैयार की और कई मिसाइलों से सुसज्जित है। ये मिसाइलें 200 किलोमीटर तक की ऊंचाई तक पहुंच सकती हैं, जिससे एस-500 अपने मध्य-चरण के दौरान बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकने और कम-कक्षा उपग्रहों को संलग्न करने में सक्षम है।

अमेरिकी वायुसेना के लिए बेहद अहम एफ-22 रैप्टर और एफ-35 लाइटनिंग द्वद्ध जैसे स्टील्थ विमानों को लक्षित करने की प्रणाली की क्षमता एस-500 के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। एस-500 उन्नत रडार तकनीक का इस्तेमाल करता है जो उन विमानों का पता लगा सकता है, जिन्हें पारंपरिक रडार प्रणालियों से बचने के लिए डिजाइन किया है। इसके अलावा एस-500 एक साथ कई लक्ष्यों पर हमला करने में सक्षम है। यह इसे ऐसे खतरे वाले माहौल में प्रभावी बनाता है, जहां आने वाले कई खतरों को कुशलता से संबोधित कर सकता हो।

## चीनी सेना भष्ट्राचार में डूबी... नाराज जिनपिंग ने दी चेतावनी

### -सेना कम्युनिस्ट पार्टी के प्रति पूरी तरह से वफादर रहे



**बीजिंग (एजेंसी)।** चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग देश की सेना पीएलए में व्याप्त व्यापक भ्रष्टाचार पर बुरी तरह से नाराज हो गए हैं। शी जिनपिंग ने कहा कि सेना में किसी भ्रष्ट व्यक्ति के लिए छिपने की कोई जगह नहीं होनी चाहिए। जिनपिंग ने कहा कि सेना चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के प्रति पूरी तरह से निष्ठा दिखाए। उन्होंने कहा कि चीनी सेना के राजनीति, विचारधारा, काम की शैली और अनुशासन में बहुत गहराई तक समस्याएं हैं। जिनपिंग ने संकेत दिया कि अभी सेना के अंदर भ्रष्टाचार के खिलाफ और ज्यादा सख्त कार्रवाई होगी। इससे पहले चीनी राष्ट्रपति ने 12 से ज्यादा सीनियर जनरल और रक्षा उद्योग के अधिकारियों को पद से बर्खास्त कर दिया था। जिनपिंग ने पीएलए के शीर्ष कमांडरों से कहा कि वे भ्रष्टाचार को पैदा करने वाली परिस्थितियों खत्म करें। उन्होंने कमांडरों से कहा कि वे भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए अपने अभियान को दोगुना करें। शी के बयान के बाद चीनी सेना की क्षमता पर सवाल खड़े हो रहे है। जिनपिंग ने बार-बार सैन्य कमांडरों को चेतावनी दी कि भ्रष्टाचार से दूर रहें। उन्होंने कहा कि अगर सेना में अनुशासन नहीं रहता है, तब उनकी पश्चिमी देशों की सेना से मुकाबला करने की योजना को पलीता लग जाएगा।

दरअसल चीनी सेना पिछले साल से ही भ्रष्टाचार निरोधक अभियान चला रही है। चीनी सेना के 9 जनरल और रक्षा उद्योग के कम से कम 4 अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया गया है। इसमें रणनीतिक रूप से अहम पीएलए की रॉकेट फोर्स भी शामिल है जो देश के रणनीतिक और परमाणु मिसाइलों की देखरेख करती है। इसके अलावा चीन के पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू को भी उनके पद से हटा दिया गया था। उन्हें हटाने की चीन ने कोई वजह नहीं बताई थी। वहीं रिपोर्ट के मुताबिक ली शांगफू के खिलाफ सैन्य उपकरणों की खरीद में भ्रष्टाचार की जांच की जा रही है। चीन ने हथियारों की खरीद पर अरबों डॉलर खर्च किए हैं ताकि साल 2050 तक देश की सेना को विश्वस्तरीय बना दिया जाए। चीन की नजर ताइवान से लेकर भारत तक पर है और बड़े पैमाने पर सैन्य तैयारी कर रहा है।

## उत्तर कोरिया के बाद वियतनाम पहुंचे पुतिन



**हाओई (एजेंसी)।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन उत्तर कोरिया के साथ रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद गुरुवार को वियतनाम पहुंचे। पुतिन का वियतनामी उप प्रधानमंत्री ट्रान होंग हा और पार्टी के शीर्ष राजनयिक ले होई ट्रंग ने रेड कार्पेट पर स्वागत किया।

वियतनाम, जो आधिकारिक तौर पर विश्व शक्तियों के साथ अपने संबंधों में एक तटस्थ विदेश नीति का पालन करता है, जिसे वह बांस कूटनीति कहता है, ने यूक्रेन पर रूस के हमले की निंदा करने से परहेज किया है, एक ऐसा रुख जिसे पश्चिमी देश क्रेमलिन के बहुत करीब मानते हैं। यूक्रेन युद्ध पर वियतनाम के संतुलित रुख की

हालाँकि उत्तर कोरिया और रूस दोनों को अंतरराष्ट्रीय अलगाव का सामना करना पड़ रहा है, वियतनाम ने अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ सावधानीपूर्वक गठबंधन बनाए हैं। कैनबरा में ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बल अकादमी में वियतनाम सुरक्षा के विशेषज्ञ कार्ल थायर ने कहा, राष्ट्रपति पुतिन की उत्तर कोरिया और वियतनाम की यात्रा यह प्रदर्शित करने के लिए है कि रूस को अलग-थलग करने के पश्चिमी प्रयास काम नहीं कर रहे हैं और रूस के एशिया में साझेदार हैं। मई में पाँचवें कार्यकाल के लिए शपथ लेने के बाद से, चीन और उत्तर कोरिया के बाद पुतिन द्वारा दौरा किया जाने वाला दक्षिण-पूर्व एशियाई देश तीसरा देश होगा।

प्रमुख भागीदार अमेरिका, जिसने पिछले साल हनोई के साथ राजनयिक संबंधों को उन्नत किया और जो वियतनाम का शीर्ष निर्यात बाजार है, ने पुतिन की यात्रा का विरोध किया।

हनोई में अमेरिकी दूतावास के प्रवक्ता ने कहा, किसी भी देश को पुतिन को उनके आक्रामक युद्ध को बढ़ावा देने और अन्यथा उनके अत्याचारों को सामान्य बनाने का मंच नहीं देना चाहिए। रूस ऐतिहासिक रूप से वियतनाम का प्रमुख सैन्य आपूर्तिकर्ता रहा है, इसलिए किसी भी संभावित हथियार सौदे पर बारीकी से नजर रखी जाएगी।

# पाकिस्तानी आवाम की आवाज, एटम बम नहीं... हमें रोटी, अस्पताल और स्कूल चाहिए



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** वैश्विक हथियार ट्रैकर रिपोर्ट के अनुसार भारत का परमाणु हथियार भंडार 25 वर्षों में पहली बार पाकिस्तान से बड़ा हुआ है। भारत के पास अब 172 हथियार हैं। एसआईपीआरआई की ताजा रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत ने पिछले साल अपने जखीरे में आठ परमाणु हथियार जोड़े हैं, जिससे उसके हथियारों की संख्या 164 से बढ़कर 172 हो गई। वहीं पाकिस्तान का परमाणु भंडार 170 पर स्थिर है। 1999 के बाद यह पहली बार है कि भारत के पास पाकिस्तान से ज्यादा परमाणु हथियार हैं। इस खबर के बाद पाकिस्तानियों ने जमकर अपनी सरकार और सेना को सुनाया है।

पाकिस्तानी राजनेता और फौज के लोग अक्सर ही अपने परमाणु हथियारों की चर्चा करते रहे हैं। इस लेकर पाकिस्तानी खुद ही अपनी तारीफ करते हैं। अब पाकिस्तान इस मामले में भी भारत से पिछड़ गया है। इस पर पाकिस्तानी आवाम का कहना है कि दशकों से नेता बम की रट लगाते रहे हैं, लेकिन पाकिस्तान के नेताओं को समझना चाहिए कि देश लोगों के मजबूत होने से होता है ना कि बम से ये होगा। मलिक हारुन ने कहा कि सरकार वे कदम उठने चाहिए कि आम लोगों की माली हालत ठीक हो, यहीं से तरक्की के रास्ते खुल सकते है। उन्होंने कहा कि परमाणु बम के बिना भी दुनिया के बहुत से देश बेहद खुशहाल हैं, इसके बाद बम के बजाय हमें इकॉनमी पर ध्यान देना चाहिए।

गुलफाम ने कहा, ये एटम बम फिजूल की चीज है, ये कभी नहीं चलने हैं। इनकी किसी को जरूरत नहीं है। हमें जरूरत रोटी, अस्पताल और स्कूल की है। हम तो ऐसा समझते हैं कि पाकिस्तान के लोग इस चक्कर में ना पड़ें बल्कि भारत के लोग भी इस दौड़ में ना पड़ें। ये किसी काम के नहीं हैं। हमारे देश से ही अलग हुए बांग्लादेश के पास एटम बम नहीं है लेकिन वहां मुल्क बीते कुछ सालों में भारत और पाकिस्तान दोनों से आगे बढ़ा है। इसी तरह से अरब और यूरोप के कई मुल्कों के पास बहुत छोटी सी फौज है, लेकिन वहां खुशहाली पाकिस्तान, भारत और दूसरे कई परमाणु हथियार वाले देशों से बहुत ज्यादा है। कमर मुनीर ने कहा, भारत से मुकाबला करने की बातें ही बेवजह की हैं। पाकिस्तान के जो हालात आज के वक्त में हैं, वे इसतरह के नहीं हैं कि किसी से लड़ सकें। आवाम महंगाई से मरी जा रही है। किसानों को सही दाम नहीं मिल पा रहे हैं।

# कौन हैं नैंसी पेलोसी..... जो चीन को फूटी आंख नहीं भाती

### – पहले ताइवान अब दलाईलामा से मुलाकात

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी संसद का एक ताकतवार प्रतिनिधिमंडल इन दिनों भारत दौरे पर है। प्रतिनिधमंडल में अमेरिकी संसद की पूर्व स्पीकर नैंसी पेलोसी शामिल हैं, जिन्होंने तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा से मुलाकात की। लेकिन चीन को ये मुलाकात पंसद नहीं आई। नाराजगी में चीन ने अमेरिकी डेलिगेशन को चेतावनी तक दे डाली। नैंसी पेलोसी सहित अमेरिकी प्रतिनिधियों ने धर्मशाला में दलाई लामा से मुलाकात की है। लेकिन मुलाकात का असल मकसद उस बिल पर चर्चा करना है, जिस पर जल्द अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन हस्ताक्षर कर सकते हैं। बिल का उद्देश्य चीन पर दबाव बनाना है ताकि वह तिब्बत के साथ चल रहे विवाद को निपटा सके। यह बिल 12 जून को अमेरिकी संसद में पारित हुआ था। बिल में अमेरिका, तिब्बत के इतिहास, लोगों और संस्थाओं के बारे में चीन की ओर से फैलाए जा रहे दुष्प्रचार से निपटने के लिए फंड मुहैया कराएगा।

### अब सवाल हैं कि नैंसी पेलोसी क्यों चिढ़ता है चीन?

नैंसी पेलोसी का ताल्लुक राजनीतिक परिवार से रहा है। 84 साल की नैंसी पेलोसी 5 बच्चों की मां और नौ बच्चों की दादी हैं। पेलोसी अक्सर कहती हैं कि उनका इरादा कभी राजनीति में आने का नहीं था। नैंसी के पिता थॉमस डीएलेसेंड्रो जूनियर ने बाल्टीमोर के मेयर के रूप में काम किया है। उन्होंने पांच बार कांग्रेस में शहर का प्रतिनिधित्व किया। नैंसी के भाई थॉमस डीएलेसेंड्रो-3 ने भी बाल्टीमोर के मेयर के तौर पर काम किया। पेलोसी अक्सर अपने पिता के चुनावी अभियानों में भाग लेती थीं। उन्हें वोट बटोरने में महारत हासिल है।

ओबामा के पूर्व मुख्य रणनीतिकार डेविड एजेलरोड ने नैंसी से पूछा था कि उन्होंने अपने पिता से क्या सीखा। इसके जवाब में पेलोसी ने कहा कि मैंने उनसे वोट इकट्ठे करना सीखा है।

पेलोसी पहली बार 1987 में सदन के लिए चुनी गई थीं। उन्होंने अमेरिकी राजनीति में सबसे शक्तिशाली महिलाओं में से एक के रूप में कार्यकाल पूरा किया है। डेमोक्रेटिक नेता पेलोसी ने 2007 में पहली महिला स्पीकर बनकर इतिहास रचा था। फिर 2019 में उन्होंने स्पीकर का पद हासिल किया। स्पीकर के तौर पर उनका कार्यकाल जनवरी 2023 में पूरा हुआ था।

पेलोसी डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ खड़े होने वालीं आखिरी शख्स थीं। पेलोसी ने सुनिश्चित किया था कि ट्रंप दो बार महाभियोग चलाने वाले एकमात्र अमेरिकी राष्ट्रपति बनें। दूसरा प्रयास उनके कार्यकाल की समाप्ति से केवल सात दिन पहले किया गया था, जहां एक तरफ उनके उग्र व्यक्तित्व ने उन्हें हमेशा विरोध के निशाने पर रखा, तब वहीं दूसरी तरफ उन्हें पसंद करने वाले लोंगों की भी कमी नहीं रही है। बीते साल अगस्त में नैंसी तब चर्चा में आई थीं, जब वे अमेरिका की हाउस स्पीकर के पद पर रहते हुए ताइवान के दौरे पर गई थीं। उनके इस दौरे का चीन ने जबरदस्त विरोध किया था। दरअसल, ताइवान को चीन अपने क्षेत्र का हिस्सा मानता है। इसके बाद चीन ने अमेरिका को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी थी।



# टी20 विश्व कप सुपर आठ : दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड का मुकाबला आज

**ग्रोस आइलेट (एजेंसी)।** आईसीसी टी20 विश्व कप क्रिकेट के सुपर आठ में शुक्रवार को इंग्लैंड का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा। इस मुकाबले में जीतकर दोनो ही टीमें सेमीफाइनल के लिए अपनी दावेदारी पक्की करने उतरेंगी। इससे पहले इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज जबकि दक्षिण अफ्रीका ने अमेरिका को हराया था। इस मैच में इंग्लैंड के बल्लेबाजी आक्रमण की टक्कर दक्षिण अफ्रीका के ताकतवर गेंदबाजी आक्रमण से होगी। इंग्लैंड की टीम ग्रुप में नेट रनरेट प्लस 1.34 के आधार पर शीर्ष पर है। वहीं दक्षिण अफ्रीका का नेट रनरेट उससे कम प्लस 0 . 90 है। ऐसे में अब दक्षिण अफ्रीका को हराने पर इंग्लैंड की सेमीफाइनल में जगह तकरीबन तय हो जाएगी।

वहीं दक्षिण अफ्रीका को सुपर आठ चरण के पहले मैच में अमेरिका से बड़ी मुश्किल से 18 रन से जीत मिली जबकि इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को आठ विकेट से हराया था। इंग्लैंड ने जीत के 181 रन के लक्ष्य को फिल साल्ट के 47 गेंद में नाबाद 87 रन की मदद से 17.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया था। साल्ट एक बार फिर कप्तान जोस बटलर के साथ इंग्लैंड को शानदार शुरूआत दिलाना चाहेंगे।

वहं जॉनी बेयरस्टो ने वेस्टइंडीज के खिलाफ नाबाद 48 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की है। इससे पहले वह कुल 46 रन ही बना सके थे। इंग्लैंड के बल्लेबाजों को हालांकि इस मैच में कगिसो रबाडा की रफ्तार और केशव महाराज की स्पिन से सावधान रहना होगा। इन दोनों ने अमेरिका के खिलाफ बीच के और डैथ ओवरों में अच्छी गेंदबाजी की थी।

दक्षिण अफ्रीका के लिए राहत की बात ये है कि क्विंटोन डिकॉक फॉर्म में आ गये हैं। डिकॉक ने अमेरिका के खिलाफ 40 गेंद में 74 रन बनाए। कुल मिलाकर देखा जाये तो इस मैच में रोमांचक मुकाबला होना तय है।




### टीम

**इंग्लैंड** = जोस बटलर (कप्तान), मोइन अली, जोफ्रा आर्चर, जोनाथन बेयरस्टो, हैरी ब्रुक, सैम कुरेन, बेन डकेट, टॉम हार्टले, विल जैक्स, क्रिस जॉर्डन, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, फिल साल्ट, रीस टॉपले, मार्क वुड।

**दक्षिण अफ्रीका** = एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डी कॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नोर्किया, कागिसो रबाडा, रयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स।

# प्रशंसक मुझे मैच बदलने वाले खिलाड़ी के तौर पर याद करेंगे : वार्नर



**नॉर्थ साउंड (एजेंसी)।** इस विश्वकप के बाद खेल को अलविदा कहने जा रहे ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने कहा है कि वह अपने करियर में हमेशा ही आलोचकों के निशाने पर रहे हैं। वार्नर के अनुसार को वाकई क्रिकेट को पसंद करते हैं वे उन्हें एक ऐसे आक्रामक बल्लेबाजी के तौर पर याद रखेंगे जो अपनी बल्लेबाजी से खेल को बदलने का प्रयास करता रहा है जिसमें वह कभी सफल तो कभी असफल हुआ है। वार्नर को साल 2018 के दक्षिण अफ्रीकी दौरे में गेंद से छेड़छाड़ मामले में भी फंसने के बाद एक साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया किया था हालांकि इसके बाद टीम में वापसी के करते हुए उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया था।

वार्नर ने कहा, 'वापसी करते हुए साल 2018 से मैं शायद अकेला ऐसा खिलाड़ी रहा हूं जिसने बहुत आलोचना झेली है। उन्होंने कहा, 'जब मैं वापस आया तो मेरे लिए चीजें आसान नहीं थी और मुझे यह पता था। वार्नर ने सभी प्रारूपों में 49 शतक और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में करीब 19000 रन बनाए हैं। उन्होंने कहा, 'मैं हमेशा से ही ऐसा व्यक्ति रहा हूं जिसने दबाव का सामना किया है। मुझे हमेशा ऐसा लगता है कि मैंने बहुत से लोगों से बहुत दबाव कम किया है और मुझे लगता है कि मैं इसे झेलने में सक्षम रहा हूं। साथ ही कहा कि अब संन्यास के कारण मैं इस प्रकार के दबाव से बच जाऊंगा।

# विदेशी लीग क्रिकेट खेलने विलियम्सन नहीं कर रहे केन्द्रीय अनुबंध



**ऑकलैंड (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के कप्तान केन विलियम्सन ने केन्द्रीय अनुबंध करने से इंकार कर दिया है। इससे पहले तेज गेंदबाज टेंट बोल्ट ने भी लीग क्रिकेट खेलने के लिए अनुबंध ठुकरा दिया था। विलियम्सन ने कहा है कि वह 2024-25 सीजन के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट का अनुबंध स्वीकार नहीं करेंगे क्योंकि वह विदेशी लीग क्रिकेट खेलना चाहते हैं। विलियम्सन विश्व के शीर्ष बल्लेबाजों में शामिल रहे हैं उनका इस प्रकार अनुबंध न करना कीवी क्रिकेट के लिए बड़ा झटका है। क्रिकेट बोर्ड ने भी विलियम्सन के अनुबंध नहीं करने की बात मानी है। बोर्ड ने कहा है कि विलियम्सन अगले सत्र के लिए सेंट्रल अनुबंध नहीं करना चाहते पर वह तीनों फॉर्मेट के लिए उपलब्ध रहेंगे।

विलियम्सन पिछले एक दशक से न्यूजीलैंड क्रिकेट की बल्लेबाजी संभालते रहे हैं। वे न्यूजीलैंड के लिए 100 टेस्ट खेलने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं। विलियम्सन ने 100 टेस्ट मैच में 32 शतकों की मदद से 8743 रन बनाए हैं। वहीं एकदिवसीय प्रारुप में उनके नाम 165 मैच में 6810 रन दर्ज हैं। उन्होंने 93 टी20 इंटरनेशनल मैच में 2575 रन बनाए हैं। उन्होंने कहा, 'मैं न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम को हर प्रारुप में आगे ले जाना चाहता हूं और इसके लिए हर मदद करूंगा पर मैं गर्मियों के दौरान मैं विदेशी लीग में खेलने के मौके तलाशना चाहता हूं। इसलिए अनुबंध नहीं कर रहा हूं।'

वहीं इससे पहले बोल्ट ने करार छोड़कर अलग-अलग देशों की टी20 और टी10 लीग क्रिकेट खेलना शुरु कर दिया था पर वह किसी बड़ी सीरीज और आईसीसी टूर्नामेंटों के लिए उपलब्ध रहे हैं।

# सितंबर से शुरू होगा टीम इंडिया का टेस्ट सीजन, 5 टेस्ट का शैड्यूल आया बाहर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी20 क्रिकेट विश्व कप के बाद भारतीय क्रिकेट टीम टेस्ट सीजन के लिए तैयार होगी। विश्व कप के ठीक बाद जिम्बाब्वे के खिलाफ 5 टी20 मुकाबले होने हैं, बीसीसीआई यहां पर आईपीएल स्टार्स से भरी टीम भेजने की तैयारी में हैं। मुख्य प्लेयरों को इस जिम्बाब्वे के दौरे से दूर रखा जाएगा ताकि वह टेस्ट सीजन के लिए तैयारी कर सकें। आगामी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत भारतीय टीम ने सितंबर से बांग्लादेश के खिलाफ 2 टेस्ट और न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 टेस्ट खेलने हैं। पहला मुकाबला 19 सितंबर से शुरू होगा। चेन्नई और कानपुर में टेस्ट होंगे। इसके बाद धर्मशाला, दिल्ली और हैदराबाद में तीन टी20 मैच खेले जाएंगे।

न्यूजीलैंड का भारत का टेस्ट दौरा 16 अक्टूबर को बेंगलुरु में पहले टेस्ट के साथ शुरू होगा। पुणे दूसरे टेस्ट की मेजबानी करेगा जबकि अंतिम टेस्ट मुंबई में होगा। 5 मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए नवंबर 2024 से जनवरी 2025 तक ऑस्ट्रेलिया का दौरा करने के बाद भारत 22 जनवरी से 12 फरवरी तक खेली जाने वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए इंग्लैंड की मेजबानी करने के लिए स्वदेश लौटेगा जिसमें 5 टी20ई और 3 वनडे शामिल हैं। झ20द्ध चेन्नई, कोलकाता, राजकोट, पुणे और मुंबई में आयोजित किए जाएंगे। नागपुर, कटक और अहमदाबाद तीन वनडे मैचों की मेजबानी करेंगे।



### भारत का 2024-25 घरेलू सीजन

**बांग्लादेश का भारत दौरा**

पहला टेस्ट : चेन्नई : 19 सितंबर से 23 सितंबर, सुबह 9:30 बजे

दूसरा टेस्ट : कानपुर : 27 सितंबर से 1 अक्टूबर, सुबह 9:30 बजे

पहला टी-20 : धर्मशाला: 6 अक्टूबर, शाम 7:00 बजे

दूसरा टी20आई : दिल्ली : 9 अक्टूबर, शाम 7:00 बजे

तीसरा टी20आई : हैदराबाद :12 अक्टूबर, शाम 7:00 बजे

**न्यूजीलैंड का भारत दौरा**

पहला टेस्ट : बेंगलुरु : 16 अक्टूबर से 20 अक्टूबर, सुबह 9:30 बजे

दूसरा टेस्ट : पुणे : 24 अक्टूबर से 28 अक्टूबर, सुबह 9:30 बजे

तीसरा टेस्ट : मुंबई :1 नवंबर से 5 बजे, सुबह 9:30 बजे तक

**इंग्लैंड का भारत दौरा**

पहला टी-20: चेन्नई : 22 जनवरी, शाम 7:00 बजे

दूसरा टी20आई : कोलकाता : 25 जनवरी, शाम 7:00 बजे

तीसरा टी-20 : राजकोट : 28 जनवरी, शाम 7:00 बजे

चौथा टी-20 : पुणे : 31 जनवरी, शाम 7:00 बजे

5वां टी20आई : मुंबई : 2 फरवरी, शाम 7:00 बजे

पहला वनडे : नागपुर : 6 फरवरी, दोपहर 1:30 बजे

दूसरा वनडे : कटक : 9 फरवरी दोपहर 1:30 बजे

तीसरा वनडे : अहमदाबाद : 12 फरवरी दोपहर 1:30 बजे

# हंगरी को हराकर जर्मनी ने यूरो कप के नॉकआउट चरण में किया प्रवेश

लीपजिग। जर्मनी ने जमाल मुसियाला के शानदार गोल की बदौलत यूरो कप के ग्रुप ए के मुकाबले हंगरी को 2-0 से हराकर नॉकआउट चरण में प्रवेश कर लिया है। बुधवार की रात खेले गये मुकाबले में अपने घरेलू मैदान में खेल रहे मुसियाला ने पहले हाफ के 22वें मिनट में गोल दाग कर जर्मनी को बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ में जर्मनी के कप्तान इल्के गुंडोगन ने 67वें मिनट में एक आसान गोल कर बढ़त को दो गुना कर दिया। यूरो कप के दो मुकाबले बराबरी पर समाप्त हुए। क्रोएशिया और अल्बानिया के बीच खेला गया मुकाबला 2-2 की बराबरी पर रहा। वहीं स्कॉटलैंड और स्विट्जरलैंड के बीच खेला गया मुकाबला भी 1-1 से ड्रॉ रहा।



# अगले माह जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज से वापसी कर सकते हैं श्रेयस



मुम्बई। पिछले काफी समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे बल्लेबाज श्रेयस अय्यर की वापसी करीब है। अगर गौतम गंभीर मुख्य कोच बनते हैं तो उन्हें टीम में जगह मिलना तय है। ऐसे में श्रेयस जुलाई अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ 3 मैचों की एकदिवसीय सीरीज से वापसी कर सकते हैं। श्रेयस को 5 जुलाई से जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाली 5 मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए भी चुना जा सकता है पर श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के लिए उन्हें जगह मिलने की ज्यादा उम्मीदें हैं। गंभीर आईपीएल में केकेआर के मेंटोर थे जबकि श्रेयस कप्तान। ऐसे में दोनों में अच्छा तालमेल है। श्रेयस को रणजी ट्रॉफी खेलने से आनाकानी करने के कारण बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध से भी बाहर कर दिया गया था पर अब वह भी उन्हें दिया जा सकता है। जिम्बाब्वे के खिलाफ 5 टी20 मैचों की श्रृंखला के लिये टीम की घोषणा अगले सप्ताह होगी। ऐसी संभावना है कि श्रेयस को श्रीलंका में 3 मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भी शामिल किया जा सकता है। उसने विश्व कप में 500 से अधिक रन बनाए थे और उसका औसत 50 के करीब है। वहीं माना जा रहा है कि कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह जैसे अनुभवी खिलाड़ी अब एकदिवसीय और टेस्ट पर ही ध्यान देंगे।

# भारत/जिम्बाब्व टी20 सीरीज में वीवीएस लक्ष्मण होंगे कोच, गंभीर श्रीलंका दौरे से संभालेंगे कमान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वीवीएस लक्ष्मण और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में उनका सहयोगी स्टाफ छह जुलाई से शुरू हो रही 5 मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए भारतीय टीम के साथ यात्रा कर सकता है जबकि गौतम गंभीर के कोच के तौर पर अपना कार्यकाल श्रीलंका दौरे से शुरू करने की उम्मीद है। जिम्बाब्वे श्रृंखला के लिए टीम की घोषणा इस हफ्ते के अंत में होगी जो 22 या 23 जून को हो सकती है। आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले युवा खिलाड़ी और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (ब्रष्टद्ध) के 'टारगेट% सूची वाले खिलाड़ी इस समय एनसीए में लक्ष्मण की देखरेख में शिविर में हिस्सा ले रहे हैं।

गंभीर महिला टीम के पूर्व मुख्य कोच डब्ल्यूवी रमन को पछाड़कर इस समय सीनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच बनने के प्रबल दावेदार हैं। घोषणा महज औपचारिकता होगी और इसकी घोषणा अगले कुछ दिन में हो सकती है। गंभीर को बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण कोच सहित अपना सहयोगी स्टाफ चुनने का मौका भी मिलेगा। समझा जा सकता है कि गंभीर अपना कार्यकाल जुलाई के मध्य से शुरू कर सकते हैं जब भारतीय टीम सफेद गेंद की श्रृंखला के लिए श्रीलंका दौरा करेगी जिसमें उसे तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और इतने ही वनडे खेलने हैं।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा कि ऐसी संभावना है कि लक्ष्मण एनसीए के कुछ कोच के साथ युवा चेहरों से भरी टीम के साथ जिम्बाब्वे की यात्रा कर सकते हैं। राहुल द्रविड़ और अन्य कोच जब अपने कार्यकाल के दौरान ब्रेक लेते थे तो लक्ष्मण और एनसीए की टीम ने हमेशा उनकी जिम्मेदारी उठायी है। यह भी तय है कि युवा टीम को ही जिम्बाब्वे भेजा जाएगा लेकिन इसमें टी20 विश्व कप दल के 6 से 7 सदस्य शामिल होंगे। पर रियान पराग, अभिषेक शर्मा और आल राउंडर नितीश रेड्डी को चुनना निश्चित लग रहा है लेकिन यश दयाल और हर्षित राणा को भी पहली दफा मौका मिल सकता है।

टीम के कप्तान हार्दिक पंड्या हो सकते हैं, अगर उन्होंने आराम देने की मांग नहीं की, वर्ना सूर्यकुमार यादव को यह जिम्मेदारी दी जा सकती है जिन्होंने आस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैच और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उसकी सरजमीं पर हुई श्रृंखला में टी20 टीम की अगुआई की थी।



# पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण विजेता एथलीटों पर बरसेगा धन

पेरिस। पेरिस ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाले एथलीटों को इसबार काफी लाभ होगा। इसका कारण है कि विश्व एथलेटिक्स (डब्ल्यूए) ने ट्रैक एवं फील्ड के 48 स्पर्धाओं के स्वर्ण पदक विजेताओं को 50,000 डॉलर करीब 41.60 लाख रुपये की पुरस्कार राशि देने की बात कही है। इस प्रकार डब्ल्यूए ओलंपिक खेलों में पुरस्कार राशि देने वाला पहला अंतरराष्ट्रीय महासंघ भी बन जाएगा। विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन को ने कहा कि ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि की शुरुआत एथलेटिक्स के महत्व को देखते हुए की गयी है। साथ ही कहा कि हमने उन एथलीट की सहायता का फैसला किया है जो अपने प्रदर्शन से खेलों को वैश्विक स्तर पर सफल बनाते हैं। उन्होंने कहा, '' अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के राजस्व आवंटन से कुल 2.4 मिलियन डॉलर लगभग 18.63 अरब रुपये पुरस्कार के लिए रखे गये है, जो हर चार साल में विश्व एथलेटिक्स को मिलता है। इसका उपयोग 48 एथलेटिक्स खेलों में से स्वर्ण पदक जीतने वाले एथलीटों को 50,000 डॉलर की राशि देकर किया जाएगा।'' इसके अलावा रिले टीमों को भी इसी राशि से सम्मानित किया जायेगा, जिसे टीम के सभी खिलाड़ी आपस में साझा करेंगे। उन्होंने कहा कि 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक से जुड़ी पुरस्कार राशि के प्रारूप और संरचना की घोषणा खेलों के समय के करीब की जाएगी। इस पुरस्कार राशि का भुगतान हालांकि विश्व एथलेटिक्स की प्रक्रिया पर निर्भर करेगा, जिसमें सामान्य डोपिंग रोधी प्रक्रियाओं से गुजरने और अन्य जरूरी प्रक्रिया का पालन करने वाले एथलीटों को ही शामिल किया जाएगा।

# न्यूजीलैंड के लिये तीनों प्रारूपों में खेलने हमेशा तैयार हूं : विलियमसन

**वेलिंगटन (एजेंसी)।** टी20 विश्वकप के बाद न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम की कप्तानी छोड़ने वाले बल्लेबाज केन विलियमसन ने कहा है कि वह अब लीग क्रिकेट खेलेंगे पर जब भी देश को जरुरत होगी वह राष्ट्रीय टीम से खेलने के लिए तैयार रहेंगे। विलियमसन ने कहा है कि राष्ट्रीय टीम की ओर से खेलना उनकी पहली पसंद और प्राथमिता बनी रहेगी। विलियमसन ने कहा है कि अगले साल एसए 20 लीग खेलने के लिए ही उन्होंने केंद्रीय अनुबंध नहीं किया है पर कहा कि वह न्यूजीलैंड के लिये तीनों प्रारूपों में खेलने के लिए कभी भी तैयार रहेंगे। एसए 20 नौ जनवरी से आठ फरवरी 2025 के बीच खेली जायेगी और इसी दौरान न्यूजीलैंड में सुपर स्मैश भी होना है।

न्यूजीलैंड के नियमों के अनुसार केंद्रीय अनुबंध वाले खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलने की दिशा में सुपर स्मैश में खेलना अनिवार्य रहता है। विलियमसन ने टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण से बाहर होने के बाद स्वदेश लौटने पर कहा, 'मैं जब तक खेल सकता हूं, खेलना चाहता हूं। उस दौरान कई बेहतरीन टूर्नामेंट है पर एसए 20 अभी अच्छा लग रहा है। इसके लिए मुझे केंद्रीय अनुबंध ठुकराना होगा। विलियमसन ने सीमित ओवरों की कप्तानी भी छोड़ दी है लेकिन यह कहा कि अभी उनका अंतरराष्ट्रीय करियर खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, 'मेरी प्राथमिकता न्यूजीलैंड के लिए खेलना बना रहेगा। तीन सप्ताह के दौरान मैं कुछ मैचों से बाहर रह सकता हूं। इससे साफ है कि वह जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय और टी20 श्रृंखला नहीं खेलेंगे। वह हालांकि सितंबर में अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट के लिए उपलब्ध होंगे।

# टी20 क्रिकेट के लायक नहीं बाबर : सहवाग

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने कहा है कि पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम टी20 क्रिकेट के लायक नहीं हैं। उनके पास वह तेजी नहीं है जो इसके लिए जरुरी है। टी20 विश्वकप में पाक टीम के खराब प्रदर्शन के बाद से ही आजम आलोचना का शिकार हुए हैं। पाक टीम टी20 विश्वकप में सुपर आठ में भी नहीं पहुंच पायी है। उसे अमेरिका से भी हार झेलनी पड़ी है। इस टूर्नामेंट के दौरान बाबर अपने कम स्ट्राइक रेट को लेकर भी निशाने पर रहे हैं। इसी को लेकर सहवाग ने कहा कि बाबर टी20 टीम के योग्य नहीं हैं। बाबर ने चैंपियंस 2017 ट्रॉफी 2017 और टी20 विश्व कप में 2022 में अच्छा खेल दिखाया पर अब उनका फार्म चला गया है। सहवाग ने एक शो के दौरान कहा कि बाबर उस तरह के बल्लेबाज नहीं हैं जो छक्के मार सकें। वह ऐसा तभी करते हैं जब वह सेट होते हैं और स्पिन गेंदबाजी का सामना करते हैं। मैंने उन्हें कभी भी पिच पर आगे बढ़ते या तेज गेंद मारते नहीं देखा। यह उसका खेल नहीं है। वह सुरक्षित क्रिकेट खेलता है, इसलिए वह लगातार रन बनाता है पर उसका स्ट्राइक रेट अच्छा नहीं है। एक कप्तान के रूप में आपको यह देखना होगा कि क्या यह खेल टीम के लिए अहम है। यदि नहीं, तो उन्हें निचले क्रम पर उतरते हुए किसी और को भेजना चाहिये जो पावरप्ले में बड़े शॉट मार सके और टीम को 50-60 रन दे सके।



# भारतीय तीरंदाज विश्व कप में पदक से चूके, ओलंपिक टीम कोटा हासिल करने पर निगाहें

**अंताल्या (तुर्की) (एजेंसी)।** भारतीय रिकर्व तीरंदाजी टीमों का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा जिससे दोनों बृहस्पतिवार को यहां विश्व कप के तीसरे चरण में पदक से चूक गयीं लेकिन अपनी विश्व रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक टीम कोटा हासिल करने के करीब हैं। विश्व कप के तीसरे चरण में भारतीय महिला टीम चौथे स्थान पर रही जबकि पुरुष टीम अंतिम 16 तक पहुंची। अब दोनों टीमों को सोमवार तक का इंतजार करना होगा जब विश्व तीरंदाजी द्वारा रैंकिंग के आधार पर आधिकारिक सूची की घोषणा की जाएगी।

नए नियम के अनुसार रैंकिंग से उन दो शीर्ष देशों को ओलंपिक कोटा दिया जाता है जो ओलंपिक क्वालीफायर के जरिए कोटा हासिल नहीं कर सके। इस विश्व कप से पहले अंताल्या में फाइनल ओलंपिक क्वालीफायर कराया गया था। भारत ने धीरज बोम्मादेवरा और भजन कौर की बदौलत क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग का ओलंपिक कोटा हासिल कर लिया है। क्वालीफाई नहीं करने वाले देशों में भारत को शीर्ष दो रैंकिंग में बने रहने के लिए टीम स्पर्धाओं में अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत थी ताकि वे कट हासिल कर सकें।

टीम कोटे से भारत अगले महीने पेरिस ओलंपिक में सभी पांच स्पर्धाओं (पुरुष और महिला टीम, व्यक्तिगत और मिश्रित टीम स्पधा) में हिस्सा लेने में सफल रहेगा। भारतीय पुरुष टीम रैंकिंग में दक्षिण कोरिया के बाद दूसरे नंबर पर है। दक्षिण कोरिया पहले ही क्वालीफाई कर चुका है। भारतीय महिला टीम रैंकिंग में आठवें नंबर पर है जबकि शीर्ष सात देश दक्षिण कोरिया, चीन, जर्मनी, फ्रांस, मेक्सिको, अमेरिका और चीनी ताइपे पहले ही क्वालीफायर से ओलंपिक कोटा हासिल कर चुके हैं।

विश्व कप का तीसरा चरण रैंकिंग के आधार पर क्वालीफाई करने के लिए अंतिम मौका था। भजन कौर, दीपिका कुमारी और अंकिता भकत की महिला तिकड़ी ने यूक्रेन को 5-3 (53-52, 53-54, 57-54, 53-53) से हराया और अपना स्थान पक्का करने के लिए उन्हें एक और जीत की दरकार थी। पर सेमीफाइनल में उन्हें ओलंपिक के मेजबान देश फ्रांस से शूटऑफ में 4-5 (52-59, 56-57, 58-55, 57-53) (25-28) से पराजय मिली। कांस्य पदक के प्लेऑफ में भारतीय तिकड़ी जापान से सीधे सेट में 0-6 (51-55, 53-54, 53-54) से हार गयी। धीरज, तरूणदीप राय और प्रवीण जाधव की पुरुष तिकड़ी प्री क्वार्टरफाइनल में नीदरलैंड से 1-5 (58-58, 53-54, 57-58) से पराजित हुई।



# जिला स्तरीय जनसुनवाई में हुआ आमजन की परिवेदनाओं का निस्तारण

## » वीसी के माध्यम से जनसुनवाई से जुड़े जिला प्रभारी सचिव, दिए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश

तेज | रिपोर्टर श्रीगंगानगर



राजस्थान सरकार द्वारा जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं, समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिये जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन गुरूवार को कलेक्ट्रेट के वीसी रूम में किया गया। जिला कलक्टर लोकबंधु ने जनसुनवाई करते हुए आमजन की परिवेदनाओं का निस्तारण किया। गंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी भी जनसुनवाई में मौजूद रहे। इस दौरान 43 केस आए। गंगानगर जिले के प्रभारी सचिव एवं प्रमुख शासन सचिव कृषि, उद्यान एवं पंचायतीराज वैभव गलरिया भी वीसी के माध्यम से जनसुनवाई से जुड़े। उन्होंने विभिन्न प्रकरणों में की गई कार्यवाही की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि जिला स्तरीय अधिकारी आमजन की समस्याओं का गंभीरतापूर्वक निस्तारण सुनिश्चित करें। इस दौरान जिला कलक्टर लोकबंधु ने विभिन्न प्रकरणों में कार्यवाही करते हुए संबंधित अधिकारियों को सात दिनों में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। सूरतगढ़ में खाला निर्माण की मांग पर जिला कलक्टर ने एसडीएम को मौका मुआयना कर रिपोर्ट देने और मदेरां के वाटर वर्क्स में घटिया निर्माण कार्य की शिकायत पर एसई पीएचईडी को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिये। सादुलशहर निवासी परिवादी द्वारा रास्ता बंद करने की शिकायत पर जिला कलक्टर ने मौका मुआयना कर रिपोर्ट देने एवं लालगढ़ में अतिक्रमण प्रकरण में कार्यवाही के लिये एसडीएम सादुलशहर, 55 एलएनपी पदमपुर निवासी परिवादी की शिकायत पर विद्युत तारें हटाने के लिये डिस्कॉम एसई को निर्देशित किया। इसके पश्चात जिला सतर्कता समिति की बैठक में जिला कलक्टर ने परिवादियों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्रों पर अब तक हुई कार्यवाही की रिपोर्ट लेते हुए संबंधित अधिकारियों को अतिशीघ्र कार्यवाही के लिये निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अधिकारी उक्त प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुए राज्य सरकार की मंशा के अनुसार आमजन को राहत दें। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन वीरेन्द्र सिंह चौधरी, एडीएम सर्तकता नरेन्द्र पाल सिंह, सीईओ जिला परिषद मृदुल सिंह, नगर विकास न्यास सचिव कैलाशचंद्र शर्मा, नगर परिषद आयुक्त यशपाल आहूजा, एसडीएम गंगानगर जीतू कुलहरी, सहायक निदेशक लोक सेवाएं ऋषभ जैन, एएसपी रामेश्वर लाल, पदमप्रकाश कोठारी, आशीष गुप्ता, दिलीप सिंह राठौड़, सुमित्रा बिश्नोई, डॉ. सतीश शर्मा, डॉ. नरेश गुप्ता, सन्नी प्रताप त्रिपाठी सहित अन्य मौजूद रहे जबकि उपखंड स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े।

# पुलिस को धकेल कर वकीलों के जिप में धरना स्थल पर आने से टकराव की स्थिति बनी

तेज | संजय सेठी. श्रीगंगानगर



काफी संख्या में आज वकीलों द्वारा जिला परिषद के मुख्य गेट पर तैनात कोतवाल पृथ्वीपाल सिंह समेत अनेक पुलिस कर्मियों को धकेलते हुए परिसर के अंदर धरना दे रहे पंचायती राज कर्मचारियों के निकट आ जाने से दोनों पक्षों में टकराव की स्थिति उत्पन्न हो गई,जिसे पुलिस ने बड़ी मुश्किल से संभाला। आक्रोश व्यक्त करते हुए जबरदस्ती जिला परिषद परिसर में घुसे वकीलों ने कुछ देर तक पंचायती राज कर्मचारियों के धरने के बिल्कुल सामने धरना भी लगाया। पुलिस दोनों पक्षों के बीच दीवार बनकर खड़ी हो गई,जिससे टकराव की स्थिति टल गई। लगभग आधा घंटे तक वकील आक्रोश व्यक्त करते रहे और बाद में वह वापस चले गए। पंचायती राज संस्थाओं के काफी संख्या में महिला-पुरुष कर्मियों ने जिला परिषद परिसर में धरना लगाए रखा। धरना स्थल पर पंचायत समिति के प्रधान और अनेक गांवों के सरपंच भी डटे रहे। आज यह सारा तमाशा कल बुधवार को जिला परिषद कैंपस में खड़ी एक कार को मुख्य कार्यकारी अधिकारी मृदुलसिंह द्वारा नगर परिषद के अमले को बुलवाकर स्टोर में भिजवा देने की घटना को लेकर हुआ। जिला परिषद परिसर से हटाई कर एक अधिवक्ता कुलदीप बिश्नोई की थी। बताया जा रहा है कि कुलदीप बिश्नोई किसी काम से जिला परिषद में आए थे। जब वह कुछ देर बाद बाहर आए तो उन्हें कार नहीं मिली।फिर पता चला की मुख्य कार्यकारी अधिकारी के निर्देश पर नगर परिषद के अमले ने गाड़ी को उठाकर स्टोर में भिजवा दिया है। इस घटना ने कुछ ही देर में तूल पकड़ लिया। कुलदीप बिश्नोई के पक्ष में बार संघ आकर खड़ा हुआ जबकि मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पक्ष में भी जिला परिषद के तमाम अधिकारी व कर्मचारी ही नहीं बल्कि इसी परिसर में पंचायत समिति के कर्मचारियों तथा अधिकारी भी आ गए। दोनों पक्षों कल देर रात तक आरोप- प्रत्यारोप लगाते रहे। आज सुबह एक तरफ बाहर के सभागार में वकीलों ने बैठक करके कल की घटना का विरोध जताया, वहीं वकीलों पर पंचायती राज संस्थाओं के अधिकारियों के साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते सरकारी कर्मचारी भी धरने पर बैठ गए। इस कारण जिला परिषद और पंचायत समिति में आज कामकाज ठप रहा। कर्मचारियों ने जिला परिषद में बाकायदा शामियाना लगाकर धरना लगा दिया। दोनों पक्षों में तनातनी की आशंका को देखते हुए काफी संख्या में पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई थी। जिला परिषद के मुख्य गेट पर खुद कोतवाल पृथ्वीपाल सिंह ने कमान संभाली हुई थी। करीब 11 बजे सभागार में बैठक करने के बाद काफी संख्या में उपस्थित वकील नारेबाजी करते हुए महाराजा गंगासिंह चौक में आ गए। फिर वे अचानक ही कोतवाल पृथ्वीपालसिंह को धकेलते हुए जिला परिषद के अंदर प्रवेश कर गए। कर्मचारियों के धरना स्थल के बिल्कुल समीप आ जाने से वकीलों के साथ टकराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। तब पुलिसकर्मी दोनों के बीच दीवार बनकर खड़े हो गए,जिससे टकराव टल गया। कुछ देर तक वकील नारेबाजी करते रहे और धरने पर भी बैठे। बाद में उनको वहां से बाहर निकाल दिया गया। सरकारी कर्मचारी दोपहर बाद तक धरने पर बैठे रहे। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर दोनों पक्षों द्वारा एक दूसरे पर काफी आरोप-प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं। इस बीच देर शाम अपुष्ट सूत्रों से जानकारी मिली कि कुछ वरिष्ठ अधिकारियों के हस्तक्षेप करने से पक्षों में राजीनामा हो गया है। यह सारा झमेला जिला कलेक्ट्रेट और इसके आसपास कोई भी सार्वजनिक पार्किंग स्थल नहीं होने के कारण उत्पन्न हुआ।

## प्रथम पेज का शेष...

### अरविंद केजरीवाल...

जमानत के विरोध के लिए 48 घंटे का समय मांगा है। इस मामले प्रवर्तन निदेशालय उच्च न्यायालय का रूख कर सकती है।

**सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं**

कोर्ट के इस फैसले से आम आदमी पार्टी बेहद खुश है। पार्टी की तरफ से प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा गाय है कि सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं हो सकता। भाजपा की प्रवर्तन निदेशालय की तमाम आपत्तियों को खारिज करते हुए माननीय न्यायालय ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत दे दी है। वहीं मंत्री आतिशी ने एक पोस्ट में 'सत्यमेव जयते' कैप्शन लिखते एक पोस्ट शेयर की है।

### गहलोत सरकार...

ओलिंपिक के लिए खेल विभाग के बजट से ज्यादा की करोड़ों की टी शर्ट खरीदने का मुद्दा विधानसभा में भी उठा था। खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने विधानसभा में ग्रामीण-शहरी ओलिंपिक के लिए की गई टी-शर्ट खरीद की जांच करवाने की घोषणा की थी।

**दीया कुमारी बोलीं- प्रदेश में सहभागी सरकार**

बैठक में डिप्टी सीएम और वित्त मंत्री दीया कुमारी ने कहा- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में अलग-अलग क्षेत्रों में सक्रिय लोगों से बजट से जुड़े सुझाव लेकर सरकार के कामकाज की दिशा तय करने की पहल की गई है। इस प्रकार प्रदेश में सहभागी सरकार के माध्यम से प्रभावी सुशासन सुनिश्चित किया जा रहा है।

**राज्यवर्धन बोले- खेलों से जुड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाएंगे**

उद्योग, युवा और खेल मामलों के मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा- राज्य सरकार का फोकस प्रदेश में खेलों से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर है। इससे खिलाड़ियों को इंटरनेशल स्तर की ट्रेनिंग मिल सकेगी। उद्योग, युवा और खेल मामलों के राज्य मंत्री के.के. विश्नोई ने कहा कि केंद्र सरकार की फिट इंडिया, खेलो इंडिया और टारगेट ओलिंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) जैसी योजनाओं से देश में खेल और खिलाड़ियों के लिए अच्छा माहौल बना है। बजट पूर्व बैठक में यूनिसेफ, यूएनएफपीए, क्रीड़ा भारती सहित विभिन्न खेल संगठनों से जुड़े प्रतिनिधियों, पुरस्कार विजेता खिलाड़ियों, युवा एवं स्टार्टअप उद्यमियों ने कई सुझाव दिए।

### 28 को नोहर...

उधर संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष संजय मोदी ने बताया कि राज्यपाल के कार्यक्रम को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय का लोकार्पण ऐतिहासिक होगा।

### नहीं बनाया जाएगा...

इसके बाद राजस्थान में कुल जिलों की संख्या 50 हो गई थी।

**ये तीन शहर इसलिए नहीं बन पाए जिले:** विधानसभा चुनाव की आचार संहिता से ठीक पहले कांग्रेस सरकार ने तीन और जिलों की घोषणा कर दी थी। ऐसे में पहले से माना जा रहा था कि इन तीन जिलों को रद्द किया जा सकता है। क्योंकि आचार संहिता लगने के कारण कुचामन, मालपुरा व सुजानगढ़ जिले पर कोई काम नहीं हो पाया था।

**राजस्थान में अब 50 जिले ही रहेंगे:** राजस्थान में पहले 33 जिले थे। लेकिन, 19 नए जिले बनाने के बाद इनकी संख्या 52 हो गई थी। हालांकि, जयपुर और जोधपुर को दो भागों में बांटा गया था। इस कारण जिलों की संख्या कुल 50 हो गई थी। राजस्थान में अब अनूपगढ़, बालोतरा, ब्यावर, डीग, डीडवाना-कुचामन, दूदू, फलौदी, गंगापुर सिटी, जयपुर शहर, जयपुर ग्रामीण, जोधपुर शहर, जोधपुर ग्रामीण, केकड़ी, कोटपूतली-बहरोड़, खैरथल-तिजारा, नीमकाथाना, सलूम्बर, सांचौर, शाहपुरा (भीलवाड़ा), श्रीगंगानगर, धौलपुर, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़, करौली, सवाई माधोपुर, जैसलमेर, पाली, दौसा, सिरोही, झुंझुनूं, सीकर, बूंदी, बारां, झालावाड़, कोटा, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, राजसमंद, बाड़मेर, जालौर, भरतपुर, अलवर, प्रतापगढ़, अजमेर, भीलवाड़ा, नागौर, टोंक और उदयपुर जिला हैं।

### सड़क सीमा से...

से वार्ता कर सेंटर पॉइंट देखकर बड़ा ट्यूबवैल नगर परिषद की ओर से लगवाया जाएगा ताकि दोनों वार्डों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। सभापति रणवां ने बताया कि पूरे शहर को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए नगर परिषद प्रयासरत है। अमृत योजना के तहत जेएलआर का निर्माण करवाया जा रहा है। अक्टूबर माह में बड़ी पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू होगा। जल्द ही हर वार्ड में स्वच्छ पेजयल उपलब्ध होगा। वार्ड 58 में निरीक्षण के दौरान वार्डवासियों ने पट्टे न बनने की सामने से सभापति को अवगत करवाया। सभापति ने बताया कि मास्टर प्लान में स्पेशल जोन में वार्ड 58 की जगह दर्शाई गई है। विधायक गणेश राज बंसल इस समस्या का समाधान करवाने के लिए प्रयासरत हैं। वार्ड 58 को स्पेशल जोन से बाहर निकलवाने के प्रयास जारी हैं। इसके बाद पट्टे बनवाने का काम शुरू हो जाएगा। इस मौके पर पार्षद राजेन्द्र चौधरी, सिंगाराम, रमजान खान, जगसीर सिंह, एक्सईएन कर्मचन्द अरोड़ा, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक रमनदीप कौर, स्वच्छता निरीक्षक जगदीश सिराव, जेईएन धीरज कुमार, प्रेमदास, आनंद, कमल, जेटीए रघुवीर मीणा, जगसीर सिंह, कुलवीर सिंह, कुंदन सिंह, राधेश्याम, विजय राजपूत, मुंशीराम राजपूत, मक्खन सिंह, दयाशंकर, निशांत शर्मा आदि मौजूद रहे।

### फिर से शुरू...

यूनिवर्सिटीज और कॉलेज में भी आम छात्र अपनी समस्याओं को छात्र नेताओं के माध्यम से ही उठा सकता है। इसलिए छात्र संघ चुनाव का आयोजन बेहद जरूरी है। ताकि आम छात्रों की समस्याओं का कॉलेज और यूनिवर्सिटी के स्तर पर ही समाधान हो सके। हनुमान बेनीवाल ने राजस्थान यूनिवर्सिटी में रिवैल्युएशन के मुद्दे पर हुए लाठीचार्ज पर भी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आम छात्रों की वाजिब मांग को लेकर जब गांधीवादी तरीके से प्रदर्शन किया जा रहा था। जिसमें बेवजह पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज कर आम छात्रों की आवाज को दबाने की कोशिश की गई है। इसके साथ ही प्रदर्शन करने वाले छात्रों को गिरफ्तार भी कर लिया गया है, जो पूरी तरह गलत है। इसलिए मैने जयपुर पुलिस कमिश्नर को फोन कर गिरफ्तार छात्रों को छोड़ने की भी मांग रखी है अगर समय रहते पुलिस ने छात्रों को नहीं छोड़ा, तो राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी सदन में छात्रों की जायज मांग को रखेगी।

### आरएफसी की...

कि योग्य खाताधारक योजना का लाभ लेने के लिए 2000 रुपए मय 18 प्रतिशत जीएसटी एवं मूलधन राशि का 5 प्रतिशत बतौर अपफ्रंट राशि जमा करवाकर पंजीकरण करवा सकते हैं। सेटलमेंट राशि का भुगतान 45 दिवस में करना होगा। जो खाताधारक 45 दिवस में भुगतान करने में सक्षम नहीं है, वे 12 मासिक किश्तों में 10 प्रतिशत साधारण ब्याज के साथ भुगतान करने का विकल्प ले सकते हैं। योजना 30 सितम्बर 2024 तक प्रभावी रहेगी। शाखा कार्यालय हनुमानगढ़ व श्रीगंगानगर का बीकानेर में विलय हो जाने के कारण इन तीनों शाखाओं के योग्य धारकों को योजना का लाभ लेने के लिए शाखा बीकानेर में पंजीकरण करवाना होगा। योजना की विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय समय में चौपड़ा कटला, रानी बाजार बीकानेर स्थित शाखा में संपर्क किया जा सकता है।

### जिला स्तरीय...

मुख्य सचिव हर विभाग में लंबित व्यक्तिगत और सामूहिक प्रकरणों पर स्वयं निगरानी रख रहे हैं। ऐसे में सभी अधिकारी पूरे मनोयोग से अटके प्रकरणों को निस्तारित कर आमजन को राहत प्रदान करें। जिला कलेक्टर से परिवेदनाओं पर मिली संतुष्टि से परिवादियों के मायूस चेहरों पर मुस्कुराहट लौटी। उन्होंने सभागार में जिला कलेक्टर की त्वरित कार्यवाही पर धन्यवाद भी ज्ञापित किया। उन्होंने सभी परिवादियों को विश्वास दिलाया कि उनकी समस्याओं के समाधान के साथ उन्हें शीघ्र सूचित किया जाएगा। जनसुनवाई में जिले में ईंट भट्टों के संचालन, अतिक्रमण, नगर परिषद सम्बंधित मामलों, फसली बीमा राशि, बाधित पेयजल समस्या, सिंचाई, छात्रवृति, ओलावृष्टि के मुआवजे सहित विभिन्न विभागों के प्रकरण प्राप्त हुए। जिला कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक उपखंड और जिला स्तरीय अधिकारी अपने कार्यालय में एक घंटे नियमित जनसुनवाई करें। प्राप्त परिवेदनाओं को राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर अपलोड कर निस्तारण करें। समाधान के लिए स्वयं मौके पर पहुंचे। रात्रि चौपाल, दौरे और निरीक्षण कर उनका फॉलोअप लें।

## कांग्रेस ने इमरजेंसी में संविधान खत्म किया: मेघवाल

**कानून मंत्री बोले - वेट एंड वॉच, सब चीजें ठीक होंगी; भजनलाल सरकार अपना काम कर रही**

**सीकर।** कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि कांग्रेस भारत के संविधान को खत्म करने का झूठा प्रचार कर रही है। जनता को भी अब इसका पता चल गया है। कंफ्यूजन क्रिएट करना और भाग जाना कांग्रेस की संस्कृति है। यह बात अर्जुनराम मेघवाल ने सीकर के जैन स्कूल में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कही। अर्जुनराम मेघवाल जैन स्कूल में आयोजित राव राजा कल्याण सिंह की 138वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित भी किया। कार्यक्रम में यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

# राजस्थान पर्यटन विभाग मुंबई की संयुक्त निदेशक ने राज्य पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विचार किए सांझा

तेज | रिपोर्टर श्रीगंगानगर



राजस्थान पर्यटन विभाग मुंबई की संयुक्त निदेशक सीमा यादव ने आज सूचना केन्द्र मुंबई कार्यालय विज़िट किया। यादव ने बताया कि मुंबई में राजस्थान पर्यटन के लिए काम किए जाने की अपार संभावना है । वे इसके लिए प्रयत्नशील हैं व राजस्थान सूचना केन्द्र मुंबई के सहयोग से भी प्रवासी राजस्थानियों से मिलकर इस क्षेत्र में काम करने को तत्पर हैं।उन्होंने कहा कि राज्य में हर ज़िले में कई दर्शनीय स्थल देखने को मिलते हैं और विशेष रूप से दुर्ग हैं जो लगभग हर ज़िले में है, इनके अलावा राजस्थान में कई पौराणिक मंदिर भी हैं जिनके विषय में अभी भी लोगों को कम जानकारी है। फ़िलहाल राजस्थान में दस पर्यटन परिपथ-जयपुर, आमेर, अलवर, सिलीसेढ़, सरिस्का परिपथ, भरतपुर डींग धौलपुर परिपथ, जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर, बाड़मेर नागौर परिपथ, चुरू झुंझुनू, सीकर परिपथ, माउंट आबू, सिरोही पाली, जालौर परिपथ, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, नाथद्वारा, कुम्भलगढ़, जयसमन्द, डूंगरपुर परिपथ, अजमेर, पुष्कर, मेड़ता, नागौर परिपथ, कोटा, बूंदी, झालावाड़ परिपथ, रणथम्भौर, टोंक परिपथ हैं। इनके बेहतर प्रचार प्रसार से अच्छा रेवेन्यू जेनरेट किया जा सकता है। यादव की पोस्टिंग अक्तूबर 2023 में मुंबई में संयुक्त निदेशक पर्यटन के पद पर हुई है। उन्होंने 24-26 नवंबर 2023 को डेक्कन कॉलेज ग्राउंड, यरवदा, पुणे में आयोजित इंडिया इंटरनेशनल ट्रैवल मार्ट, पुणे में राजस्थान मंडप के संचालन, प्रबंधन और अन्य संबंधित कार्यों का निष्पादन किया। साथ ही 8-10 फरवरी 2024 को जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर, बीकेसी, मुंबई में आयोजित आउटबाउंड ट्रैवल मार्ट (ओटीएम) में राजस्थान मंडप के संचालन, प्रबंधन और अन्य संबंधित कार्य व्यवस्था के लिए भी यादव ने बखूबी अपनी ज़िम्मेदारी का निर्वहन किया। इस समारोह में समापन समारोह में राजस्थान पर्यटन विभाग को 'सर्वश्रेष्ठ डिजाइन और सजावट' पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इस शिष्टाचार भेंट के दौरान राजस्थान सूचना केन्द्र मुंबई की सहायक निदेशक ऋतु सोढ़ी मौजूद रहीं।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर बैठक



**तेज रिपोर्टर. भादरा।** गुरुवार को पंचायत समिति वीसी कक्ष में 21 जून को आयोजित होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के सन्दर्भ में बैठक का आयोजन उपखण्ड अधिकारी जे पी चंदेलिया की अध्यक्षता में किया गया जिसमें ब्लॉक विकास अधिकारी को समस्त ग्राम पंचायतों में अन्तर्राष्टीय योग दिवस के आयोजन बाबत निर्देशित किया गया तथा ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम के लिए समस्त व्यवस्थाएं करने हेतु अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका को निर्देशित किया गया। अन्तर्राष्टीय योग दिवस प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक आयोजित किया जावेगा। बैठक के दौरान तहसीलदार मोनिका बंसल, विकास अधिकारी राजेश कुमार, अधिशाषी अधिकारी कुलदीप तथा अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने 7 पति और बच्चों वाली कुंवारी दुल्हन को किया गिरफ्तार

**चूरू।** पुलिस ने ऐसी 'कुंवारी' दुल्हन को गिरफ्तार किया, जिसने 6 युवकों से शादी करके उन्हें चूना लगा दिया। महिला की कुछ साल पहले एक शख्स से शादी हुई थी उसे तीन बच्चे भी हुए लेकिन बाद में उसने पति को तलाक दे दिया। इसके बाद महिला लुटेरी दुल्हन बन गई. वह खुद को कुंवारी बताकर युवकों को झांसे में लेती, उनसे शादी करती। 10 से 15 दिन उनके साथ रहती. फिर रातोरात ससुराल से पैसे और गहने लेकर फरार हो जाती। महिला की कुल 7 शादियां हुईं। जैसे ही वह आठवीं शादी करने जा रही थी, पुलिस के हत्थे चढ़ गई। थाने में उसने पुलिस को पूरी कहानी सुनानी शुरू की। महिला की कहानी सुनकर पुलिस वालों ने भी माथा पकड़ लिया उसने बताया कि वह रतनगढ़ की रहने वाली है. पहले पति से तलाक के बाद उसने 6 युवकों से बारी-बारी शादी की। फिर उन्हें लूटकर फरार हो गई, उसका अपना एक गैंग भी है। वह गैंग के साथ मिलकर कई ट्रक ड्राइवरों को भी लूट चुकी है। इस लुटेरी दुल्हन को बीते दिनों रतनगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार किया था। रतनगढ़ के गांव ठठावता निवासी भादरसिंह ने लुटेरी दुल्हन के खिलाफ रतनगढ़ थाने में मामला दर्ज करवाया था उसने बताया कि 8 अप्रैल 2024 को बीकानेर के लूणकरणसर की रहने वाली 32 साल की वीरपाल के साथ उसकी शादी हुई थी. जिसकी एवज में प्रेम सिंह व अन्य लोगों के साथ मिलकर उसने ढाई लाख रुपए भी लिए थे. लेकिन शादी के 20 दिन बाद दूल्हन वीरपाल अपने साथियों के साथ भाग गई। जाते समय वीरपाल अपने साथ लाखों रुपए के जेवर और कैश भी लेकर चली गई। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लुटेरी दुल्हन वीरपाल और उसके साथी प्रेमसिंह राजपूत निवासी राजपुरा कालू को गिरफ्तार किया। उन्हें कोर्ट में पेश किया गया. दोनों को फिर पुलिस रिमांड पर भेजा गया। अभी भी दोनों पुलिस रिमांड पर हैं।

## रिमांड पर चल रहे आरोपी की निशानदेही पर डोडा पोस्त बरामद

**हनुमानगढ़।** टाउन थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में पीसी रिमांड पर चल रहे युवक की निशानदेही पर उसके खेत से सात किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद किया है। इस संबंध में आरोपी युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत अलग से प्रकरण दर्ज किया गया है। टाउन पुलिस थाना प्रभारी रामचन्द्र कस्वां ने बताया कि थाना की एसआई ज्योति ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए मुकदमा नम्बर 444/2024 धारा 8/15, 29 एनडीपीएस एक्ट दो किलोग्राम पोस्त बरामदगी के प्रकरण में जगतार सिंह उर्फ कालासिंह (32) पुत्र सोहनसिंह बाजीगर निवासी वार्ड 11, गांव गुरुसर को जुर्म धारा 8/15, 29 एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार किया था। प्रकरण में अनुसंधान के दौरान टीम ने जगतार सिह उर्फ काला की इत्तला पर जगतार सिंह उर्फ काला की ठेका काश्त भूमि चक 8 एसएसडब्ल्यू से सात किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद किया। इस संबंध में जगतार सिंह उर्फ काला के खिलाफ अलग से एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया है।

# भाखड़ा प्रणाली की नहरों का वरीयताक्रम जारी

## » 21 जून से 29 जून तक रहेगा प्रभावी

**हनुमानगढ़।** जल संसाधन भाखड़ा-सिद्धमुख रेगुलेशन खण्ड की ओर से गुरुवार को भाखड़ा प्रणाली की नहरों का साप्ताहिक वरीयताक्रम जारी किया गया। यह वरीयताक्रम 21 जून से 29 जून तक प्रभावी रहेगा। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मम्मड़खेड़ा (एमएमके) नहर में 255 क्यूसेक, जोड़कियां (जेआरके) में 375, सूरतगढ़ (एसटीजी) में 495, भगतपुरा (बीजीपी) में 533, संगरिया (एसएनजी) में 539, नगराना (एनजीडी) में 547, लीलांवाली (एलएलडब्ल्यू) में 795, भाखरांवाली (बीकेडब्ल्यू) में 845, करनीसिंह (केएसडी) में 1200, हरिपुरा (एचआरपी) में 1213, दीनगढ़ (डीएनजी) में 1226, सूरतपुरा (एसटीपी) में 1235, मोडिया (एमओडी) में 1395, लोंगवाला (एलजीडब्ल्यू) में 1530, पीलीबंगा (पीबीएन) में 1745, अमरपुरा (एएमपी) में 1838, रोड़ांवाली (आरआरडब्ल्यू) में 1851, नवां-सतीपुरा (एनडब्ल्यूएन) में 1862, मोरजण्डा (एमजेडी) में 2092, प्रतापपुरा (पीटीपी) में 2177, नाथवाना (एनटीडब्ल्यू) में 2205 व रतनपुरा (आरटीपी) नहर में 2216 क्यूसेक पानी प्रवाहित होगा। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के अनुसार प्रत्येक नहर आठ दिन पूरी चलाने के बाद बंद की जाएगी। नहरों में पानी के उतार-चढ़ाव को देखते हुए अगर किसी नहर के रेगुलेशन में बदलाव करना पड़ा तो भाखड़ा सिद्धमुख रेगुलेशन खंड व जल संसाधन खंड प्रथम/द्वितीय के अधिशाषी अभियंता से विचार-विमर्श के बाद व्यवस्था की जाएगी।

# सूने मकान में चोरी करने के आरोप में दो गिरफ्तार

तेज | संजय सेठी. श्रीगंगानगर



अनूपगढ़ जिले में रायसिंहनगर में एक सूने मकान में चोरी करने के आरोप में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक रमेश मौर्य ने बताया कि रायसिंहनगर में वार्ड नंबर 24 निवासी बबलू नायक तथा पवन कुमार उर्फ निक्कू नायक को गिरफ्तार किया गया है। रायसिंहनगर के वार्ड नंबर 1 की जोड़ा कॉलोनी निवासी हरप्रीतसिंह के मकान में विगत 8 जून की सुबह चोरी हो जाने का पता चला था। जानकारी के मुताबिक हरप्रीतसिंह इस मकान में अकेला रहता था, जो कि कुछ दिन पहले अवैध रूप से कोई नशीला पदार्थ रखने के आरोप में पकड़ा गया था। वह जेल में है। उसका मकान सूना था। हरप्रीत सिंह के जीजा रूपेंद्रसिंह जटसिख (42) निवासी चक 8-एलएल द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर कल अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। भूपेंद्र सिंह ने बताया कि उसके साले हरप्रीतसिंह के पड़ोसी विनोद ने 8 जून की सुबह 9 बजे घर में चोरी होने की सूचना दी। जब उसने वहां जाकर देखा तो घर से एक एसी, गैस सिलेंडर, गैस चूल्हा, एलईडी तथा अन्य काफी सामान गायब था। पुलिस ने बताया कि चोरों से पूछताछ कर चोरी किया गया सामान बरामद करने के प्रयास किया जा रहे हैं।

**बेदखली सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि मेरी 20 वर्षीय पुत्री गायत्री मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने में नहीं है। हर समय अपनी मनमर्जी करती है। आये दिन मेरे साथ व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के साथ लड़ाई झगड़ा करती रहती है। मेरी पुत्री गायत्री मेरे परिवार से अलग रहती है और गलत संगत में है। मेरी पुत्री गायत्री हर समय मकान व भूमि पर कब्जा करने व अपने नाम करवाने की धमकियां देती रहती है। अतः मैं अपनी पुत्री गायत्री की हरकतों से तंग व परेशान होकर अपनी तमाम चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। यदि आज के बाद कोई भी व्यक्ति मेरी पुत्री गायत्री के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार रखेगा या लेन-देन करेगा तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगी, मेरी या मेरे परिवार की किसी भी प्रकार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। गायत्री द्वारा किये गये किसी भी कार्य या कृत्य के लिए वह खुद उत्तरदायी होगी। मेरा या मेरे परिवार का आज के बाद गायत्री के साथ किसी भी प्रकार का रिश्ता नाता नहीं रहेगा। सूचित रहे।

किरसन लाल पुत्र सुखराम
जाति कुम्हार निवासी खोडां
तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ़

# जनसुनवाई में बाला को मिली तत्काल राहत, बिजली बिल हुआ कम

**» जनसुनवाई में आमजन को मिल रही राहत, कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने सुनीं आमजन की फरियाद**

तेज | जगदीश सोनी. चूरू



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर चल रही त्रिस्तरीय जन सुनवाई के बेहतरीन परिणाम सामने आ रहे हैं और आमजन को राहत मिल रही है। महीने के तीसरे गुरुवार को आईटी सेंटर में होने वाली जिला स्तरीय जन सुनवाई में गुरुवार को पहुंची बाला को तत्काल राहत मिली। डिस्कॉम द्वारा जारी 16437 रुपए के बिजली बिल से परेशान चूरू शहर की बाला के बिजली कनेक्शन के बिल को जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी के निर्देश पर जोधपुर डिस्कॉम अधिकारियों ने तत्काल संशोधित किया और मात्र 1675 रुपए का संशोधित बिल जारी कर प्रार्थी को राहत प्रदान की। प्रकरण के अनुसार, जिला मुख्यालय पर वार्ड 19 की निवासी बाला पुत्री रणजीत ने बताया कि मीटर बदलने के बाद अचानक उनका बिल 16 हजार 437 रुपए आया है, जो उनके उपभोग के हिसाब से बहुत अधिक है। इस पर जिला कलक्टर ने डिस्कॉम एक्सईएन वीएल सैनी को समस्या के तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। सैनी ने बताया कि उपभोक्ता के पैटर्न कंजप्शन के आधार पर 1675 रुपए का संशोधित बिल जारी किया गया है। जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने इस दौरान पेयजल, बिजली, अतिक्रमण, पट्टा, साफ-सफाई सहित विभिन्न बिंदुओं से जुड़ी आमजन की शिकायतें सुनीं और अधिकारियों को समस्याओं के तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। जिला कलक्टर सत्यानी ने कहा कि राज्य सरकार आमजन की समस्याओं के निस्तारण को लेकर अत्यंत गंभीर है। इसलिए अधिकारी किसी भी माध्यम से प्राप्त होने वाली आमजन की समस्याओं को संवेदनशीलता से सुनें और समयबद्ध ढंग से उसका निस्तारण करें। कोशिश करें कि समस्याएं प्राथमिक स्तर पर ही निस्तारित हों, ताकि प्रार्थी को अनावश्यक उच्च स्तर तक नहीं पहुंचना पड़े। इस दौरान भारत विकास परिषद के मोहन लाल शर्मा ने जिला मुख्यालय पर डाक बंगले के पीछे अन्नपूर्णा रसोई एवं प्याऊ की जलापूर्ति बाधित होने की शिकायत की, जिस पर जिला कलक्टर ने नगर परिषद एक्सईएन पूर्णिमा यादव को समस्या के निस्तारण के लिए कहा। यादव ने तत्काल मौके पर टीम भेजी। यादव ने बताया कि शुक्रवार को समस्या का निस्तारण कर दिया जाएगा। गांव मोरथल के गिरधारीलाल ने गांव की गोचर भूमि पर कुछ लोगों के अतिक्रमण की शिकायत की, जिस पर जिला कलक्टर ने वीसी के जरिए एसडीएम सूर्यकांत शर्मा को तत्काल अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के लिए कहा। जिला कलक्टर ने इस दौरान राजगढ़ ग्रामीण क्षेत्र में गोचर भूमि से अतिक्रमण हटाने, सुजानगढ़ के वार्ड 14 के लतीफ पुत्र रमजान को नियमानुसार पट्टा जारी करने, चूरू शहर के विभिन्न स्थानों पर पेयजल, बिजली एवं अतिक्रमण की समस्याओं का समाधान करने, स्वामी गोपालदास राजकीय कन्या महाविद्यालय के ग्राउंड की साफ-सफाइ करवाने, मेलूसर में बीज वितरण में अनियमितताओं की जांच करने, चूरू के वार्ड 18 में बिजली के झूलते तारों को ठीक करवाने, लालासर में जोहड़ पायतन की भूमि से अतिक्रमण हटवाने, झारिया गांव में आम रास्ता खुलवाने, वार्ड 51 में कुआ निर्माण, बीनासर में जलापूर्ति में कमजोर गुणवत्ता की पाइप लाइन लगाए जाने की जांच, जिनरासर में मंदिर के पास से शराब का ठेका हटवाने के निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम उत्तम सिंह शेखावत, सीईओ मोहन लाल खटनावलिया, एएसपी लोकेंद्र दादरवाल, तहसीलदार सुरेंद्र पाल, संयुक्त निदेशक (आईटी) मनोज गर्वा, पीएचईडी एसई रमेश राठी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक अरविंद ओला, कॉपरेटिव एमडी मदन लाल, सीडीईओ जगबीर यादव, एडीपीआर कुमार अजय, एलडीएम अमर सिंह, उद्योग महाप्रबंधक नानूराम, मेडिकल कॉलेज संबद्ध डीबी जनरल अस्पताल अधीक्षक डॉ हनुमान जयपाल, प्रो. मधुसूदन प्रधान, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मो. अनीश, सानिवि एक्सईएन बीएल सोनी, सुभाष चंद्र सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद थे।

# रेसा पी -प्रदेशाध्यक्ष पद पर डॉ. राजूराम चौधरी के मनोनयन को आम प्रधानाचार्यों ने किया अस्वीकार

**प्रदेश के 50 जिलों से 45 जिलों ने मनोनयन प्रस्ताव की बैठक में दर्ज करवाई अनुपस्थिति, कोरम रहा अधूरा**

तेज | रिपोर्टर श्रीगंगानगर

व्याख्याता केडर से बने प्रधानाचार्यो के संघ राजस्थान शिक्षा सेवा परिषद -प्रधानाचार्य (रेसा पी) में बिना कोरम पूर्ति के लिए गए प्रस्ताव में डॉ राजू राम चौधरी के अवैधानिक मनोनयन का सक्रिय एंव आम प्रधानाचार्यो ने रोष प्रकट किया है ओर बताया कि इस प्रकार प्रदेश के प्रधानाचार्य वर्ग को बेवकूफ बनाना ओर संगठन के पद कब्जाने जैसा घिनोना कृत्य किया है, जिसे आम प्रधानाचार्य कतई स्वीकार नहीं करेंगे, उक्त प्रस्ताव पूर्व से पटकथा लिख कर 90त्न जिलाध्यक्षो /जिलाध्यक्ष मंत्रिओ की अनुपस्थिति में लिया गया है, एक जानकारी अनुसार प्रदेश के 50 में से केवल 5 जिलों के ही जिमेवार पदाधिकारी उपस्थित रहे थे,दीगर है कि संगठन के प्रदेशाध्यक्ष बी के गुप्ता की शिक्षा विशेषधिकारी की नियुक्ति से उक्त रिक्ति हुई थी ओर डॉ चौधरी को कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया था,संगठन विधान अनुसार प्रदेशाध्यक्ष पद रिक्त होने पर कार्यवाही प्रतिवेदन लेकर बहुमत /दो तिहाई से प्रस्ताव पारित करके मनोनयन किया जाता है, परन्तु जानकारी अनुसार डॉ चौधरी ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर काम करने से इंकार कर दिया था, इस कारण कार्यकारिणी के सदस्य डॉ राजेंद्र बंसल को बी के गुप्ता द्वारा प्रदेशध्यक्ष का दायित्व प्रदान कर दिया था, दूसरी तरफ एक प्रधानाचार्य वर्ग द्वारा प्रदेश महामंत्री दिनेश मीणा सहित पूरी प्रदेश कार्यकारिणी से इस्तीफा की मांग की है, विश्वस्त सूत्रों अनुसार चर्चा है कि एक षड्यंत्र पूर्वक प्रदेश के चुनाव कार्यक्रम में बीच अवैधानिक बैठक बुला कर मुख्य चुनाव अधिकारी से मिलीभगत कर दिनेश मीणा व कुछ अन्य ने पदों पर प्राप्त नामांकन वापसी के बगैर अपना निर्विरोध निर्वाचन घोषित करवा प्रदेश के प्रधानाचार्य वर्ग को ठेस पहुंचाई है 7 इस कारण मौजूदा समस्त कार्यकारिणी से आम प्रधानाचार्य इस्तीफे की मांग करते है ताकि संगठन में भरोसा बना रह सके 7 ओर बिना कोरम पूर्ति से लिए प्रदेशाध्यक्ष पद पर डॉ राजू राम चौधरी का बहिष्कार भी करते है, बिना कोरम पूर्ति की इस बैठक में ना पहुंचने वाले लोगो की भी गलत न्यूज लगा कर प्रदेश के आम प्रधानाचार्यो को गुमराह करने जैसा कार्य किया जा रहा है, वही पूर्व कार्यकारिणी के समय माल्यार्पण की फ़ाइल फोटो लगा कर आम प्रधानाचार्यो को बेवकूफ बनाने ओर संगठन का पद कब्ज़ाने का कार्य करने की पूरी चर्चा है।व्याख्याता केडर से बनी प्रधानाचार्य डीपीसी संघर्ष समिति 2021-22 के 650 प्रत्यक्ष ओर विचारधारा से जुड़े अन्य साथियो सहित लगभग 2000 प्रधानाचार्यो के वर्ग के सह सयोजक धन्ना राम, लक्ष्मीकांत स्वामी, महावीर मीणा, सहित जिला टीम प्रभारियों ने बताया कि इस प्रकार अगर संगठन में चला तो इसका खुला ओर हर मंच पर विरोध किया जावेगा ओर अवैधानिक कब्जाये पद पर बैठने से डॉ. चौधरी को अध्यक्ष एंव दिनेश मीणा को महामंत्री मानने से इंकार कर बहिष्कार कर दिया है 7ओर प्रधानाचार्य डीपीसी संघर्ष समिति 2021-22 के सह संयोजक महावीर मीणा ने रेसा पी उच्च स्तर को एक चिठ्ठी लिख कर पूर्व में इन 2000 साथियों केबी के गुप्ता एंव प्रमोद मिश्रा में विश्वास व्यक्त करते हुई कंडीसनल विलय प्रस्ताव को वापिस लेने की जानकारी दे दी है कि अगर संगठन पद लोलुपता में चंद लोगो से घिरा है तो अब अविश्वास प्रकट करते है।

## लायंस क्लब द्वारा वाटर कूलर का लोकार्पण



**चूरू. जगदीश सोनी।** लायन्स क्लब द्वारा एक वाटर कूलर जिला कलेक्ट्रेट आफिस में तहसीलदार ऑफिस के पास आम जन को इस चिलचिलाती गर्मी में आमजन की सुविधा हेतु लगाया गया है। क्लब अध्यक्ष लायन चन्द्रप्रकाश खत्री ने बताया कि जिला कलेक्ट्रेट में एक वाटर कूलर स्व. रामीदेवी एवम स्व. महावीर प्रसाद अग्रवाल की स्मृति में लगाया गया, जिसका लोकार्पण उपखंड अधिकारी बिजेंद्र सिंह के कर कमलों से किया गया। लायंस क्लब द्वारा चूरू के विभिन्न स्थानों पर 15 वाटर कूलर लगवाए हुए हैं। कार्यक्रम में लायन आर. सी. राजोतिया, रीजन चौयरपर्सन सुनील रंजन टकणेत, सचिव ताराचन्द प्रजापत, कोषाध्यक्ष मुकुल सिगतिया, विनोद शर्मा, राजीव शर्मा आदि उपस्थित थे।

## आयुष्मान आरोग्य केंद्रों पर होगा योगा

**» आज विश्व योग दिवस पर जिले में होंगी विशेष गतिविधियां**




**श्रीगंगानगर।** विश्व योग दिवस के उपलक्ष में शुक्रवार को जिलेभर में योग गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयुष्मान आरोग्य केंद्रों पर योग दिवस का आयोजन किया जाएगा और विशेष जागरूकता कार्यक्रम होंगे। इस दौरान आमजन में स्वस्थ शरीर के लिए योग की महत्ता पर विस्तार से जानकारी दी जाएगी। सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि विश्व योग दिवस पर जिले के सभी आयुष्मान आरोग्य केंद्रों पर योग के साथ-साथ जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। यहां योग शिविर आयोजित किए जाएंगे ताकि आमजन योग का महत्व समझ सके। आमजन को इस दौरान नियमित रूप से योग करने के लिए प्रेरित व जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए आमजन की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने और तैयारियों के संबंध में ब्लॉक स्तर पर निर्देश दिए गए हैं। साथ ही इन केंद्रों पर कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अपनी टीम के साथ क्षेत्रों में जाकर योग गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान करेंगे। विभाग की आमजन से अपील की है कि वे शुक्रवार को विश्व योग दिवस के उपलक्ष में योग करें और शपथ लें कि भविष्य में नियमित रूप से योग करेंगे।

## श्रम विभाग की सभी योजनाओं का लाभ ऑनलाईन

**असामाजिक तत्वों की फोन कॉल पर ध्यान न दें, कॉल आने पर नजदीक के थाना में सूचना दें**

**श्रीगंगानगर।** श्रम विभाग (बीओसीडब्ल्यू बोर्ड) द्वारा निर्माण श्रमिकों के लिये विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा हैं। विभिन्न योजनाओं के सभी प्रकार के आवेदन किसी भी ई-मित्र के माध्यम से ऑनलाईन किये जाते हैं। कार्यालय में विभिन्न श्रमिकों द्वारा मौखिक रूप से कार्मिकों को बताया गया है कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा विभिन्न योजना आवेदनों एवं श्रमिक पंजीयन आवेदनों के पास करवाने के नाम पर अवैध रूप से राशि की मांग की जा रही हैं। उप श्रम आयुक्त अमरचंद ने सभी श्रमिक बंधुओ से अपील की है कि वे इस संबंध में जागरूक व सतर्क रहे। श्रम विभाग या जयपुर कार्यालय के कार्मिक द्वारा किसी भी प्रकार से राशि की मांग नहीं की जा रही है। इस प्रकार के कथित फर्जी कॉल आदि से सावधान रहे एवं किसी प्रकार का अवैध लेनदेन सरकारी योजनाओं के नाम से नहीं करें। विभाग या सरकार द्वारा इन कामों के लिए किसी भी व्यक्ति विशेष, किसी विशेष ई-मित्र या कार्मिक को अवैध राशि लेने के लिए अधिकृत नहीं कर रखा है। आपसे इस प्रकार से योजनाओं के नाम पर कोई राशि की मांग करता है, तो आप नजदीकी पुलिस थाना में शिकायत करें।

# गंगनहर के माध्यम से राजस्थान के हिस्से का पूरा पानी मिले

**» गंगानगर विधायक बिहाणी ने पंजाब के सीएम को लिखा पत्र**

तेज | रिपोर्टर श्रीगंगानगर

गंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को गंगनहर के माध्यम से राजस्थान के हिस्से का पूरा पानी नहरों में उपलब्ध करवाने को लेकर पत्र लिखा है। विधायक बिहाणी ने अनुरोध किया है कि पंजाब द्वारा गंगनहर के माध्यम से श्रीगंगानगर क्षेत्र में सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध करवाया जाता है। वर्तमान में पंजाब सरकार द्वारा गंगनहर में राजस्थान के हिस्से के स्वीकृत पानी से कम पानी उपलब्ध करवाया जा रहा है, जिससे श्रीगंगानगर क्षेत्र की फसलें सूख रही है। इसलिये क्षेत्र के किसानों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने लिखा है कि श्रीगंगानगर क्षेत्र में किसानों को पानी की कमी की वजह से आर्थिक नुकसान हो रहा है। श्रीगंगानगर क्षेत्र में होने वाली कृषि पूर्णतया पंजाब से प्राप्त हमारे हिस्से के पानी पर निर्भर है। फसलों को बचाने के लिये एक मात्र उपाय गंगनहर के माध्यम से मिलने वाले पानी का निर्धारित हिस्सा पूरा उपलब्ध करवाया जाये ताकि गंगानगर क्षेत्र में खराब हो रही फसलों को बचाया जा सके। आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि आप श्रीगंगानगर के किसानों की ज्वलन समस्या का निस्तारण प्राथमिकता से करवाये जाने के निर्देश प्रदान करेंगे। उन्होंने लिखा है कि किसान सम्पूर्ण भारत में एक ही है। इसमें कोई सीमा या जाति नहीं होती है। खेती को बचाने एवं संतुलन बनाये रखने के लिये समय अनुसार राजस्थान के किसानों के हितार्थ हमें अपने हिस्से का पूरा पानी उपलब्ध करवाया जाये।

## जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं का हुआ समाधान



**चूरू. जगदीश सोनी।** शहरी एवम ग्रामीण क्षेत्र से आये आमजन ने गुरुवार को पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि के समक्ष विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग रखी। भाजपा कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में बिजली, पानी, चिकित्सा सड़क एवम शिक्षा सम्बंधित विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की गई। पूर्व विधायक महर्षि ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर सम्बंधित अधिकारी को त्वरित समाधान के निर्देश दिए महर्षि ने कहा कि आमजन की मूलभूत आवश्यकता से सम्बंधित सम्स्स्याओं का अधिकारी त्वरित समाधान करें अब प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है तो विकास कार्य की रफ्तार भी बढ़ी है। प्रदेश की भाजपा सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से भी आमजन लाभान्वित हो रहा है। इस अवसर पर शहरी एवम ग्रामीण क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में आमजन उपस्थित था।

# सीएम के निर्देशों पर राज्यस्तरीय टीम ने किया जिला अस्पताल व सीएचसी का निरीक्षण

**» राज्यस्तरीय अधिकारी डॉ. रोमेल सिंह ने देखी व्यवस्थाएं**

तेज | रिपोर्टर श्रीगंगानगर



चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों पर गुरुवार राज्यस्तरीय अधिकारी डॉ. रोमेल सिंह ने जिला अस्पताल श्रीगंगानगर और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीकरणपुर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान पीएमओ डॉ. दीपक मोंगा एवं हेल्थ मैनेजर सविंदर सिंह मौजूद रहे। सीओआईईसी विनोद बिश्नोई ने बताया कि राज्यस्तरीय अधिकारी डॉ. सिंह ने गुरुवार सुबह ऑक्सीजन सप्लाई केंद्र का निरीक्षण कर आपातकाल के लिए सिलेंडर बैकअप रखने के निर्देश दिए। जिला अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट पूर्णतः सही स्थिति में कार्यरत मिले। इस दौरान ऑक्सीजन सिलेंडर की समीक्षा में सामने आया कि वर्ष 2020-21 में सिलेंडरों पर करीब साढ़े छह लाख रुपए और वर्ष 2021-22 में करीब 11 लाख रुपए खर्च आया। जबकि ऑक्सीजन प्लांट के चलते अब यह खर्च घटकर वर्ष 2022-23 में 95 हजार रुपए और 2023-24 में 62 हजार रुपए ही रह गया है। केटीपीएल स्टेट्स देखते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि सभी उपकरणों की सही एंट्री हो और उपकरण के खराब होने पर तत्काल ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई जाए ताकि उपकरण शीघ्रातिशीघ्र ठीक हो सकें। एमसीएचएन दिवस के चलते टीकाकरण व्यवस्थाओं की स्थिति देखी और निर्देश दिए कि टीकाकरण होते ही यू विन पोर्टल पर एंट्री करवाना सुनिश्चित करें। वहीं उन्होंने अन्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाने के निर्देश दिए।

## जल योजना बींझबायला से जल की नियमित आपूर्ति

**श्रीगंगानगर।** उपखण्ड क्षेत्र पदमपुर के अधीन पेयजल परियोजना बींझबायला से गांव 30 एलएनपी, 29 एमएल, 47 एलएनपी प्रथम व द्वितीय के ग्रामीण लाभान्वित हो रहे हैं। पीएचईडी के सहायक अभियंता ने बताया कि पेयजल परियोजना का मौके पर जाकर अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान टंकी की डोम टूटी होने के कारण जाल से कवर करवाया गया तथा पूर्व में भी समय-समय पर ओवर हेड टैंक की सफाई विभाग द्वारा करवाई गई है। ग्रामीणों के अनुरोध पर ओवर हेड टैंक के अंदर की सफाई भी पुनः करवाई गई। विभाग द्वारा किये गये कार्यों व पेयजल आपूर्ति से ग्रामीणजन संतुष्ट है। जल जीवन मिशन के तहत इस परियोजना में नया ओवर हेड टैंक का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है।

# राज्य नोडल अधिकारी डॉ. अजय चौधरी ने चिकित्सा संस्थान का किया निरीक्षण

तेज | जगदीश सोनी. चूरू



चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से गुरूवार को विभाग के राज्य नोडल अधिकारी ने चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान नियमित टीकाकरण अभियान व चिकित्सा संस्थान पर कोल्ड चौन के बारे में भी जानकारी ली। सीएमएचओ डा. मनोज शर्मा ने बताया कि गुरूवार को एनवीवीएच कार्यक्रम के राज्य नोडिल अधिकारी डॉ.अजय चौधरी ने जिला मुख्यालय पर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र डाबला रोड का निरीक्षण किया। इस दौरान टीकाकरण सत्र व ड्यू लिस्ट के बारे में जानकारी ली। नियमित टीकाकरण अभियान में टीकाकरण से छूटे हुये बच्चों को चिन्हित कर टीकाकरण करवाने के निर्देश दिये। टीकाकरण सत्र पर आने वाली गर्भवती महिलाओं की जांच की सुनिश्चितता करें एवं ड्यू लिस्ट में चिन्हित सभी का टीकाकरण समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिये। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में लेबोरेट्री एवं इसमें रखे उपकरण एवं स्टोर का निरीक्षण किया। इस दौरान खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जगदीश सिंह भाटी, डीपीओं एनयूएचएम संग्राम सिंह राठौड, बीपीओं ओमप्रकाश प्रजापत, बीएचएस कपील, एएनएम कमला, एलएचवी जयश्री, एलए सुरेन्द्र सैनी, पवन रसगनिया आदि मौजूद रहे।

# कलक्ट्रेट आने वाले आमजन को मिलेगा मीठा पानी, भामाशाह बैद ने दिए दो आरओ

तेज | जगदीश सोनी. चूरू



कलक्ट्रेट आने वाले आमजन एवं कार्मिकों को अब आरओ का मीठा पानी सुलभ हो सकेगा। रेडक्रॉस सोसायटी की जिला शाखा की अध्यक्ष एवं जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी की प्रेरणा से रतनगढ़ के भामाशाह शुभकरण बैद द्वारा दो आरओ भेंट किए गए हैं। जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने आरओ भेंट करने के लिए भामाशाह बैद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अंचल में पुण्य कार्य के लिए अपनी मेहनत की कमाई लगाने की एक समृद्ध परम्परा रही है। पेयजल के लिए दान श्रेष्ठ माना गया है। इस परम्परा में कुंए, कुंड, जोहड़, बावड़ी और प्याऊ बनवाने वाले भामाशाहों की एक लंबी फेहरिश्त है। बैद ने इसी दिशा में आमजन के लिए आर ओ लगाकर सराहनीय कार्य किया है। इससे यहां कैंपस में आने वाले लोगों को मीठा पेयजल मिल सकेगा। उल्लेखनीय है कि इससे पहले जिले के राजगढ़ के मोहता समूह चेयरमैन व वरिष्ठ समाजसेवी श्रीवर्द्धन मोहता ने जिला कलक्ट्रेट कैम्पस के लिए 02 वाटर कूलर भेंट किए।

अब आरओ और लगने से लोगों को ठंडा और शीतल जल मिल सकेगा।

# जल योजना बछरारा से 5 गांव लाभान्वित हो रहे है

**श्रीगंगानगर।** पेयजल विभाग द्वारा पेयजल परियोजना बछरारा से पांच गांव लाभान्वित किये जा रहे हैं। जल जीवन मिशन के अंतर्गत इस योजना की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति एसएलएसएससी की 23वीं बैठक में 25 मार्च 2021 को 442 लाख रूपये की तकनीकी स्वीकृति तथा 20 जुलाई 2021 को 411.83 लाख की स्वीकृति प्राप्त हुई है। पीएचईडी के अधिशाषी अभियंता ने बताया कि इस योजना में स्वीकृत कार्य के कार्य आदेश अतिरिक्त मुख्य अभियंता बीकानेर द्वारा 31 दिसम्बर 2021 को संबंधित फर्म को दिये गये। इस योजना में संवेदक द्वारा जल योजना बछरारा के हेड वर्क्स पर मोटर पम्प स्थापना, आरजीएफ/आरडब्ल्यूआर के नवीनीकरण का कार्य, स्वच्छ जलाशय का निर्माण, राईजिंग मैन व डिस्ट्रीब्यूसन पाईपलाईन आदि का कार्य किया जाना था। संवेदक द्वारा पम्प सेट इन्स्टालेशन, आरजीएफ/आरडब्ल्यूआर के नवीनीकरण कार्य स्वच्छ जलाशय का निर्माण व गांव बछरारा, देईदासपुरा, कोपलसर व लादेर से आवश्यकतानुसार पाईपलाईन का कार्य व जल संबंध देने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। गांव सांवतसर हेतु लादेर गांव से सांवतसर तक बिछाई जाने वाली लगभग 8 हजार मीटर पाईपलाईन में से 6600 मीटर पाईपलाईन बिछाने का कार्य कर दिया गया है तथा शेष कार्य प्रगतिरत है। संवेदक द्वारा धीमी गति से कार्य करने के कारण निर्धारित राशि काटी जा रही है। संवेदक को कार्य शीघ्र पूरा कर सभी गांवों में हर घर जल संबंध देकर पेयजल से लाभान्वित करने हेतु निर्देश दिये गये है।

## अरोड़वंश पब्लिक स्कूल में ओपन टेबल टेनिस कल से

**श्रीगंगानगर।** अरोडवंश सनातन धर्म मंदिर (ट्रस्ट) द्वारा संचालित जवाहरनगर में गगन पथ पर स्थित अरोडवंश पब्लिक स्कूल के तत्वावधान में प्रथम ओपन टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।आयोजन सचिव एवं स्कूल प्रिंसिपल सचिन कुक्कड़ ने बताया कि यह प्रतियोगिता 22 और 23 जून तक स्कूल प्रांगण में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में बालक एवं बालिकाओं के पांच आयु वर्ग में होगी। अंडर-19, अंडर-17, अंडर-15,अंडर-13 और अंडर- 11 आयु वर्ग के बालक/बालिकाएं सऱ्शुल्क भाग ले सकेंगे। विशेष योग्यजन बालक/ बालिकाओं के लिए कोई शुल्क नहीं है। उन्होंने बताया कि इच्छुक खिलाड़ी 21 जून तक शाम 6 से 8 बजे प्रतियोगिता स्थल पर प्रविष्टियां स्वीकार की जाएंगी। खिलाड़ियों को आयु प्रमाण पत्र साथ में लाना होगा।आयोजन सचिव ने बताया कि प्रतियोगिता की तैयारियां जोर-जोर से की जा रही हैं। प्रतियोगिता का समापन समारोह 23 जून रविवार शाम 5:30 बजे होगा जिसमें ट्रस्ट के अध्यक्ष अंकुर मगलानी, सचिव नीरज चावला सीए और कोषाध्यक्ष सन्नी नागपाल द्वारा विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह दिए जाएंगे। सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में भाग लेने के प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे।


METRO DENTAL CLINIC
Orthodontics & Implant Center
77, Bhagat Singh Chowk, HANUMANGARH JN.
75972-33341, 70148-58491
Dr. Pratham Arora (Dental Surgeon)

टेढ़े-मेढ़े दांतों का सफल ईलाज

# दस दिवसीय किड्स समर कैंप का हुआ समापन

## वक्ताओं ने कहा 'कहते हैं की प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती, बस जरूरत है उसे निखारने की!'

तेज. रिपोर्टर | पीलीबंगा



पीलीबंगा। कहते हैं की प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती, बस जरूरत है उसे निखारने की, और ऐसे आयोजन आने वाले भविष्य में विद्यार्थियों के जीवन की दिशा और दशा को बदलने में कारगर साबित होंगे! यह बात वक्ताओं ने गुरुवार को समर कैंप के समापन अवसर पर एक स्वर में कहीं। श्रीअरोड़वंश सभा एवं महिला मंडल के दस दिवसीय किड्स समर कैंप का समापन गुरुवार को हुआ। इस ग्रीष्मकालीन समर कैंप में छात्रों को डांस, म्यूजिक, माइम, योगा, सड़क सुरक्षा, चित्रकला व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही छात्रों से सड़क सुरक्षा और चित्रकला पर अपने विचार रखने को कहा गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्रीअरोड़वंश सभा अध्यक्ष रैमल दास मरेजा,लायन्स क्लब अध्यक्ष रमन बाघला, सभा उपाध्यक्ष जगदीश बिलंदी, महासचिव अजय मिढ़ा, सभा निर्माण मंत्री जयप्रकाश बलाना ने कहा कि समर कैंप के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। विद्यार्थियों के लिए यह ऐसा समय है जो अमूल्य है। उन्होंने कहा कि समय के अर्थ को समझना चाहिए और अपने अमूल्य समय को व्यर्थ करने के स्थान पर अथक परिश्रम करना चाहिए। इस दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समरकैंप में पहुंचे अभिभावकों ने भी अपने विचार को व्यक्त किए।महिला मंडल अध्यक्ष अनीता अरोड़ा ने लेखा-जोखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस 10 दिवसीय समर कैंप में महिला मंडल द्वारा विद्यार्थियों के नैसर्गिक एवं नैतिक सर्वांगीण विकास को सम्मुख रखते हुए विभिन्न एक्टिविटीज का आयोजन किया।हर क्षेत्र के विशेषज्ञ अध्यापिकाओं की ओर से विभिन्न गतिविधियां करवाई गई। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। मंच संचालन एड.मनीष आहूजा ने किया। इस मौके परशेफाली मरेजा, अंशु मरेजा, शिल्पा नागपाल, शीतल बाघला, रीतू सचदेवा, परवीन चिलाना, मीना गिलहोत्रा, इशिका कंधारी आदि मौजूद रही। कार्यक्रम प्रमुख पूजा मिढ़ा,शिल्पा नागपाल, बरखा अरोड़ा, नेहा अरोड़ा ने सभी का आभार जताया।

# संपर्क शिकायत निवारण शाखा कर्मचारियों के व्यवहार से खफा वीडीओ संघ ने लगाया धरना

तेज | रिपोर्टर सूरतगढ़



पीलीबंगा। संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण के लिए नियुक्त कार्मिक के व्यवहार से खफा वीडीओ संघ ने गुरुवार दोपहर बाद पंचायत समिति परिसर में में धरना लगाया। संघ सदस्यों ने नारेबाजी करते हुए कहा कि संपर्क पोर्टल 181 सहित राज संपर्क पर आने वाली शिकायतों के बारे में जानकारी पंचायत समिति कार्यालय की इस शाखा को निर्धारित समयावधि में अविलंब भिजवाई जाती है, बावजूद इसके संबंधित कार्मिक द्वारा ग्राम विकास अधिकारियों के साथ अमर्यादित व्यवहार करने एवं एक ही शिकायत को बार-बार भेज कर अनावश्यक रूप से परेशान किया जाता है। संबंधित कार्मिक को निलंबित करने एवं भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति नहीं हो, ऐसी व्यवस्था करने की मांग की।सूचना मिलते ही बीडीओ रविंद्र शर्मा, अति. विकास अधिकारी हुकम सिंह राठौड़, एडीओ मालचंद गोगना, महेंद्र प्रताप सिंह, मांगीलाल स्वामी, अमृत मीणा आदि ने संघ अध्यक्ष सुशील सिद्धू, योगेंद्र पंवार, नक्षत्र सिंह सहित संघ सदस्यों से वार्ता करते हुए संबंधित मांगों पर गहनता से विचार कर संबंधित प्रभारी एवं कार्मिकों की शाखा परिवर्तन करते हुए नए शाखा प्रभारी एवं कार्मिक को लगाने का आश्वासन दिया एवं भविष्य में इस शाखा से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आने का भरोसा दिलाते हुए धरना समाप्त करवाया। वार्ता में ग्राम विकास अधिकारी संघ से जितेंद्र सिंह, सुनील काजला, मनप्रीत सिंह, अशोक छिंपा, रमनदीप कौर, महेंद्र नैन, विनोद मीणा, जगदीश चालिया, संदीप सिद्धू, राहुल चौहान, पूजा शर्मा, ममता रानी, प्रमोद सिंह, हरीश निर्वाण आदि मौजूद थे। खास बात यह रही कि वीडीओ संघ ने संबंधित कार्मिकों सहायक विकास अधिकारी सुखदेव सिंह को मनरेगा शाखा मनरेगा व कनिष्ठ सहायक ममता रानी को ग्राम पंचायत डींगवाला में कार्य व्यवस्था के तहत लगाने एवं इस शाखा से हटाने के आदेश मौके पर लेकर ही धरना समाप्त किया।

# बरसात से मिली गर्मी से राहत

**तेज रिपोर्टर. चारणवासी।** एक महीने से झुलसा रही गर्मी से गुरुवार को बरसात से राहत मिली। बीती रात मौसम परिवर्तन शील होने के कारण अल सुबह धूल भरी आंधी के बाद हल्की बारिश हुई,दिन में अन्य दिनों से तापमान कम रहा, दोपहर बाद मौसम ने करवट बदली और आसमान धुंधला हो गया। शाम पांच से छः बजे तक तेज हवा के साथ झमाझम हुई। बारिश के बाद चली शीतलहर से मौसम खुशनुमा हो जाने से गर्मी से राहत मिली। किसानों ने बताया कि भले बरसात कम हुई हो लेकिन अब ट्यूबवैल से सिंचाई करने पर नरमा,कपास व हरा पशु चारा झुलसेगा नहीं। बिजली की खपत भी कम होगी।



# सांसद कुमारी शैलजा ने अजीज प्रताप सिंह खोसा स्टेडियम में पौधारोपण किया

तेज. ऐलनाबाद | रमेश भार्गव



शहर के नोहर रोड स्थित अंडर ब्रिज के पास अजीज प्रताप सिंह खोसा स्टेडियम में सिरसा से सांसद - बनने के बाद पहली बार ऐलनाबाद पहुंचीं कुमारी सैलजा का पार्टी कार्यकर्ताओं ने - जोरदार स्वागत किया। अपने धन्यवादी दौरे - के दौरान कुमारी शैलजा अजीज प्रताप सिंह खोसा स्टेडियम पहुंचीं, जहां अजीज प्रताप - सिंह खोसा फाउंडेशन के अध्यक्ष अमरपाल - सिंह खोसा ने कुमारी शैलजा का स्वागत - किया। कुमारी सैलजा ने स्टेडियम में पौधारोपण भी किया और मौके पर मौजूद पार्टी - कार्यकर्ताओं को और अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि - अजीज प्रताप सिंह खोसा फाउंडेशन द्वारा इस - क्षेत्र के बच्चों के खेलने के लिए जो यह स्टेडियम बनाया गया है, यह बहुत ही सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि ऐलनाबाद क्षेत्र में लंबे समय से खेल स्टेडियम की कमी थी जिसको अजीज प्रताप सिंह खोसा फाऊंडेशन ने पूरा किया है। कुमारी शैलजा ने कहा कि भविष्य में अगर उनसे किसी भी तरह के सहयोग की जरूरत पड़ेगी तो वह हमेशा तैयार हैं। स्टेडियम पहुंचने पर अध्यक्ष अमरपाल सिंह खोसा ने कुमारी शैलजा को सम्मानित किया। इस मौके पर फाउंडेशन के संरक्षक मलकीत सिंह खोसा, अध्यक्ष अमरपाल सिंह खोसा, नगर पालिका अध्यक्ष राम सिंह सोलंकी, जसपाल सिंह लाली, एडवोकेट सुरिंदर बंसल, धर्मपाल गुप्ता, रघबीर सिंह सग्गू, जसपाल सिंह बराड़, कोच प्रहलाद कुमार, बलदेव सिंह भिंडर, नितिन सोलंकी एवं अन्य पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ताल्लुका विधिक सेवा समिति ने डोर टू स्टेप काउंसलिंग एवं मेडिकल कैंप लगाया

तेज. रिपोर्टर | पीलीबंगा



ताल्लुका विधिक सेवा समिति ने गुरुवार को डोर टू स्टेप काउंसलिंग एवं मेडिकल कैंप लगाया। सचिव अरमान सोनी ने बताया कि कोर्ट परिसर के बार संघ कार्यालय में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने वकीलों एवं पक्षकारों का हेल्थ चेकअप करते हुए उन्हें उचित परामर्श दिया। इस मौके पर नर्सिंग ऑफिसर लक्ष्य कुमार एव एलटी रामेश्वरलाल ने स्वास्थ्य की रूटीन जांच कर सेवाएं दी। वहीं डोर टू स्टेप प्री काउंसलिंग करते हुए आगामी 13 जुलाई को न्यायालय परिसर में होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निपटने वाले प्रकरणों के बारे में बताया एवं आपसी सहमति और समझाइश/मध्यस्थता के माध्यम से मामले को निपटने की प्रक्रिया की भी जानकारी दी। इस मौके पर बार संघ अध्यक्ष नंदराम धारणिया, महेंद्र चतुर्वेदी, पैनल अधिवक्ता रामकुमार खीचड़, गौरी शंकर गाट, दारा सिंह आदि मौजूद थे। कैंप में स्थानीय एवं अन्य उच्च न्यायालय में निस्तारित होने वाले वैवाहिक और संपत्ति विवादों, मोटर दुर्घटना दावों, भूमि अधिग्रहण, मुआवजा, सेवा और श्रम से संबंधित मामलों सहित निपटान के लायक मामलों पर विचार एवं वर्षों से लंबित समक्ष लंबित मामले को सुलटाने के बारे में भी बताया गया।

# अधिशेष शिक्षकों का समायोजन नहीं होने से शिक्षकों में रोष



तेज. रिपोर्टर | पीलीबंगा

शिक्षा विभाग के स्कूलों में अधिशेष शिक्षकों का समायोजन नहीं होने से शिक्षकों में आक्रोश है। राज. शिक्षक संघ शेखावत जिला अध्यक्ष मनोहर लाल बंसल व जिला मंत्री राम निवास ने बताया कि शिक्षा विभाग में स्कूलों में लगभग 20 हजार शिक्षक अधिशेष चल रहे हैं, जिनका समायोजन संगठन की बार-बार मांग के बावजूद नहीं किया जा रहा है। समायोजन नहीं होने से ऐसे शिक्षकों के वेतन की व्यवस्था अन्य विद्यालयों से करनी पड़ रही है और बार-बार शिक्षकों का वेतन अटक जाता है। कई शिक्षकों को तो तीन-चार महीने के बकाया वेतन की समस्या से जूझना पड़ रहा है। बंसल ने बताया कि संगठन द्वारा बार-बार इस समस्या के संबंध में राज्य सरकार को अवगत कराया गया है, जिस पर सिर्फ आश्वासन ही मिले हैं, समस्या का समाधान अभी तक नहीं हुआ है। संगठन ने जल्द से जल्द अधिशेष शिक्षकों को निकटतम विद्यालयों में समायोजन कर सरकार द्वारा राहत प्रदान करने की मांग की है।

# दौलतांवाली पंचायत के ग्राम तीन टी में हुए अतिक्रमण को नहीं हटवाने पर जताया असंतोष

तेज. रिपोर्टर | पीलीबंगा

ग्राम पंचायत दौलतांवाली के ग्राम तीन टी में हुए अतिक्रमण को नहीं हटवाने पर असंतोष जाहिर किया है। दौलतावाली निवासी कुलदीप जाट ने गुरुवार को इस समस्या से कलेक्टर को अवगत करवाते हुए राहत देने की मांग की है। ज्ञापन में बताया कि बीते 7 माह से ग्राम 3टी की गलियों एवं फिरनी पर अवैध रूप से अतिक्रमण किया हुआ है। प्रशासनिक अधिकारियों को बार-बार अवगत करवाने के बावजूद अभी तक इन सभी अवैध कब्जे को हटाया गया है और ना ही सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई है, इससे ग्रामीणों में रोष है। वहीं केवल लीपापोती होने से अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं। राजनीतिक पहुंच रखने एवं सार्वजनिक संपत्ति पर नाजायज रूप से कब्जा करने की नीयत से अतिक्रमण किया हुआ है। इस कार्य में शामिल रसूखदार रसूखदार लोगों द्वारा शिकायतकर्ता को झूठे मुकदमों में फंसने की धमकी भी देकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। कुलदीप जाट ने जिला कलेक्टर से अतिक्रमण हटाने एवम इस कार्य में शामिल व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# सतलुज स्कूल के डॉ. ताहिर पठान अंतरराष्ट्रीय साहित्य सम्मान समारोह में हुए सम्मानित

तेज. ऐलनाबाद | रमेश भार्गव



महात्मा गांधी हिंदी विकास परिषद के तत्वाधान में 'नव उदय प्रकाशन' ग्वालियर (मध्य प्रदेश) की ओर से चतुर्थ अंतर्राष्ट्रीय साहित्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें स्थानीय सतलुज पब्लिक स्कूल के प्राध्यापक डॉ. ताहिर पठान को उनके हिंदी विकास के अविस्मरणीय सफ़र व भाषा उच्च ज्ञान के लिए सम्मानित किया गया। इस बारे में डॉ. ताहिर पठान ने बताया कि इस कार्यक्रम में भारत के 250 साहित्य सम्मानित कविगण व साहित्यकारों को आदर पूर्वक सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लखनऊ यूनिवर्सिटी के उप कुलपति आचार्य आलोक कुमार राय, महात्मा गाँधी हिंदी विकास परिषद के सह सचिव अशोक ज्याणी, नव उदय पब्लिकेशन ग्वालियर की मुख्य सम्पादक शिव्या जैन व ऋतु, आईएएस सूर्यपाल गंगवार, आईपीएस रईस अख्तर व अन्य विशिष्ट अतिथिगणों ने भाग लेकर साहित्यकारों को सम्मानित कर गौरवन्वित किया। आपको बता दे कि डॉ ताहिर पठान इससे पूर्व महात्मा गाँधी हिंदी विकास परिषद, पुणे (महाराष्ट्र) द्वारा भी वर्ष 2022 में 'भाषा विशारद' व 2019 में 'आदर्श भाषा शिक्षक' के सम्मान से भी नवाज़े जा चुके हैं। डॉ. ताहिर पठान की इस उपलब्धि के लिए शहर के विभिन्न विद्यालयों के संचालकों, अध्यापकों, साहित्यकारों व गणमान्य जनों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# मिशन ग्रीन पीलीबंगा की मुहिम के तहत पौधे लगाए




तेज. रिपोर्टर | पीलीबंगा

मिशन ग्रीन पीलीबंगा ने पंजाब एंड सिंध बैंक के सहयोग से पौधरोपण करते हुए बैंक के प्रत्येक अधिकारी को इस सीजन में एक पौधा अवश्य लगाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही बैंक ने संस्था को आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया। संस्था अध्यक्ष ओमवीर राघव व सचिव नितेश गर्ग के नेतृत्व में कस्बे के प्रत्येक मार्ग को हरा-भरा करने के अपने मिशन के तहत इस भयंकर गर्मी के मौसम में प्रतिदिन टैंकरों से पौधों को पानी देने में जुटे हुए हैं। प्रशासनिक अधिकारियों ने भी मिशन ग्रीन के कार्यों की सराहना कर उन्हें अपनी तरफ से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया है।

# पंचायत समिति में हुई जनसुनवाई

तेज. रिपोर्टर | पीलीबंगा

जिला स्तरीय जनसुनवाई में गुरुवार को पंचायत समिति सभागार में एसडीएम अमिता बिश्नोई सहित ब्लॉक के कर्मचारियों अधिकारियों ने वर्चुअल माध्यम से भाग लिया। इसके अलावा एसडीएम के मार्गदर्शन में ब्लॉक स्तरीय कर्मचारियों अधिकारियों ने ग्रामीण एवं शहरी अंचलों से अपनी समस्याएं लेकर आने वाले आवेदकों की समस्याओं को सुना।आवेदकों द्वारा बताई गई समस्याओं के संबंध में उपस्थित अधिकारियों को यथाशीघ्र समस्याओं के निराकरण के निर्देश मौके पर दिये गये। इस जनसुनवाई में प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, रसद, राजस्व, स्वास्थ्य विभाग सहित आमजन के कल्याण के लिए चल रही योजनाओं के बारे में बताया गया। जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक शिकायत अथवा समस्या की रसीद देकर प्रत्येक परिवाद को दर्ज किया गया। परिवादियों की जनसुनवाई करते हुए उनके अभाव अभियोग और शिकायतों के निस्तारण के अलावा समस्त प्राप्त शिकायतों को पोर्टल पर भी दर्ज करने के निर्देश दिए।नायब तहसीलदार जसवंत सिंह ने बताया कि इसके अलावा जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों को व्यवस्थित रूप से दर्ज करने, आवेदक को रसीद देने, प्राप्त परिवादों को तीन दिन में संपर्क पोर्टल पर दर्ज करने का प्रावधान है। जनसुनवाई में ब्लॉक स्तरीय कर्मचारी अधिकारी मौजूद रहे।

## भामाशाह गोदारा द्वारा 51 हजार का सहयोग

**तेज. थालड़का।** गांव भगवान के नखत बन्ना व ब्रह्मणी माता धाम भगवान गुरुवार को भामाशाह समाजसेवी लक्ष्मी नारायण गोदारा (संभाग अध्यक्ष बीकानेर) वरिष्ठ उपाध्यक्ष नखत बन्ना व ब्रह्माणी माता धाम भगवान (देईदास) धाम विश्व हिन्दू जागरण अभियान फाउंडेशन पर पहुंचे ब्रह्माणी माता मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा व चंडी महायज्ञ एवं भजन संध्या के लिए 51 हजार रुपया भेट किया । इस मौके पर भामाशा समाज सेवी लक्ष्मीनारायण गोदारा ने कहा कि जो ब्राह्मणी माता एवं नखत बन्ना धाम पर 14 जुलाई से 17 जुलाई तक धार्मिक कार्यक्रम हो रहा है। यह बहुत अच्छा कार्यक्रम है गांव में धार्मिक कार्यक्रम होने चाहिए। धार्मिक कार्यक्रम में सभी का सहयोग होना जरूरी है। और अंतराष्ट्रीय धर्मगुरु श्री महंत सुमेर गिरी महाराज जी विश्व हिन्दू जागरण अभियान अंतराष्ट्रीय संस्था का आशीर्वाद लिया।

# पीएचसी बड़ोपल में हुआ 9 जनों का नसबंदी ऑपरेशन

तेज. रिपोर्टर | पीलीबंगा



ब्लॉक के पीएचसी बड़ोपल में गुरुवार को नसबंदी कैंप लगा। बीसीएमओ सर्जन डॉ. मनोज अरोड़ा ने 8 महिलाओं की एलएस पद्धति एवं एक पुरुष की एनएसवी पद्धति से नसबंदी कर परिवार नियोजन में इसे कारगर उपाय बताया। डॉ. विकास कुमार ने ऑपरेशन करने वाले मरीजों के स्वास्थ्य की नियमित जांच कर उचित परामर्श दिया। कैंप में ऊग्रसेन, साजिया सिस्टर, ब्रह्मदेव, धर्मपाल आदि ने सेवाएं दी। स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने मरीजों की काउंसलिंग कर ऑपरेशन उपरांत रखी जाने वाली सावधानियां एवं नसबंदी प्रमाण पत्र प्राप्त करने की जानकारी दी।

# योग दिवस पर पब्लिक पार्क में होगा ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम

तेज. रिपोर्टर | पीलीबंगा

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम शुक्रवार प्रातः 6 बजे पब्लिक पार्क में होगा। नोडल प्रभारी एवं आयुर्वेदाचार्य डॉ. डीसी सरस्वा ने बताया कि एसडीएम अमिता बिश्नोई सहित ब्लॉक के कर्मचारियों/अधिकारियों के अलावा छात्र छात्राओं एवं कस्बे वासियों द्वारा योग कार्यक्रम में भाग लिया जाएगा। प्रतिभागियों को व्यापार मंडल द्वारा छाछ का भी वितरण होगा। वहीं नेहरू युवा मंडल भागसर द्वारा योग रखे निरोग कार्यक्रम रखा गया है। अध्यक्ष भीमसैन पटीर ने बताया कि राउमावि में विभिन्न प्रकार के आसन, प्राणायाम व अन्य शारीरिक गतिविधियां कराई जाएंगी। संस्था मिशन ग्रीन द्वारा कस्बे वासियों को योग दिवस पर पौधे भी बांटे जाएंगे। संस्था अध्यक्ष ओमवीर सिंह राघव एवं सचिव नितेश गर्ग ने बताया कि इस दौरान आमजन को पेड़ों से होने वाले लाभ बताते हुए सार्वजनिक स्थलों पर अधिकाधिक पौधरोपण और उनकी सार संभाल के लिए प्रेरित भी किया जाएगा। वहीं योग दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज आश्रम में भी योग से जीवन रहे निरोग कार्यक्रम प्रातः 5.30 बजे एवं श्री अरोड़वंश सभा/महिला मंडल द्वारा धर्मशाला में योग जीवन का आधार कार्यक्रम रखा गया है।

# समाधान शिविर में आए सभी जन को पिलाया गया मीठा पानी

तेज. ऐलनाबाद | रमेश भार्गव

जिस प्रकार से समाधान शिविर में मौके पर ही या एक-दो दिन बाद लोगों की समस्या का समाधान हो रहा है। इससे समाधान शिविर समस्याओं के निदान की गारंटी बन रहा है। वीरवार को भी समाधान शिविर लगाकर उपायुक्त आर.के सिंह ने आमजन की समस्याओं को सुना और समाधान के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। शिविर में 119 शिकायतें आई, जिनमें से उपायुक्त ने कई का मौके पर ही निदान कर दिया, जबकि अन्य समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आदेश दिया।

## आमजन की समस्या को गंभीरता से सुन किया जा रहा समाधानः उपायुक्त

उपायुक्त आर.के सिंह ने कहा कि जिला में मंडल व जिला स्तर पर समाधान शिविर लगाया जा रहा है। शिविर में आए हुए हर व्यक्ति की समस्या को पूरी गंभीरता से सुनकर उसका समाधान किया जा रहा है। कई समस्या ऐसी होती हैं, जिनका मौके पर ही समाधान कर दिया जाता है। जिनका मौके पर नहीं होता, उनका एक या दो दिन में समाधान कर संबंधित व्यक्ति को सूचित किया जाता है। समाधान शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त डा. विवेक भारती, पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण, एसडीएम राजेंद्र कुमार, डीएमसी सुरेंद्र सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। समाधान शिविर में जिला अध्यक्ष निताशा सिहाग भी उपस्थित रही।

**अलग फैमली आईडी बनवाने व पता बदलवाने की समस्या का मौके पर हुआ समाधानः** वीरवार को समाधान शिविर में एक लडकी अपनी अलग फैमली आई बनवाने की समस्या को लेकर पहुंची। उनका कहना था कि मेरा अपने पति से तलाक हो चुका है। अलग फैमली आईडी ना होने के चलते उनको कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उपायुक्त के समक्ष उन्होंने अपनी समस्या को रखा। मौके पर ही उपायुक्त के निर्देशानुसार उनकी अलग फैमली आईडी बनवा दी गई। इसी प्रकार बुढाबाणा के सतपाल का भी फैमली आईडी में गलत पता होने की समस्या थी। इससे उनको भी परेशानी हो रही थी। समाधान शिविर में सतपाल ने अपनी समस्या को रखा और उपायुक्त ने मौके पर ही समस्या का समाधान करवाया।

**उपायुक्त ने समाधान शिविर में आए लोगों को पिलाया मीठा पानीः** समाधान शिविर में लोगों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए बैठने, पेयजल आदि की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही पंखे व कूलर लगाकर गर्मी से बचाव की व्यवस्था भी की गई है। इसी कड़ी में वीरवार को समाधान शिविर में उपायुक्त के आदेशानुसार सभी को मीठा पानी पिलवाया गया। आमजन के लिए समाधान शिविर में पानी के मटके व कैंपर रखवाए गए हैं, ताकि पेयजल को लेकर कोई असुविधा ना हो।

**वीरवार को आई 119 समस्याएंः** उपायुक्त आर.के. सिंह द्वारा वीरवार को अपने कार्यालय कक्ष में लगाए गए समाधान शिविर में 119 समस्याएं आई, इनमें से एमआई काडा की सबसे अधिक 30 समस्याएं थी। इसी प्रकार परिवार पहचान पत्र 24, पुलिस विभाग से संबंधित 10, डीएमसी की 7 सहित अन्य समस्याएं विभिन्न विभागों से संबंधित थी। उपायुक्त सभी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द निवारण करने के निर्देश दिए।

# संयुक्त निदेशक डॉ. देवेन्द्र चौधरी ने किया चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण

## सीएचसी संगरिया, सीएचसी टिब्बी, उपजिला अस्पताल नोहर, टोपरिया पीएचसी एवं भोमपुरा पीएचसी का किया निरीक्षण

» नियमित टीकाकरण एवं उपकरणों के संचालन की समीक्षा के लिए नियुक्त प्रभारी अधिकारी डॉ. देवेन्द्र चौधरी ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा, एमसीएचएन सैशन की भी की जांच

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



नियमित टीकाकरण एवं उपकरणों के संचालन के क्रियाशीलता की स्थिति के संबंध में समीक्षा के लिए बीकानेर जोन, बीकानेर के संयुक्त निदेशक डॉ. देवेन्द्र चौधरी ने आज सीएचसी संगरिया एवं सीएचसी टिब्बी का औचक निरीक्षण किया। डॉ. चौधरी सीएचसी संगरिया, सीएचसी टिब्बी, उपजिला अस्पताल नोहर, टोपरिया पीएचसी एवं भोमपुरा पीएचसी की समस्त व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं दिशा-निर्देश प्रदान किए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि नियमित टीकाकरण एवं उपकरणों के संचालन के क्रियाशीलता की स्थिति के संबंध में समीक्षा के लिए हनुमानगढ़ जिले के प्रभारी अधिकारी डॉ. देवेन्द्र चौधरी ने आज सीएचसी संगरिया, सीएचसी टिब्बी, उपजिला अस्पताल नोहर, टोपरिया पीएचसी एवं भोमपुरा पीएचसी का निरीक्षण किया। डॉ. देवेन्द्र चौधरी ने सीएचसी संगरिया में एमसीएचएन सैशन की जांच की। वहां उपस्थित नर्सिंगकर्मी से गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को लगाए जाने वाले टीकाकरण के बारे में जानकारी ली। उन्होंने लेबर रूम, एनसीडी रूम, ऑक्सीजन प्लांट, हरित वन उपवन सहित सीएचसी कैम्पस का निरीक्षण किया। सीएचसी में उपस्थित डाटा एंट्री ऑपरेटर्स से मरीजों को दी जाने वाली सेवाओं के बारे में खण्ड संगरिया की प्रगति के बारे में जानकारी ली। उनके साथ बीसीएमओ डॉ. रवि खीचड़, सीएचसी इंचार्ज डॉ. अरविंद शर्मा, स्वास्थ्यकर्मी रामस्वरुप, लखविन्द्र कौर आदि उपस्थित रहे। इसके उपरांत उन्होंने सीएचसी टिब्बी कैम्पस, वाहन पार्किंग, वार्ड, ओपीडी, दवा केन्द्र आदि का निरीक्षण कर स्वास्थ्यकर्मियों से आमजन को दी जाने वाली सेवाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कैम्पस में पीने का पानी, पंखे, कूलरों आदि की स्थिति के बारे में भी जानकारी ली। वार्ड में मरीजों से चर्चा कर मिल रहे चिकित्सा लाभ के बारे में जानकारी हासिल की। समस्त व्यस्थाओं से संतुष्ट डॉ. चौधरी ने सीएचसी इंचार्ज डॉ. मांगीलाल छीम्पा की सराहना की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में बेहतरीन कार्य कर रहे कार्मिक भुवनेश चौधरी की भी सराहना की। इसके उपरांत उन्होंने टोपरिया पीएचसी, भोमपुरा पीएचसी एवं उपजिला अस्पताल नोहर में व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं डॉक्टरों के साथ बैठक कर दिशा-निर्देश प्रदान किए।

# सुरेश बिश्नोई हैं सच्चे अर्थों में जनसंपर्क अधिकारी: तरुण विजय




» बेबी हैप्पी मॉडर्न पीजी कॉलेज में पीआरओ सुरेश बिश्नोई का नागरिक अभिनंदन

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

स्वामी केशवानंद कृषि विश्वविद्यालय के सूचना एवं जन संपर्क अधिकारी सुरेश बिश्नोई का हनुमानगढ़ पहुंचने पर बेबी हैप्पी मॉडर्न पीजी कॉलेज में नागरिक अभिनंदन किया गया। इसमें विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि व पत्रकार शामिल हुए। बेबी हैप्पी मॉडर्न पीजी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी के डायरेक्टर तरुण विजय ने हनुमानगढ़ पीआरओ रहते सुरेश बिश्नोई की कार्यशैली की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सुरेश बिश्नोई सच्चे अर्थों में जन संपर्क अधिकारी हैं जिनका आम जन से संपर्क रहता है। वे प्रशासन तक आम जनता की भावना पहुंचाने में सफल रहे। राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से आम जन को लाभान्वित करवाने में सफल रहे। बेबी हैप्पी एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन आशीष विजय ने कहा कि अधिकारी कुछ समय के लिए आते हैं, अपना दायित्व निर्वहन करते हैं लेकिन कुछ अधिकारी ऐसे होते हैं जो आम जन के दिलों पर अपनी व्यवहार कुशलता की छाप छोड़ते हैं। सुरेश बिश्नोई भी विरले अधिकारी हैं। पत्रकारों व विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी पीआरओ सुरेश बिश्नोई की कार्यकुशलता को उत्कृष्ट बताया और कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान सुरेश बिश्नोई ने पत्रकारों और प्रशासन के बीच कड़ी का काम किया। पत्रकार हितों को लेकर सदैव तत्पर रहे। इसलिए सभी पत्रकारों के चहेते रहे हैं। अब कृषि विश्वविद्यालय में पदस्थापित होने पर वे विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। इस मौके पर कॉलेज के प्रशासक परमानंद सैनी, वाइस चेयरमैन रौनक विजय, प्राचार्य डॉ. विशाल पारीक, उप प्राचार्य डॉ. मनोज शर्मा, मानव उत्थान सेवा समिति के अध्यक्ष लाधूसिंह भाटी, डेजर्ट रेडर्स क्लब के केपी सिंह, मांगीलाल भारी, राजेंद्र राठौड़, शिक्षाविद् गोपाल शर्मा, डॉ. केन्द्रप्रताप कौशिक, रामनिवास मांडण, भारतेंदु सैनी, वरिष्ठ पत्रकार गोपाल झा, अदरीस खान, पुरुषोत्तम झा, राकेश सहारण, राजू रामगढ़िया, कपिल शर्मा, अनुराग थरेजा, राजेश अग्रवाल और हिमांशु मिड्ढा आदि मौजूद थे।

# रेलवे अधिकारियों से ग्रामीण समस्या समाधान करवाने का किया आग्रह

» उ.प रेलवे एडीएन हनुमानगढ़ ने दिया आश्वासन

» श्मशान भूमि में प्रवेश एवं एक नम्बर प्लेटफार्म से दो नंम्बर प्लेटफार्म पर फुट ओवर ब्रिज का शीघ्र हो निर्माण

तेज | रिपोर्टर. डबलीराठान



ग्रामीणों का एक शिष्ट मंडल गुरुवार को उ. प. रेलवे हनुमानगढ़ एडीएन कार्यालय में एडीएन विक्रम सिंह बड़गुजर से मिला ओर रेलवे स्टेशन के समीप स्थित श्मशान भूमि में प्रवेश के लिए हो रही परेशानियों को विस्तार से बताया गया। कंधों पर अर्थी लेकर चार रेलवे लाइनों के उपर से गुजरने के अलावा अन्य कोई विकल्प नहीं होने पर समस्या समाधान करवाने की गुहार लगा ज्ञापन भी दिया गया। इसी के साथ साथ रेलवे स्टेशन पर नव निर्मित द्वितीय प्लेटफार्म का निर्माण पूरा होने पर इसे शुरु करवाने तथा फुट ओवर ब्रिज के अभाव में रेल गाड़ी के क्रासिंग के समय यात्रियों को होने वाली भारी असुविधाओं को दूर करवाने का निवेदन किया कि जब तक फुट ओवर ब्रिज नहीं बनता तब इसका लाभ नहीं मिलने पर यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ेगी जो खतरे की घंटी है। एडीएन को समस्याओं के समाधान करवाने का ज्ञापन भी दिया गया। इस अवसर पर रेलवे एडीएन द्वारा ज्ञापन लेकर पूरी समस्याओं को गोर से सुना ओर बताया कि एक नम्बर प्लेटफार्म से द्वितीय प्लेटफार्म का श्मशान भूमि की तरफ मिलान तो करवा दिया जायेगा। लेकिन रेलवे लाइनों को पार करना बहुत ही खतरा बना रहने के कारण हमें मिलकर श्मशान भूमि में प्रवेश के लिए कोई स्थाई विकल्प ढूढ़ना होगा। प्लेटफार्म पर फुट ओवर ब्रिज के लिए द्वितीय प्लेटफार्म पर भूमि की आ रही कमी को दूर किया जाना भी जरुरी है इसके बिना फुट ओवर ब्रिज का निर्माण संभव नहीं है। चर्चा के दौरान दो तीन विकल्पों पर गोर किया गया तो शिष्ट मंडल ने एडीएन को पूर्व की भांति हर संभव सहयोग करने का विश्वास दिलाया। ग्रामीणों के आग्रह पर एडीएन द्वारा रेलवे स्टेशन एवं श्मशान भूमि प्रवेश द्वार का मोका मुआयना शीघ्र करने का आश्वासन देते हुए कहा कि जब भी डबलीराठान आगमन होगा इसकी सूचना दे दी जायेगी। शिष्ट मंडल में रेलवे विकास समिति संयोजक लेख राज गिरधर, महासचिव जगजीत सिंह सुमल, कल्याण भूमि सेवा समिति अध्यक्ष बलदेव राज रजूला, समाजिक कार्यकर्ता राजेन्द्र गुम्बर शामिल थे।

# ट्रस्ट को उपलब्ध करवाई गेहूं व अन्य खाद्य सामग्री



तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

टाउन के राजकीय जिला चिकित्सालय के नजदीक संत सज्जन चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से चिकित्सालय में आने वाले मरीजों व उनके परिजनों के लिए निःशुल्क रोटी सेवा चल रही है। गुरुवार को धानका तोला यूनियन हनुमानगढ़ टाउन, पीलीबंगा व पदमपुर की ओर से 62 क्विंटल गेहूं संस्था को दान दी गई। इसके अलावा सरसों का तेल, दालें, मसाला सहित अन्य सामग्री भी उपलब्ध करवाई गई। संस्था कोषाध्यक्ष हरपाल सिंह ने बताया ट्रस्ट की ओर से लगातार पिछले सात वर्षों से मरीजों व उनके परिजनों के लिए निःशुल्क रोटी सेवा की जा रही है। जरूरतमंद लोगों को दोनों समय सुबह-शाम रोटी खिलाई जाती है,। यह कार्य जन सहयोग से हो रहा है। इस मौके पर विजेंद्र कुमार, हरपाल सिंह, पवन गर्ग, राजकुमार बंसल, सीताराम, हेमंत शर्मा, महेंद्र सिंह, प्रेम कुमार, रोहित शर्मा, नीरज गर्ग, किशनलाल, विजय खन्ना, सुभाष डाबला, श्यामलाल, विनोद डाबला, बाबूलाल, लालचंद सोलंकी, मोहनलाल, राजकुमार किराड़, राजकुमार सिवान, श्यामलाल नागर, बिट्टू मावर आदि मौजूद रहे।

## मेला देखने आए शख्स की बाइक चोरी

**हनुमानगढ़।** जंक्शन में टाउन रोड पर चल रहा मेला देखने रात्रि को आए शहर के एक व्यक्ति की बाइक चोरी हो गई। बाइक मालिक की रिपोर्ट के आधार पर जंक्शन पुलिस थाना में अज्ञात जने के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार विजय कुमार (54) पुत्र उत्तम चन्द अरोड़ा निवासी वार्ड 10, सैक्टर नम्बर 12, जंक्शन ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि वह 17 जून की रात्रि करीब 8 बजे बेनीवाल हॉस्पिटल के पास मेला देखने गया था। अपनी बाइक नम्बर आरजे 31 एसई 8703 धींगड़ा ऑटो पार्ट्स के सामने लॉक लगाकर खड़ी कर दी। करीब 9 बजे मेला देखकर वापस आया तो बाइक गायब थी। उसने अपनी बाइक की काफी तलाश, खोजबीन व पूछताछ की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी बाइक चोरी कर ले गया। बाइक के टूल में मूल आरसी रखी हुई थी जो बाइक के साथ ही चोरी हो गई। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश हैड कांस्टेबल लायक सिंह को सौंपी है।

## चलती ट्रेन से गिरने के कारण युवक की मौत

**हनुमानगढ़।** जिले में एक युवक की चलती ट्रेन से गिरने के कारण मृत्यु हो गई। हनुमानगढ़ सदर थाना पुलिस के मुताबिक यह दुर्घटना गांव मसरूवाला के रेलवे स्टेशन से कुछ ही दूरी पर मंगलवार को घटित हुई। मृतक की पहचान मोहनलाल शर्मा निवासी गली नंबर 2 रामपुरा बस्ती लालगढ़, बीकानेर के रूप में हुई है। गोपीचंद शर्मा निवासी रामपुर बस्ती ने पुलिस को रिपोर्ट देते बताया कि उसका छोटा भाई मोहनलाल लालगढ़ से अंबाला जाने वाली रेलगाड़ी में सवार हुआ था। वह मसरूवाला के पास चलती ट्रेन से गिर गया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाश परिवार जनों के सुपुर्द कर दी।

## किशोरी ने नहर में कूद कर आत्महत्या की

**हनुमानगढ़।** जिले में पीलीबंगा थाना क्षेत्र में 16 वर्षीय एक किशोरी ने अज्ञात कारणों से नहर में कूद कर आत्महत्या कर ली। पीलीबंगा पुलिस के मुताबिक मृतक किशोरी संध्या चोयल (16) निवासी चोहिलांवाली थाना टाउन की लाश सूरतगढ़ ब्रांच नहर में कल बुधवार को बरामद हुई। उसके एक परिजन जलाराम जाट (40)द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर फिलहाल पुलिस ने मार्ग रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस के अनुसार यह किशोरी एक दिन पहले घर से गायब हो गई थी। परिवार वाले उसकी तलाश कर रहे थे। बाद में उसके नहर में कूद जाने का पता चला। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाश परिवार वालों को सौंप दी है। पुलिस आत्महत्या के करण का पता लग रही है।

# निःशुल्क-त्वरित न्याय लोक अदालत का सबसे बड़ा गुण

## राष्ट्रीय लोक अदालत एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



13 जुलाई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल संचालन के लिए राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर की ओर से प्रेषित स्टेट एक्शन प्लान की पालना एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) तनवीर चौधरी के निर्देशानुसार गुरुवार को जिला न्यायालय प्रांगण स्थित एडीआर भवन में डोर-स्टेप काउंसलिंग कम मेगा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) शिवचरण मीना ने डोर स्टेप काउंसलिंग व राष्ट्रीय लोक अदालत में रखे जाने वाले प्रकरणों की प्रकृति आदि के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि लोक अदालतों का सबसे बड़ा गुण निःशुल्क तथा त्वरित न्याय है। ये विवादों के निपटारे का वैकल्पिक माध्यम है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि देश का कोई भी नागरिक आर्थिक या किसी अन्य अक्षमता के कारण न्याय पाने से वंचित न रह जाए। लोक अदालत में मामले को बातचीत के जरिए सफाई से हल कर लिया जाता है। मुआवजा और हर्जाना तुरन्त मिल जाता है। मामले का निपटारा तुरन्त हो जाता है। डोर स्टेप काउंसलिंग में न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों को चिन्हित कर पक्षकारों के मध्य समझाइश करवाई जाती है। लोक अदालत त्वरित और सस्ते न्याय के लिए वैकल्पिक समाधान या युक्ति प्रदान करती है। डोर स्टेप काउंसलिंग में मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारियों की ओर से विभिन्न योजनाओं के तहत लाभों का वितरण मौके पर करवाया गया। सभी विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। डोर स्टेप काउंसलिंग में पैनल अधिवक्ता अलंकार सिंह व नरेन्द्र वर्मा ने राष्ट्रीय लोक अदालत में उनके विभागों के न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों को राजीनामा से निस्तारित करवाने व राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने की अपील की।

# जनता ने दिया प्रजातंत्र को कुचलने वाली ताकतों को मुंहतोड़ जवाब: राहुल कस्वां

» कस्वां का सांसद बनने के बाद पहली बार नोहर पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत

तेज | रिपोर्टर. नोहर






लोकसभा चुनावों में चूरू लोकसभा क्षेत्र की जनता ने प्रजातंत्र का गला घोटने का प्रयास करने वालों करारा जबाव दिया है। जनता जर्नादन द्वारा दिया गया जबाव कई पीढ़ियों तक याद किया जाएगा। यह चुनाव प्रजातंत्र को जिंदा रखने का चुनाव था। जिसमें जनता ने वोट की चोट से जबाव दिया है। यह बात चूरू सांसद राहुल कस्वां ने गुरूवार को यहां रामा मैरिज पैलेस में आयोजित अभिनंदन समारोह में कही। सांसद बनने के बाद पहली बार नोहर आये राहुल कस्वां का कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। रामा मैरिज पैलेस में आयोजित अभिनंदन समारोह की अध्यक्षता कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र दादरी ने की। राहुल कस्वां ने एक बार फिर बिना राजेन्द्र राठौड़ का नाम लिये हुये उन पर निशाना साधते हुये कहा कि इन चुनावों में जनता ने काका कि खाज मिटाने का काम किया है। काका के घमंड व तानाशाही से उनकी पार्टी ने भी पूरे प्रदेश में खामियजा भूगता है। चूरू लोकसभा क्षेत्र से चली बदलाव की बयार का असर पूरे राजस्थान में देखने को मिला। लोकसभा चुनावों ने एक नया इतिहास बनाया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में किसी कि तानाशाही नही चलती। जनता का निर्णय सर्वोपरि होता है। कस्वां ने कहा कि चुनाव में जिन्होंने प्रजातंत्र की खूबसूरती को बिगाडने का काम किया जनता ने उनको आईना दिखा दिया है। इस मौके पर राहुल कस्वां ने कहा कि उनके परिवार ने सदैव बिना किसी जात-पात के विकास की राजनीति को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि जनता ने उन्हें जो प्यार व मान-सम्मान दिया है, उसका त्रृण विकास के रूप में उतारने का प्रयास करेगें। कस्वां ने कहा कि विकास के कार्यो को धीमा नही होने दिया जाएगा। पूरे लोकसभा क्षेत्र की समस्याओं को चरणबद्ध रूप से निराकरण करवाने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर विधायक अमित चाचाण ने कार्यकर्ताओं व समर्थकों का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि क्षेत्र की जनता की आवाज राहुल कस्वां के रूप में अब लोकसभा में गुंजेगी। आम आदमी की समस्याओं के समाधान के लिये सडक़ से लेकर संसद व विधानसभा में संघर्ष किया जाएगा। उन्होंने इस मौके पर राहुल कस्वां को नोहर फिडर व चूरू तक बनने वाले नेशनल हाइवे के अलावा अन्य समस्याओं के संबंध में भी बताया। पंचायत समिति प्रधान सोहन ढ़िल ने कहा कि जनता का फैसला सर्वोपरि होता है। चूरू लोकसभा चुनाव पर पूरे देश की नजरे टिकी थी। मगर जनता ने सच व ईमानदारी का साथ देने वाले के पक्ष में मतदान करके यह साबित कर दिया कि बंद कमरों में बैठकर तानाशाही पूर्वक लिये जाने वाले फैसले सहन नही किये जायेगें। नोहर विधानसभा क्षेत्र से माकपा प्रत्याशी रहे मंगेज चौधरी ने कहा कि इन चुनावों में क्षेत्र ही नही पूरे देश कि जनता ने भाजपा को उसका असली आईना दिखाया है। देश की जनता ने यह तय कर दिया कि अब झूठ व फरैब की राजनीति नही चलेगी। इस मौके पर पीसीसी सदस्य राजेन्द्र चाचाण, कृषि उपज मंडी के पूर्व अध्यक्ष बलवीर सुथार, कांग्रेसी नेता धर्मपाल गोदारा, देहात अध्यक्ष वेद सिहाग, पूर्व उप प्रधान रामकुमार स्वामी, उप जिला प्रमुख मुकेश सहारण, नगर पालिका उपाध्यक्ष रूस्तम चावली, महावीर सहारण, अनुज खदरिया सहित पार्टी के अनेक कार्यकर्ता, पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मंच संचालन मुकेश नायक ने किया। इसके अलावा विधायक निवास पर भी पीसीसी सदस्य राजेन्द्र चाचाण के नेतृत्व में सांसद राहुल कस्वां का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

## बिजली-पानी समस्या को लेकर दिया ज्ञापन

अभिनंदन समारोह के उपरांत सभी नेताओं द्वारा एडीएम व एसडीएम को बिजली-पानी की समस्या को लेकर ज्ञापन दिया गया। सांसद राहुल कस्वां, विधायक अमित चाचाण, प्रधान सोहन ढ़िल, माकपा नेता मंगेज चौधरी ने विधुत व पानी कि समस्या के समाधान के लिये दोनों विभागों के अधिकारियों की बैठक बुलाकर समस्या के निराकरण के संबंध में अहम निर्णय लेने की बात कही। विधायक अमित चाचाण ने बताया कि भाजपा केवल गहलोत सरकार के निर्णयों की समीक्षा करने में जुटी है। प्रदेश की जनता की समस्या से उन्हें कोई सरोकार नही है। आज तक आमजन के हित में एक भी निर्णय नही लिया गया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र की जनता बिजली-पानी कि समस्या से जुझ रही है।



स्वामी दैनिक तेज के लिए प्रकाशक व मुद्रक देवेन्द्र शर्मा द्वारा नजदीक भगत सिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन से प्रकाशित एवं शर्मा प्रिन्टिग प्रेस नजदीक भगत सिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन (राजस्थान) से मुद्रित। सम्पादक देवेन्द्र शर्मा। आरएनआई रजि. नं. 23549/71, पोस्टल रजि. न.गंगानगर/29/2024-2026, पोस्ट बॉक्स नं-26 फोन : 269443, 9414095543, फैक्स : 01552-268442